


जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Swedish Death Cleaning Away with the clutter** | 'You know they are good stuff. All they need is the right man and parts'. Have you heard that sentence before? | **Skip Bananas In Your Smoothie** | **Nailing The Art Right!** The best looks at the tips of your fingers.



*आयरलैंड में 200 साल में पहली बार ऑस्प्री पक्षी के एक जोड़े ने प्रजनन किया है। एक स्थानीय संरक्षण संगठन, अल्स्टर वाइल्डलाइफ ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस जोड़े ने उत्तरी आयरलैंड की फरमाना काउंटी में एक अज्ञात स्थान पर दो या तीन चूज़ों को जन्म दिया है। इस पक्षी परिवार के बारे में सबसे पहले अल्स्टर वाइल्डलाइफ के एडवाइज़र जाइल्स नाइट को पता लगा था। सन् 2021 में ऑस्प्री का यह जोड़ा यहां आया था तब से ही वो उस पर नजर रख रहे हैं। हाल ही में जब उन्होंने ऑस्प्री के चूज़े देखे तो उनकी खुशी की सीमा नहीं रही। उन्होंने कहा, ''यह ऐसा पल था जो जीवन में एक बार आता है। यह मेरे तीस साल के करियर का स्वर्णिम पल था, मानो लम्बे समय से खोया खजाना मिल गया हो। यह संरक्षण अभियान की शानदार सफलता है।'' रैप्टर की यह विशालकाय प्रजाति एन्टार्कटिका को छोड़ कर हरेक महाद्वीप में मिलती है। सफेद और भूरे रंग के इन पक्षियों का मुख्य भोजन मछली है इसलिए ये जलाशयों के आसपास ही रहते हैं। जीवन भर के लिए जोड़ा बनाने वाले ये पक्षी हर वर्ष एक ही जगह घोंसला बनाते हैं। विश्वस्तर पर इन्हें कम चिंताजनक (लीस्ट कंसर्न) वर्ग में रखा गया है, पर यू.के. में ये एम्बर लिस्ट में हैं, अर्थात् संरक्षण का स्तर ''मॉडरेट कन्सर्न'' है। तथापि, आयरलैंड में ये विलुप्ति के कगार पर हैं क्योंकि, 18 वीं सदी के अंत में इन्हें सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया गया था। आयरलैंड में आखिरी बार 1779 में ऑस्प्री का घोंसला देखा गया था। हालांकि, प्रवास के दौरान यदाकदा यहाँ ऑस्प्री विश्राम के लिए आया करते थे, पर प्रजनन करने के लिए नहीं। आयरलैंड के नैशनल पार्क्स एण्ड वाइल्डलाइफ सर्विस ने इसी वर्ष गर्मी में ऑस्प्री रीइन्ट्रोडक्शन कार्यक्रम शुरु किया है, जिसके तहत पांच साल में नॉर्वे से 50 से 70 ऑस्प्री चूज़े यहां लाए जाएंगे। वर्तमान में ऑस्प्री के जिस जोड़े ने प्रजनन किया है वह रीइन्ट्रोडक्शन प्रोग्राम की देन नहीं है, बल्कि यह जोड़ा खुद लौटा है। आयरलैंड में ऑस्प्री का पुराना इतिहास है, यहाँ कई जगहों के नाम भी ऑस्प्री के नाम पर रखे गए हैं।*

# 'सनातन धर्म का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए'

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या करोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें इसे मिटाना है, ऐसे ही हमें सनातन को मिटाना है

- **उदयनिधि स्टालिन ने तमिलनाडु में सनातन धर्म को समाप्त करने के मुद्दे पर आयोजित की गई सभा में कहा, सनातन नाम संस्कृत से आया है और कहा कि इसका का मतलब स्थिर और अपरिवर्तनीय होता है, सब कुछ बदलना होगा।**
- **उदयनिधि स्टालिन ने कहा, मैं इसे आज, कल और हमेशा कहूंगा, द्रविड़ भूमि से सनातन धर्म को रोकने का हमारा संकल्प थोड़ा भी कम नहीं होगा।**

चेन्नई, 3 सितम्बर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने सनातन धर्म को मलेरिया और डेंगू की तरह बताते हुए कहा है कि इसका विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

सनातन धर्म को खत्म के लिए आयोजित किए गए एक सम्मेलन में बोलते हुए, उदयनिधि ने कहा, मुझे विशेष संबोधन देने का अवसर देने के लिए मैं इस सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। आपने सम्मेलन का नाम सनातन विरोधी सम्मेलन के बजाय सनातन उन्मूलन सम्मेलन रखा है, मैं इसकी सराहना करता हूं।

तमिलनाडु के मंत्री ने आगे कहा कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म ही कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें इसे मिटाना है, ऐसे ही हमें सनातन को मिटाना है, बल्कि सनातन का विरोध कर उसे खत्म करना चाहिए। सनातन नाम संस्कृत से है। यह सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, सनातन नाम संस्कृत से आया है और कहा कि इसका का मतलब स्थिर और अपरिवर्तनीय होता है। सब कुछ बदलना होगा। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर मंत्री ने कहा कि वह किसी भी कानूनी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हम इस तरह की सामान्य भगवा धमकियों से नहीं डरेंगे। हम, पेरियार, अन्ना और कलैग्नार के अनुयायी सामाजिक न्याय को बनाए रखने और एक समतावादी समाज की स्थापना के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। मैं इसे आज, कल और हमेशा कहूंगा, द्रविड़ भूमि से सनातन धर्म को रोकने का हमारा संकल्प थोड़ा भी कम नहीं होगा।

वहीं, नीट परीक्षा के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, हम अपने बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए कई तरह के विचार और योजनाएं लेकर आ रहे हैं। लेकिन फासीवादी शासक वर्ग हमारे बच्चों को पढ़ाई से दूर रखने के तरीके ढूंढ रहे हैं।

उन्होंने सनातन के इस सिद्धांत की भी आलोचना की कि निम्न वर्ग के लोगों को नहीं पढ़ना चाहिए। उन्होंने सनातन के गुलाम के रूप में पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक शासन की आलोचना की। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने आलोचना की कि एआईएडीएमके अन्ना के नाम पर नहीं बल्कि अमित शाह के नाम पर है।

मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक से उत्पन्न हुये जोश और उमंग के बीच आये उदयनिधि स्टालिन के बयान से विपक्षी गठबंधन को इन हिन्दुत्व विरोधी बयानों के काफी हद तक नुकसान पहुंचने की संभावना है। उदयनिधि के इस बयान ने भाजपा नेताओं को समूचे विपक्ष को हिन्दुत्व विरोधी दिखाने का मौका दे दिया है।

# जिन सीटों पर पार्टी कमजोर है, वहां कांग्रेस पर्यवेक्षक खास ध्यान देंगे

## वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री ने कांग्रेस के 25 पर्यवेक्षकों की बैठक ली और उन्हें विधानसभावार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये

- **मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि, ऑब्जर्वर का काम ओपिनियन लेना है, छानबीन करना है। सभी पर्यवेक्षक स्क्रीनिंग कमेटी को फीडबैक देंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के सामने जो चीजें आएंगी, उसकी भी पर्यवेक्षक छानबीन करेंगे, लेकिन उनका ज्यादातर काम संगठन का है और प्रचार का है।**

जयपुर, 3 सितम्बर (का.प्र.)। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से लोकसभावार लगाए गए पर्यवेक्षकों की बैठक वरिष्ठ पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री ने ली और अब तक किए गए दौरे और पार्टी के कामकाज को लेकर रिपोर्ट लेते हुए आगे के लिए निर्देश दिए।

बैठक के बाद मिस्त्री ने कहा कि, हमारे सभी पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाली विधानसभा सीटों का दौरा किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से लेकर कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की है। जिस-जिस ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है, उनका आवेदन पत्र लिया है। पर्यवेक्षकों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कामकाज के तरीके का भी एसेसमेंट किया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर रविवार की बैठक में चर्चा की गई है।

चुनाव से पहले प्रदेश में भाजपा के केंद्रीय नेताओं की लगातार बढ़ती सक्रियता के सवाल पर मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि, भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फेंकने की आदत है। कर्नाटक और बंगाल चुनाव से पहले वे बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, लेकिन वहां क्या परिणाम आया? पिछली बार गुजरात में 100 सीट भी नहीं आई थी, इसलिए उनके कहे पर आप मत जाइए। वो जो कहते हैं, उन्हें कहने दो। इस बार उनकी कोई नहीं सुनेगा।

मिस्त्री ने कहा कि, राजस्थान में लोकसभा क्षेत्र पर लगाए गए पर्यवेक्षकों को अब आगे जो भी काम करना है, उसे लेकर पी.सी.सी. से बात करके रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश के माहौल के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि, किसी को इस पर कोई शंका नहीं होनी चाहिए कि, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी और प्रदेश में एक नया इतिहास रचा जाएगा। इसी को लेकर आज बैठक में चर्चा की गई है।

उन्होंने कहा कि, ऑब्जर्वर का काम ओपिनियन लेना है, छानबीन करना है। सभी पर्यवेक्षक स्क्रीनिंग कमेटी को फीडबैक देंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के सामने जो चीजें आएंगी, उसकी भी पर्यवेक्षक छानबीन करेंगे, लेकिन उनका ज्यादातर काम संगठन का है और प्रचार का है। सरकार की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# सोनिया गांधी को बुखार, अस्पताल में भर्ती हुई

नयी दिल्ली, 3 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुखार के कारण यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी को हल्के बुखार की शिकायत हुई है और उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनका स्वास्थ्य

- **सोनिया गांधी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें गांधी को हल्के बुखार की शिकायत हुई है और उन्हें डॉक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती किया गया है।**

स्थिर बताया गया है और उनको देख रहे डॉक्टर बराबर उनके स्वास्थ्य पर नज़र रखे हुए हैं।

कांग्रेस संसदीय दल की नेता दो दिन पहले मुंबई में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को गंगापुर सिटी शहर में जाने से रोका

## भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरने पर बैठे, दो घंटे हंगामे के बाद यात्रा को शहर से गुजरने की मंजूरी मिली

- **पुलिस से काफी जहोद्दाद के बाद प्रशासन ने दी मंजूरी।**
- **भाजपा कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई।**

गंगापुर सिटी, 3 सितम्बर (निस)। त्रिनेत्र गणेश सवाईमाधोपुर से शुरु हुई भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा शनिवार देर रात गंगापुर सिटी पहुंची।

होटल पर्ल में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह 11 बजे करीब जैसे ही परिवर्तन यात्रा रवाना हुई । वैसे ही अलीगंज बाईपास से शहर की तरफ बढ़ रही यात्रा को सदर थाने के सामने पुलिस व प्रशासन ने रोक दिया। यात्रा मार्ग को लेकर पुलिस व भाजपाईयों में धक्का मुक्की हुई। यात्रा को शहर में नहीं घुसने देने पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता सदर के सामने मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस बीच भाजपाइयों और मौके पर मौजूद एस.टी.एफ., आर.ए.सी. पुलिस के जवानों से टकराव हो गया। भाजपाई रूट के हिसाब से इसी मार्ग से होकर यात्रा निकालने की मांग पर अड़ गए और एस.टी.एफ. और पुलिस के जवानों से उलझते दिखाई दिए। दो घंटे हंगामे के बाद यात्रा को शहर से गुजरने की मंजूरी मिली। यात्रा संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को मिले जन समर्थन से कांग्रेस सरकार घबरा रही है। लेकिन मैं प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत को ये बता दूं की ये तो अभी शुरूआत है । अभी तो प्रदेश के अन्य तीन स्थानों से भी परिवर्तन यात्रा निकलेगी और कांग्रेस पार्टी का हमेशा हमेशा के लिए सूपडा ही साफ हो जायेगा। परिवर्तन यात्रा भारी पुलिस लवाजमे के साथ शेड माता रोड, ट्रक यूनियन, कैलाश टाकीज, जामा मस्जिद, फब्बारा चौक चूंगी नाका होते हुए उदेई मोड़ सालोदा के रास्ते हिण्डौन ऑवरब्रिज होते हुए करौली के लिए प्रस्थान कर गई। परिवर्तन यात्रा में टोंक सवाईमाधोपुर सांसद सुखवीर सिंह जौनपुरिया, करौली धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया, जीतेन्द्र गोठवाल, पूर्व विधायक मान सिंह गुर्जर, सभापति शिवरत्न अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, संगीता बोहरा, मनोज कटारिया सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ओडिशा में बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत

भुवनेश्वर, 03 सितंबर (वार्ता) ओडिशा के 11 जिलों में शनिवार को बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हुए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय (एसआरसी) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी।

एसआरसी कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बिजली गिरने से खोरधा में चार, बोलांगीर में दो तथा अनुगुल, बौध, जगतसिंहपुर, गजपति, पुरी और ढेंकनाल जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां भारी बारिश के दौरान बिजली गिरी है।एसआरसी कार्यालय ने रविवार को बताया कि बोलांगीर में बिजली गिरने से आठ लोग घायल हो गए, खोरधा और अनुगुल में तीन-तीन, कटक व गंजम में एक-एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा गजपति में छह और कंधमाल में दो मवेशियों के मारे जाने की खबर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शोक संतप्त परिवार को 4-4 लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। एसआरसी कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि मवेशियों की मौत के मामले में स्वीकार्य सहायता दी जाएगी।

# सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं होने से ममता बनर्जी नाराज हुईं

## मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद ममता बनर्जी और भतीजे अभिषेक बनर्जी जॉइन्ट प्रैस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुये

- **इस सियासी मामले से परिचित लोगों ने कहा कि बैठक में ममता बनर्जी ने सुझाव दिया कि लोकसभा चुनावों के लिए एक घोषणापत्र जल्दी से तैयार किया जाए ताकि इसे लोगों तक पहुंचाया जा सके, लेकिन उनके प्रस्ताव को अन्य दलों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला।**

कोलकाता, 3 सितम्बर। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुंबई में हाल ही में संपन्न हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को शीघ्र अंतिम रूप देने का मुद्दा उठाया। इस मामले से परिचित नेताओं ने यह भी कहा कि वह सीट बंटवारे सहित कुछ अन्य मुद्दों पर धीमी रफ्तार पर नाराजगी भी व्यक्ती की। ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि विपक्षी गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। हालांकि, टीएमसी का कहना है कि पहले से तय एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों इसमें शामिल नहीं हुए।

इस सियासी मामले से परिचित लोगों ने कहा कि बैठक में ममता बनर्जी ने सुझाव दिया कि लोकसभा चुनावों के लिए एक घोषणापत्र जल्दी से तैयार किया जाए ताकि इसे लोगों तक पहुंचाया जा सके, लेकिन उनके प्रस्ताव को अन्य दलों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला। बाद में उन्होंने जोर देकर कहा कि एक छोटा एजेंडा तैयार किया जाए ताकि चुनाव अभियान 2 अक्टूबर को शुरू किया जा सके, जो महात्मा गांधी की जयंती है। एक नेता ने कहा कि टीएमसी यह भी चाहती है कि सीट बंटवारे पर भी जल्द बातचीत हो।

नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि 28 पार्टियों के गठबंधन में शामिल 15 से अधिक छोटे संगठनों को साथ रखने के लिए बड़ी पार्टियों के द्वारा चतुराई से काम लेना जरूरी होगा। उनमें से एक ने कहा, शीर्ष नेताओं ने समन्वय को अच्छी तरह से संभाला है। अब सुचारू कामकाज सुनिश्चित करना पैनल के सदस्यों पर निर्भर है।

आपको बता दें कि विपक्षी गठबंधन ने पांच पैनल बनाए हैं, जिनमें एक चुनाव अभियान समिति और एक सोशल मीडिया के लिए एक कार्य समूह शामिल है। नेताओं ने कहा कि उनके अगले सप्ताह से काम शुरू करने की संभावना है। सीटों पर बातचीत भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

नेताओं ने कहा कि विभिन्न राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर ध्यान देना होगा, क्योंकि 2024 के चुनाव में गठबंधन की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत के दो पहलू होंगे। पहला आम उम्मीदवारों की संख्या को अधिकतम करना और जितना संभव हो उतने राज्यों में मैत्रीपूर्ण मुकाबले से बचने की कोशिश।

पश्चिम बंगाल, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली सहित जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में इंडिया गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों के बीच गहन बातचीत हो सकती है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने कहा है कि वह सत्तारूढ़ टीएमसी के साथ गठबंधन नहीं कर सकती है।

दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन के बजाय अपने दम पर संसदीय चुनाव लड़ने का दबाव बना रही है। एक गैर-कांग्रेसी नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी पुणे से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

पुणे, 3 सितंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुणे निर्वाचन क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों से हर तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

- **भाजपा के पूर्व सांसद संजय काकड़े ने सीधे मोदी को पत्र लिखकर उनसे पुणे से लोकसभा चुनाव लड़ने की मांग की है। भाजपा सांसद गिरीश बापट की मृत्यु के बाद पुणे लोकसभा सीट खाली हो चुकी है।**

इन रिपोर्टों का शहर के राजनेताओं और उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सांसद गिरीश बापट की मृत्यु के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**संतोष का वृक्ष कड़वा है लेकिन इस पर लगने वाला फल मीठा होता है।**
**–स्वामी शिवानंद**

# चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है!

वैसे तो हमारे देश में नेताओं की मेहरबानी से हर समय ही चुनाव का–सा माहौल बना रहता है, अब जब वास्तव में चुनाव नज़दीक आ रहे हैं तो स्वाभाविक ही है कि नेताओं की गतिविधियां और उन गतिविधियों से हमारा प्रभावित होना बढ़ गया है। जैसे–जैसे चुनाव नज़दीक आते जाएंगे, यह प्रभाव गहराता जाएगा, और इसके बहुत सारे साइड इफेक्ट्स भी मह महसूस करने लगेंगे। एक समय था जब हमारे नेताओं में, और नागरिकों में भी, यह मर्यादा बोध था कि कहां राजनीति की बात करनी है और कहां नहीं करनी है। मसलन आधिकारिक सरकारी कार्यक्रमों में कोई नेता राजनीति की बात नहीं करता था। वह सरकार की, उसकी नीतियों की बात करता था। अगर कोई नेता किसी अकादमिक संस्थान में बुला भी लिया जाता था, शुरू–शुरू में तो उन्हें वहां मंचस्थ करने के लिए बुलाया ही नहीं जाता था, तो वह वहां वैदुष्य की और उस संस्थान विशेष के संदर्भ में प्रासंगिक बातों तक ही अपने वक्तव्य को सीमित रखता था। लोग भी बेशक राजनीति में दिलचस्पी रखते थे, उसमें यथा रुचि सहभागिता भी करते थे, लेकिन अपने निजी और पारिवारिक जीवन से वे उसे दूर रखते थे। एक ही परिवार में भिन्न–भिन्न राजनीतिक संलग्नता वाले लोग बहुत सद्भावनापूर्वक रहते थे, और यह बात कोई अपवाद नहीं थी। ऐसा भी नहीं है कि वे राजनीतिक मुद्दों पर संवाद नहीं करते थे। संवाद होता था लेकिन वह मुद्दों तक सीमित रहता था और उसमें कटुता की कोई जगह नहीं होती थी। साहित्य की दुनिया में भी वैचारिक भिन्नता खूब रही है। अनेक लेखकों की राजनीतिक संबद्धता भी जग ज़ाहिर रही है। लेकिन इस बात का कोई असर उनके महत्व पर या उनके पारस्परिक रिश्तों पर कभी नहीं पड़ा। एक मज़ेदार उदाहरण याद करता चलूं । भारत के स्वाधीनता संग्राम को लेकर भगवती चरण वर्मा ने एक उपन्यास लिखा जिसका शीर्षक था – **टेढ़े–मेढ़े रास्ते।** ये टेढ़े–मेढ़े रास्ते वे थे जिन पर चलकर आज़ादी के मुकाम तक पहुंचना था। रांगेय राघव भगवती चरण वर्मा के इस सोच से असहमत थे। और अपनी असहमति को उन्होंने एक उपन्यास लिखकर व्यक्त किया। उपन्यास का शीर्षक था – **सीधा–सादा रास्ता।** कहने की ज़रूरत नहीं कि वे आज़ादी तक पहुंचने का एक ही रास्ता मानते थे। लेकिन पारस्परिक कटुता की बजाय उन्होंने रचनात्मक रूप से अपनी बात कही। साहित्य की दुनिया से ऐसे अनेक उदाहरण याद किए जा सकते हैं। और अगर एक बार फिर से राजनीति की दुनिया में जाना उचित हो तो ऐसे कुछ उदाहरणों को भी याद कर लिया जाना चाहिए जहां एक राजनीतिक दल से संलग्नता वाले व्यक्ति ने किसी अन्य राजनीतिक दल से संबद्ध व्यक्ति को समुचित सम्मान दिया। ऐसे अनेक उदाहरण याद आ जाएंगे।

लेकिन क्या यह मान लिया जाए इस विवेक और सद्भावना का समय अब अतीत हो चुका है? पहले विवेक की बात की जाए। अब हमारे नेता गण इस बात की परवाह नहीं करते हैं और जहां भी उन्हें मौका मिलता है वे राजनीति की शतरंज की बिसात बिछा देते हैं और उस पर शह और मात का खेल खेलना शुरू कर देते हैं। अब उनके मन में विमत, असहमति या प्रमाण, तर्क व तथ्यों के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है। वे निहायत ही बेशर्मी से सच को नकारते और मिथ्या तथ्य व तर्क गढ़ते हैं। मुझे याद नहीं आता कि हाल के बरसों में किसी भी नेता ने अपने मिथ्या कथन के लिए क्षमा याचना की हो! उलटे उनके अंध प्रशंसक उनके झूठ को सच साबित करने के लिए ज़मीन आसमान एक करने लग जाते हैं। क्या ऐसा वे बिना अपने नेता की सहमति के करते होंगे? अब एक सोच यह बन गया है हम जो मान या कह या कर रहे हैं वही एकमात्र सत्य है और जो उसे नकारना तो दूर, उस पर कोई मुलायम–सा सवाल भी कर रहा है वह केवल और केवल हमारा शत्रु है। और शत्रु के साथ कैसा बर्ताव किया जाना चाहिए, इसे वे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। शत्रु को प्रोत्साहित नहीं किया जाता, उसे तो कुचला जाता है। और कुचलने के रोज़–रोज़ नए तरीके इज़ाद किए जाने लगे हैं। अगर कोई सत्ता में है तो उसके पास तो कुचलने के अनेक औज़ार–हथियार हैं ही, जो सत्ता में नहीं है वह भी यथासामर्थ्य अपने प्रतिपक्षी को ध्वस्त करने की जुगत भिड़ाता रहता है। चरित्र हनन, बातों को तोड़–मरोड़ कर पेश करना, उन्हें संदर्भ से काट कर प्रस्तुत करना, उपहास करना मीडिया में स्टोरीज़ प्लाण्ट करना जैसे अनेक औज़ार अब सुलभ हो गए हैं और इनका खुलकर उपयोग किया जाता है। दूर से देखकर लगता है कि जो भी राजनीति में हैं उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यह बात अलग है कि जो सत्ता में हैं उनके पास ज़्यादा संसाधन हैं और जो सत्ता में नहीं हैं उनके पास कम लेकिन सत्ता में आने की संभावनाओं के अनुपात में पर्याप्त संसाधन हैं। इधर जैसे–जैसे चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, इन संसाधनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। अलग–अलग दल रैलियां कर रहे हैं, दल ही नहीं, जातियां और समाज भी रैलियां कर रहे हैं और उन पर पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। जो दल सत्ता में हैं वे अखबारों पर मेहरबान हैं और भर–भरकर अपनी उपलब्धियों का बखान करने वाले विज्ञापनों की हम पाठकों पर बरसात कर रहे हैं। इन दलों की कृपा से अब मुझे अनेक दूरस्थ राज्यों में वहां की सरकारें अपने मतदाताओं पर क्या–क्या कृपा कर रही हैं, इसकी ज़रूरत से ज़्यादा जानकारी होने लगी है। यह जानकारी रोज़ बढ़ती ही जा रही है। शहर में निकलता हूं तो हर चौराहे, नुक्कड़ और खम्भे से मुझे नेताजी दर्शन देने लगते हैं। मैं सोचता हूं, और सोच–सोच कर दु:खी भी होता हूं कि यह जो दिल खोलकर प्रचार हो रहा है, बड़ी–बड़ी रैलियां हो रही हैं, इनका पैसा किसकी जेब से जा रहा है, या बाद में वसूल किया जाएगा!

**मैं तो आदर्श स्थिति यह मानता हूं कि आप अपनी बात कहें, मैं उसे सुनूं और जब मैं अपनी बात कहूं तो आप उसे सुनें। एक-दूसरे की बात सुनकर हम अपनी धारणाओं में बदलाव करने को भी तैयार रहें। अगर यह वैचारिक खुलापन हममें आ जाए, तो हम न केवल अपने प्रजातंत्र को मज़बूत करेंगे, अपने समाज को भी एक बेहतर आकृति दें सकेंगे।**

इन सबके साथ जो अधिक ख़तरनाक बात हुई है वह यह है कि हम अपनी राजनीतिक संलग्नता, अपने रुझान या अपने सोच को लेकर इतना अधिक असुरक्षित महसूस करने लगे हैं कि जैसे ही हमें लगता है कि कोई हमारे सोच से असहमत है, हम अपना आपा खोकर आक्रामक हो जाते हैं। बहुत बार तो बेचारा सामने वाला असहमत होता भी नहीं है, लेकिन हम अपना आपा खो कर उस पर हमलावर हो चुके होते हैं। इसकी एक परिणति यह हुई है कि हममें संवाद हीनता बढ़ती जा रही है। संवाद का मतलब ही होता है दो तरफा संवाद। अब सुरक्षा इसी में लगती है कि जो सामने वाला कह रहा है उसे आप स्वीकार कर लें। अगर आपने तनिक भी किंतु परंतु की तो हर तरह के अप्रिय और अशालीन हमलों के लिए तैयार रहें। अब आपकी सामान्य विचारधारा भी गाली बना दी गई है। कोई यह नहीं सोचने को तैयार है कि अगर एक व्यक्ति एक ख़ास विचारधारा को पसंद कर सकता है तो दूसरा उससे भिन्न विचारधारा को क्यों नहीं पसंद कर सकता? अब हम रंग वैविध्य को स्वीकार करने को, बहुलता को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। हमारा सारा बल एकरूपता पर है, और एकरूपता भी वह जो हम चाहते हैं। यह बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

मैं हमेशा यह कहता हूं कि एक नागरिक के रूप में हमें राजनीति से दूरी नहीं बरतनी चाहिए। जो राजनीति हमारी पूरी ज़िंदगी को नियंत्रित करने की हद तक प्रभावित करती है, उससे दूरी बरतने का कोई औचित्य ही नहीं है। इसके बावज़ूद अगर कोई दूरी बरतता है तो इस बात का भी मैं सम्मान करता हूं। लेकिन मूल बात यह है कि चीज़ों को देखने के एकाधिक दृष्टिकोण होते हैं और रहेंगे। किसी का कोई काम अगर आपको पसंद है तो भी मेरे उसको नापसंद करने पर आप असहज न हों। आप उसे पसंद करते रहें और मुझे नापसंद करने दें। मेरे नापसंद करने को आप मेरी निष्ठा, मेरे समर्पण, मेरी देशभक्ति वगैरह से न जोड़ें। सारी अच्छी चीज़ों के ठेकेदार बनकर जो बैठते हैं मैं उनसे कभी सहमत नहीं हो पाता। मैं तो आदर्श स्थिति यह मानता हूं कि आप अपनी बात कहें, मैं उसे सुनूं और जब मैं अपनी बात कहूं तो आप उसे सुनें। एक–दूसरे की बात सुनकर हम अपनी धारणाओं में बदलाव करने को भी तैयार रहें। अगर यह वैचारिक खुलापन हम में आ जाए, तो हम न केवल अपने प्रजातंत्र को मज़बूत करेंगे, अपने समाज को भी एक बेहतर आकृति दें सकेंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# डिजिटल अर्थव्यवस्था : विश्वसनीयता एवं संभावनाएं



अविनाश जोशी

आज 'डिजिटल विश्वसनीयता' डिजिटल दुनिया में इस कदर महत्त्वपूर्ण हो चुकी है कि 'डिजिटल विश्वास' को अब एक नई मुद्रा के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के संसार में पिछले कुछ वर्ष अत्यंत उत्साह और रोमांच से भरे गुजरे हैं। इन वर्षों में हम और अधिक डिजिटल हो गए हैं और दुनिया काफी बदल गई है। आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के हर पहलू में गहरी पैठ बना चुकी है।

आज के डिजिटल युग में हम सोशल मीडिया से लेकर बैंकिंग ऐप जैसी विभिन्न आनलाइन सेवाओं पर भरोसा करते हैं। इसी भरोसे के चलते हम अपनी व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील डेटा डिजिटल सेवा प्रदाताओं को सौंपते हैं। यह डेटा हमारे पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड विवरण से लेकर हमारी व्यक्तिगत पसंदों और 'ब्राउजिंग हिस्ट्री' तक कुछ भी हो सकता है। तकनीकी उन्नति के साथ ही डिजिटल उपकरणों पर हमारी निर्भरता दिनोदिन बढ़ती जा रही है। उसके साथ ही विश्वसनीय डिजिटल भरोसे की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। डिजिटल भरोसा उन डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के प्रति उनके उपयोगकर्ताओं के विश्वास का स्तर है। इसका मतलब है कि जब आप डिजिटल दुनिया में कोई संबंध बनाते हैं, तो आप उस पर पूर्ण रूप से भरोसा करते हैं। यह संबंध आपके और दूसरे व्यक्तियों के बीच विनिमय के रूप में हो सकता है, जो विभिन्न विषयों जैसे कि व्यापार, वित्त, संचार और सामाजिक नेटवर्किंग से संबंधित हो सकते हैं।

डिजिटल विश्वसनीयता उन सभी उपयोगकर्ताओं के लिए जरूरी है, जो डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं, चाहे वे व्यवसायी हों या आम लोग। आज 'डिजिटल भरोसा' डिजिटल दुनिया में इस कदर महत्त्वपूर्ण हो चुका है कि 'डिजिटल विश्वास' को अब एक नई मुद्रा के रूप में देखा जा रहा है। यह डिजिटल आर्थिक प्रणाली के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक सबसे महत्त्वपूर्ण कारक बन चुका है। डिजिटल विश्वास सुरक्षित, विश्वसनीय और संरचित डिजिटल आर्थिक लेनदेन संबंधी जानकारी को संकलित करता है। इसे उपयोगकर्ताओं, निवेशकों और सरकारों के लिए एक महत्त्वपूर्ण मानक माना जाता है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था एक आर्थिक प्रणाली है जिसमें तकनीकी उपकरण और इंटरनेट का उपयोग करके अर्थतंत्रिक गतिविधियों को संचालित किया जाता है। यह नई तकनीकों और डिजिटली प्रक्रियाओं के माध्यम से वित्तीय सेवाओं, व्यापार, उत्पादन, विपणन आदि में सुधार कर सकती है। यह विभिन्न सेक्टरों में नई संरचनाएँ और तकनीकों का उपयोग करती है, जिससे उत्पादकता बढ़ती है, कारोबार की प्रक्रियाएँ सुगम होती हैं और सेवाएं बेहतर होती हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिकांश लेन–देन और लेखा–जोखा भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से होते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था ने डेटा एकत्रित करने और विश्लेषण करने की क्षमता को बढ़ाया है जिससे नीतियों और योजनाओं में सुधार हुआ है। आज के युग में ऑनलाइन व्यापार के माध्यम से व्यापारियों को अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का मौका मिलता है। ये नवाचार नए संभावित विकास के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

औद्योगिक तबके के लोग अनेक डिजिटल डेटा और सूचनाओं का उपयोग करते हैं। उन्हें यह भरोसा होना चाहिए कि उनकी सूचनाएं सुरक्षित हैं और इनका गलत इस्तेमाल नहीं होगा। उच्च आय के लोगों के लिए डिजिटल विश्वसनीयता उनकी आर्थिक संरचना में बेहद महत्त्वपूर्ण विषय होता है। उन्हें बैंकिंग संबंधी सेवाओं और उत्पादों के लिए ज्यादा विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होती है, ताकि वे अपनी संपत्ति को सुरक्षित रख सकें और आर्थिक लेनदेन को सही ढंग से कर सकें। यह भरोसा सभी स्तरों पर बनाया जाना जरूरी है। व्यक्तिगत, व्यवसायों और सरकारों के बीच डिजिटल भरोसा बनाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। इसके लिए डिजिटल विश्व में एक ऐसे शक्तिशाली सुरक्षा ढांचे को बनाया जाना जरूरी है, जो उपयोगकर्ताओं के जीवन और व्यवसाय की सुरक्षा को कायम रख सके।

भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में प्रवेश तो कर चुका है, लेकिन अभी भी अर्थव्यस्था का यह नया रूप उम्मीदों के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। इसका बड़ा कारण डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए इसके रास्ते में आने वाली बाधाएं हैं। जब तक इन्हें दूर नहीं किया जाएगा, डिजिटल अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से आत्मसात कर पाना संभव नहीं होगा। इसके लिए पहला और महत्त्वपूर्ण उपाय देश, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल रूप में साक्षर बनाना होगा और साथ ही डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जाल बिछाना होगा।

यदि हम डिजिटल भुगतान उद्योग की ओर देखें तो पाते हैं कि नोटबंदी में भी डिजिटल भुगतान इतनी तेजी से नहीं बढ़ा था, जितना कि कोरोना संकटकाल के दौरान बढ़ा है। देश में डिजिटल भुगतान की स्वीकार्यता बढ़ने लगी है। अर्थव्यवस्था में नकदी की जगह दूसरे माध्यमों से लेनदेन को बढ़ावा देने के भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों का असर दिखने लगा है। पूर्णबंदी के कारण लोगों ने घरों में रहते हुए ई–कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग को एक तरह से जीवन का अंग बना लिया। अब जब पूर्णबंदी लगभग खत्म हो चुकी है, तब भी लोग भीड़भाड़ से बचने के लिए आनलाइन खरीद को ही तरजीह दे रहे हैं। बर्नस्टीन रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कोरोनाकाल में लोगों ने जिस तेजी से डिजिटल का रुख किया है, वह भारत के लिए आर्थिक रूप से उपयोगी हो गया है। अनुमान है कि वर्ष 2027–28 तक भारत में ई–कॉमर्स का कारोबार दो सौ अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

अब जैसे–जैसे वैश्विक अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है, वैसे–वैसे देश और दुनिया में रोजगार बाजार का परिदृश्य भी बदलता जा रहा है। भविष्य में कई रोजगार ऐसे होंगे, जिनके नाम हमने अब तक सुने भी नहीं हैं। कई शोध संगठनों का कहना है कि डिजिटलीकरण से भारत में रोजगार के नए मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें दुनियाभर में आटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते जहां कई क्षेत्रों में रोजगार कम हो रहे हैं, वहीं डिजिटल अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ रहे है। आर्थिक विशेषज्ञो के आकलन के अनुसार डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 में भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे सकती है। भारत तेजी से टेक्नोलॉजी को अपना रहा है और इसने कुछ वर्षों में ही लोगों के जीवन, शासन और लोकतंत्र को बदल दिया है।

भारत में टेक्नोलॉजी ने न केवल इनोवेशन को बढ़ावा दिया है, बल्कि वास्तविक समाधान देने का भी काम किया है। टेक्नोलॉजी ने पिछले कुछ वर्षों में लोगों के जीवन, शासन और लोकतंत्र को बदल दिया है। देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक एक ट्रिलियन डॉलर (करीब 70 लाख करोड़ रुपये) के स्तर पर पहुंचने की क्षमता है। सरकार ने भी महसूस किया है कि भारत 2025 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के जरिए एक ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक मूल्य बना सकता है।

भारत अगर आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के साथ शिक्षा, ऊर्जा, वित्त, स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक और परिवहन जैसे अन्य क्षेत्रों में भी डिजिटल अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को उजागर करता है तो इससे हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। डिजिटल आर्थिक लेनदेन बढ़ने के साथ ही इससे जुड़ी समस्याएं भी तेजी से उभर रही हैं। साइबर अपराधों, डेटा चोरी, आनलाइन धोखाधड़ी और पहचान चोरी जैसी समस्याएं डिजिटल विश्वास को पीछे धकेल रही हैं। साइबर आक्रमणकारी आपकी निजी जानकारी को नुकसान पहुंचा सकता है, आपके खाते को हैक और अन्य अवांछित क्रियाएं कर सकता है, जो डिजिटल विश्वास को खंडित कर सकता है।

डिजिटल भरोसे को इन खतरों से कैसे बचाया जा सकता है, इस पर विचार करना आवश्यक है। डिजिटल विश्व में विश्वसनीयता का निर्माण एक संवेदनशील विषय है, जो आज के समय में बढ़ती डिजिटल उपस्थिति के साथ और भी महत्त्वपूर्ण हो रहा है। स्थायी और उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल उपस्थिति बनाने के लिए विश्वसनीय डिजिटल भरोसा जरूरी है। विभिन्न तबकों के लोगों के लिए विश्वसनीय डिजिटल विश्वास की आवश्यकता अलग–अलग हो सकती है। व्यापार क्षेत्र में संचार, सौदों की पुष्टि, धोखाधड़ी से बचाव और उत्पादों या सेवाओं की गुणवत्ता पर भरोसा जरूरी होता है। भारत सरकार ने डिजिटल भारत की शुरुआत की है, जिसकी सफलता के लिए आम जन का सहयोग विश्वास एवम जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण है।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# 'शहीद और उनके परिवारों का सम्मान करना हमारा दायित्व है'

- **डीडवाना खाखोली में शहीद भींवाराम भाकर की मूर्ति का अनावरण हुआ**
- **पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने मूर्ति का अनावरण किया**

**डीडवाना,** (निसं)। जिले के ग्राम खाखोली में शहीद कमांडो भींवाराम भाकर की मूर्ति का समारोहपूर्वक अनावरण हुआ। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत कर शहीद की मूर्ति का अनावरण किया।

साथ ही शहीद को नमन करते हुए कहा कि शहीद भींवाराम जैसे सपूत देश की खातिर अपना बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटते। शहीदों के प्रति उनके मन में इस कदर श्रद्धा और सम्मान है कि वे अपनी अस्वथता के बावजूद यहां पहुंचे हैं। मलिक ने कहा कि सिपाहियों और शहीद देश के दुश्मनों से लोहा लेते हैं, तभी हम लोग आराम और सुख चैन से रह पाते हैं। इसलिए ऐसे शहीद और



**ग्राम खाखोली में शहीद कमांडो भींवाराम भाकर की मूर्ति का अनावरण पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने अनावरण किया।**

उनके परिवारों का सम्मान करना हमारा दायित्व है। साथ ही उन्होंने किसान परिवारों से अपनी बेटियों को दहेज देने की बजाय उच्च शिक्षा दिलाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही किसान समाज के बेटे और बेटियां जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अनावरण समारोह में मौजूद डीडवाना विधायक चेतन डूडी ने कहा कि शहीद भींवाराम खाखोली गांव के लिए गौरव है। गांव के युवाओं को शहीद भींवाराम से देश भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं लाडनूं विधायक मुकेश भाकर ने कहा कि सैनिक हमेशा किसान परिवार से होता है। शहीद कभी मरता नहीं, बल्कि हमेशा के लिए हो जाते हैं, इसलिए लोगों को शहीदों का सम्मान करना चाहिए। जबकि मौलासर के पूर्व प्रधान जालाराम भाकर ने शहीद के जीवन और शहादत की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर शहीद के परिजनों का भी सम्मान किया गया। अनावरण कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी, मौलासर प्रधान मंजूदेवी, पूर्व प्रधान गुलाराम ढाका, पूर्व प्रधान भगवानराम बुरड़क सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सांभर में गांधी बालबाड़ी के सौंदर्यीकरण का काम अधूरा पड़ा है

- **चारदीवारी पर भित्ति चित्र उकरने की योजना नहीं हो सकी साकार**
- **देखरेख व असामाजिक तत्वों की वजह से ढाई साल से फव्वारा भी बना है शोपीस**

**सांभरझील,** (निसं)। यहां कटला बाजार स्थित गांधी बालबाड़ी का तीन साल बाद भी सौंदर्यकरण का काम अधूरा पड़ा है। पार्क की शोभा बढ़ाने के लिए लगाया गया फव्वारा कुछ समय तो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा लेकिन बाद में देखरेख व असामाजिक तत्वों की वजह से आज यह पूरी तरह से नकारा पड़ा हुआ है।

फव्वारे की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए इसके चारों ओर लगाई गई स्टील की जालियों के बाद भी किसी ने अंदर से इसका नोजल खोलकर निकाल लिया है, करीब ढाई साल से यह फव्वारा अब शॉपीस बना हुआ है। फव्वारे के अंदर बारिश का पानी भरा हुआ है जो सडांध मार रहा है जिसे निकालने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, पानी में काई जम गई है और मच्छर भी भिनभिना रहे हैं।



**पार्क की शोभा बढ़ाने के लिए लगाया गया फव्वारा पूरी तरह से नकारा पड़ा हुआ है।**

पार्क को विकसित करने के लिए खर्च की गई धनराशि का कोई औचित्य नहीं निकल रहा है। पार्क की चारदिवारी का रंग रोगन आज तक नहीं हुआ है। चारदीवारी के बाहर भित्ति चित्रों को उकेरने की योजना आज भी अधूरी पड़ी है। गांधी बालवाड़ी के दोनों द्वारों पर लगाई गई अर्द्ध चंद्राकार लोहे की जाली टूटी पड़ी है। पार्क में नीम और वटवृक्ष के चारों ओर बनाये गये गट्टे पर लगाई गई ब्लैक टाइल्स अनेक जगह से धीरे–धीरे उखड़ रही हैं।

इससे गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सेंट्रल बैंक और पुरानी तहसील के पास स्थित यह गांधी बालबाड़ी आबादी के मध्य में स्थित है आसपास के लोग यहां आते हैं। पार्क में दो मंदिर भी है जहां पूजा स्नान करने के लिए भी श्रद्धालु सुबह शाम आते हैं।

आंधी की वजह से क्षतिग्रस्त हुए एक पेड़ की डाली आज भी झूल रही है। पार्क में सांसद कोटे से लगी जिम की देखरेख भी करने वाला कोई नहीं है, कुछ के पार्ट्स खराब भी हो चुके हैं। पार्षद धर्मेंद्र जोपट ने बताया कि उनके पिछली दफा इस वार्ड से पार्षद रहते हुए इस पार्क को डवलप करवाया गया था, लेकिन कुछ काम आज भी अधूरे ही पड़े है, अनेक दफा मेरी ओर से पालिका प्रशासन को भी लिखा गया और कई दफा मौखिक भी बोला गया लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं देने से विकसित करने के लिए पूर्व में खर्च किये गये बजट का कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल पा रहा है, इससे लोगों की भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 4 सितम्बर, 2023**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, अश्विनी नक्षत्र प्रातः 9:27 तक, धुव्र योग रात्रि 10:58 तक, तैतिल करण सांय 4:42 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

कुमार योग सूर्योदय से दिन 9:23 तक है। ज्वालामुखी योग दिन 9:27 से सांय 4:42 तक है। आज गुरू वक्री सांय 7:70 पर होगा। शुक्र मार्गी प्रातः 6:50 पर होगा। आज चान्द छठ व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:45 तक, शुभ 9:18 से 10:52 तक, चर 2:00 से 3:33 तक, लाभ–अमृत 3:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:41

### मेष
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### मिथुन
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कर्क
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### कन्या
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

### तुला
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मकर
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। पारिवारिक कारणों से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### कुंभ
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### मीन
व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

# ब्राह्मण महासंगम में दोनों पार्टियों से विधानसभा के लिये 35-35 सीटें मांगी

## दोनो पार्टियों के नेता एक जाजम पर, रामनिवास बाग में भरी हुंकार

**जयपुर,** (का.सं.)। आज जयपुर में ब्राह्मण समाज ने अपनी ताकत दिखाई। लाखो ब्राह्मण प्रदेश भर से आये। एक ही नारा जय परशुराम जय परशुराम के नारे लगे। राजनीति पार्टियों के प्रमुख नेता ब्राह्मण महासंगम में हुए शामिल। स्वस्तिवाचन और शंखनाद से प्रारम्भ हुये इस ब्राह्मण महासंगम में जनसैलाब उमड़ा। ब्राह्मण महासंगम जयपुर में एक ऐतिहासिक आयोजन रहा। इस समारोह में घंटे-घडियाल बजाते हुए और धोती कुर्ता पहने हुए ब्राह्मण समाज के लोगों ने

- 14 प्रतिशत आरक्षण के लिए इकट्ठा हुए जयपुर में लाखों ब्राह्मण
- 50 हजार महिलाएं पहली बार एक साथ एकत्रित हुई

शिरकत की। इस आयोजन में ब्राह्मणों ने अपनी हुंकार भरते हुए 14 प्रतिशत आरक्षण की मांग केंद्र और राज्य सरकार से रखी। ईडब्ल्यूएस आरक्षण में हो रही विसंगतियों को दूर करने और आय सीमा को बढ़ाने की पुरजोर मांग समाज ने रखी। साथ ही मंदिर मठों पर सरकारी नियंत्रण खत्म कर ट्रस्ट व कमेटियों को देने की मांग की। इसके अतिरिक्त अन्य मांगे भी रखी गई । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर विप्र कल्याण बोर्ड बनाने की मांग भी पुरजोर उठी।

वक्ताओं ने समाज को एकजुट होकर काम करने की बात कही। सभी का एक ही नारा था विश्व को दिशा देने वाला ब्राह्मण अब अपने हितो के लिए संगठित होना चाहिए। आज पूरे देश में ब्राह्मण समाज की आबादी करीब 15 करोड़ है। इस आबादी को राजनीतिक रूप से सामाजिक रूप से और आर्थिक रूप से आगे बढ़ना देश के हित में है और कोई राजनीतिक पार्टी इस समाज को नजरअंदाज नहीं कर सकती। ब्राह्मण सबको दिशा देता आया है। उसे अपने अधिकारों के लिए संगठित रहना चाहिए।



जयपुर के रामनिवास बाग में आयोजित ब्राह्मण महासंगम में देश-विदेश के हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ा।

कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रात 8 बजे त्रिपोलिया गेट से 11000 महिलाओं की कलश यात्रा से हुआ। रास्ते में महिलाओं पर पुष्प वर्षा हो रही थी और चारो तरफ ब्राह्मण एकता के जिन्दाबाद के नारे लग रहे थे। महिलाओं का रामनिवास बाग पर पहुंचने पर प्रात: 10:15 बजे कार्यक्रम शंखनाद और स्वस्तिवाचन से प्रारम्भ हुआ। जयपुर शहर में पहली बार रामनिवास बाग में इतना विहंगम दृश्य देखने को मिला कि लाखो ब्राह्मण एक साथ नाचते गाते ढोल नगाड़े के साथ कार्यक्रम में प्रदेश के अलग अलग जिलों से सम्मिलित हुये। इस पूरे कार्यक्रम को एक करोड़ लोगों ने लिंक के माध्यम से देखा, ये अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा कि किसी समाज के इतने व्यक्ति एक साथ एक कार्यक्रम में जुडे।

समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार से सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने संबोधित करते हुए कहा है कि ब्राह्मण सभी समाजों को साथ लेकर चलता है। अब उसे अपने संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए।

समारोह में शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज सहित आरक्षण से वंचित जातियों के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहली बार वर्ष 2003 में हुआ था। लगभग 20 वर्षो से सर्व ब्राह्मण महासभा ने इस आरक्षण की लड़ाई लड रहे है। मैं वर्ष 2003 में जब कैबिनेट मंत्री था जब भी समाज के साथ था और आज भी समाज के साथ हूं। इस अवसर पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि ब्राह्मण महासंगम समाज को एकजुट करने का काम कर रहा है। इसमें सभी समाजों के घटक सम्मिलित हुये है। साथ ही देश के प्रधानमंत्री 10 प्रतिशत आरक्षण ईडब्ल्यूएस के लिये दिया है। मैं समाज के साथ 14 प्रतिशत आरक्षण देने की पैरवी करूगां। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा दिये गये शुभकामना संदेश को विधायक रामलाल शर्मा ने पढकर सुनाया और कहा है कि मंदिर मठो पर सरकारी नियंत्रण नहीं होना चाहिए। साथ ही मैं पं. सुरेश मिश्रा के संघर्ष को और आरक्षण आंदोलन को नजदीक से देख रहा हूं। मैं पूरी तरह से इस मुद्दे पर समाज के साथ हूं। शर्मा ने कहा है कि जब मैं अपने विधानसभा क्षेत्र से कार्यक्रम स्थल पर आ रहा थ तो सीकर रोड से एमआई रोड, रामनिवास बाग पर पूरा शहर ब्राह्मण महासंगम द्वारा जाम मिला और हजारो गाडियां सडको पर ही खड़ी हुइ हैं। यह सिद्ध करता है कि ब्राह्मण महासंगम का जो संदेश एकजुटता का जाना था वो जा चुका है।

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि इस 14 प्रतिशत आरक्षण के लिये हमने लाठिया खाई है, जेल गये है और दो दशकों तक सडको पर संघर्ष किया है। इसके लिये अब हम सबको मिलकर सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है। आज देश की दोनों राजनीतिक पार्टियों के राजनेता मंच पर है। मैं आपसे हाथ जोडकर निवेदन करता हूं कि ब्राह्मण बच्चो के भविष्य के लिए इस आरक्षण को 14 प्रतिशत करवाने के लिये प्रयास करें।

इस अवसर पर 5 विभूतियों को समाज की ओर से ब्राह्मण शिरोमणि सम्मान से सम्मानित भी किया गया। जिसमें मधुर भंडारक, अनिल शर्मा, कनाडा से आये डॉ. आजाद कौशिक, लंदन से आये डॉ. आलोक शर्मा, दुबई से आये नवीन शर्मा, अमेरिका से इन्द्रजीत शर्मा का सम्मान फरसा व भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर जयपुर के सभी प्रमुख मंदिरों के संत-महंत भी उपस्थित थे।

# 'कांग्रेस को अगले चुनाव में 25 सीटें भी मिलना मुश्किल'

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को पुलिस द्वारा रोकने पर राजस्थान की गहलोत सरकार की कड़ी आलोचना की। शेखावत ने कहा कि गहलोतजी उस परिवर्तन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जो चुनाव में अवश्यम्भावी है। कांग्रेस को अगले विधानसभा चुनाव में 25 सीटें भी मिलना मुश्किल है।

- गहलोत उस परिवर्तन को रोकने की कोशिश कर रहे, जो चुनाव में अवश्यम्भावी : गजेंद्र सिंह शेखावत

रविवार को ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की एजेंसी के रूप में काम कर रही पुलिस ने गंगापुर सिटी में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को रोका है। यह तो पहली बार है, हमें पता है आगे ये बार-बार होगा।

एक अन्य ट्वीट में भीलवाड़ा भट्टीकांड की चार्जशीट पर शेखावत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा भट्टी कांड बच्चियों पर हैवानों की नजर होने का प्रमाण दे रहा है। कहां, कब, क्या हो जाए? कहा नहीं जा सकता, क्योंकि सरकार सुरक्षा का भरोसा नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि इस सरकार के बदलने तक हम ही जिम्मेदारी उठानी होगी। बहनों-बेटियों विशेषकर बच्चियों की स्वतंत्रता का ख्याल रखते हुए उन्हें संरक्षण देना होगा। समाज को बेटियों के लिए ढाल बनना होगा।

बिजली में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन-2030 पर तंज कसते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि डेढ़ करोड़ कनेक्शनों से जुड़ी आबादी को अगले सात साल तक अनियमित बिजली कटौती झेलनी होगी। यह कैसी बिजली से जुड़ी आत्मनिर्भरता की योजना है? शेखावत ने कहा कि ये बिजली देने की नहीं, जनता को अंधेरे में रखने की प्लानिंग है, क्योंकि सात साल बाद क्या पता राजस्थान में कांग्रेस का ही पता न हो।

# शिविर में सैकड़ों लोगों ने उपचार लिया

**जयपुर,** (का.सं.)। संतुलन समिति के तत्वावधान में रविवार को महामृत्युंजय मंदिर, जय जवान कालोनी टोंक रोड, जयपुर में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। डॉक्टर सौरिक घोष एवं अमृता घोष ने शिविर में सैकड़ों लोगों का उपचार किया। शिविर में होम्योपैथी और योगा पद्धितद्वारा मरीज़ों का इलाज किया गया। इस मौके पर संतुलन समिति के संचालक अनुराग गीताई और मंदिर परिसर के प्रमुख आर. के. कपूर उपस्थित रहे।

संतुलन समिति द्वारा संचालित, संतुलन स्वास्थ्य केंद्र, जय जवान कालोनी में कार्यन्वित है जहाँ नियमित रूप से होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर, योग तथा गीतायन रेकी द्वारा समस्त रोगों का संतुलित उपचार किया जाता है। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक महामृत्युंजय मंदिर, जय जवान कालोनी में पिछले दो वर्षों से लगातार निशुल्क़ शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें हर बार काफ़ी मात्रा में मरीज़ लाभान्वित हो रहे हैं।

**आम सूचना** दि.-02.09.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री भागचन्द गुजराती पुत्र स्व.श्री छीतरदास गुजराती, जाति-बाल्मिकी निवासी-डी. 93, झालाना फेज, सरकारी डिस्पेंसरी के पीछे, जयपुर, राजस्थान का पुत्र किशन कुमार गुजराती व उसकी पत्नी राखी मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और अकेले गुजर-बसर करने का इरादा रखते है एवं अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी बसर कर रहे है, ये दोनों आए दिन मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अभद्रता करते है व बदतमीजी से पेश आते हैं जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र किशन कुमार व उसकी पत्नी राखी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है, एवं आज दिन के बाद ये दोनों कोई भी ऐसा कृत्य करते है जिससे किसी को कोई भी हानी का सामना करना पडे तो उसके जिम्मेदार ये दोनों स्वयं होंगे एवं जो कोई व्यक्ति इनसे किसी भी तरह का संव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।

(रोहित तिवारी) एडवोकेट
(राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर) मो. 8233994755

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम धर्मबीर से बदलकर धर्मबीर चौधरी पुत्र सागरमल चौधरी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पताः सी-170, F-301, तिलक नगर, जयपुर

मैंने अपने पुत्र का नाम VANDHAYA BHARDWAJ S/O ALOK SHARMA निवास A- 261, त्रिवेणी नगर, जयपुर से परिवर्तित करके VANDYAY BHARDWAJ रख लिया है! भविष्य मे इसे इसी नाम से जाना जावे

मैंने अपना नाम संदीप कुमार पुत्र राजकुमार से बदलकर संदीप कुमार लुहारूका पुत्र राजकुमार लुहारूका रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी प्लाट नम्बर 218/219, फ्लैट नम्बर 01, हिमालय रेसीडेंसी, प्रताप नगर विस्तार, मुरलीपुरा, जयपुर

मैं अल्पू खण्डेलवाल पुत्री श्री परमेश्वर खण्डेलवाल, निवासी- 6/34, पुलिस थाने के पास, विधाधर नगर, जयपुर। जो कि मेरी शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती अल्पना एस. गुप्ता पत्नी श्री संजोग गुप्ता हो गया है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावेगा।

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी**

No.RPCB/RO Bundi/PUB-335/961 Date:28/8/23

**पर्यावरणीय स्वीकृत आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री. आशीष कुमार जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन निवासी नासिरदरा हाउस, बूंदी मार्ग,पथिक नगर, बिजोलिया कलां, जिला भीलवाड़ा द्वारा रेफ.न. 20211000048408 क्लस्टर संख्या 57, ग्रेनाइट और चिनाई पत्थर क्लस्टर खनन परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी, कुल क्लस्टर क्षेत्र 14.6082 हेक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 1530479 टीपीए (रोम), ग्राम डूंगरी कलां और कदीला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया है।

पर्यावरणीय स्वीकृति से सबंधित जनसुनवाई हेतु 6/10/2023 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र विलेज डूंगरी तहसील मालपुरा जिला टोंक उपस्थित होकर अपने लिखित व मोखिक सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। सूचना के प्रकाशन तिथी से 30 दिन के अन्दर क्षेत्रिय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल बून्दी मे भी प्रस्तुत कर सकते है।

पर्यावरणीय अभियता व क्षेत्रीय अधिकारी,बून्दी

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी**

No.RPCB/RO Bundi/PUB-336/957 Date:28/8/23

**पर्यावरणीय स्वीकृत आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री. आशीष कुमार जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन निवासी नासिरदरा हाउस, बूंदी मार्ग, पथिक नगर, बिजोलिया कलां, जिला भीलवाड़ा द्वारा रेफ. न. 20211000048455,क्लस्टर संख्या 56, ग्रेनाइट और चिनाई पत्थर क्लस्टर खनन परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी, कुल क्लस्टर क्षेत्र 14.4795 हेक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 1488502.5 टीपीए (रोम), ग्राम डूंगरी कलां और कदीला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया है।

पर्यावरणीय स्वीकृति से सबंधित जनसुनवाई हेतु 6/10/2023 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र विलेज डूंगरी तहसील मालपुरा जिला टोंक उपस्थित होकर अपने लिखित व मोखिक सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। सूचना के प्रकाशन तिथी से 30 दिन के अन्दर क्षेत्रिय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल बून्दी मे भी प्रस्तुत कर सकते है।

पर्यावरणीय अभियता व क्षेत्रीय अधिकारी,बून्दी

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी**

No.RPCB/RO Bundi/PUB-334/941 Date:28/8/23

**पर्यावरणीय स्वीकृत आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री. आशीष कुमार जैन पुत्र श्री राकेश कुमार जैन निवासी नासिरदरा हाउस, बूंदी मार्ग, पथिक नगर, बिजोलिया कलां, जिला भीलवाड़ा द्वारा रेफ. न. 20211000048361,क्लस्टर संख्या 58, ग्रेनाइट और चिनाई पत्थर क्लस्टर खनन परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी, कुल क्लस्टर क्षेत्र 14.5211 हेक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 1493542.5 टीपीए (रोम), ग्राम डूंगरी कलां और कदीला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया है।

पर्यावरणीय स्वीकृति से सबंधित जनसुनवाई हेतु 6/10/2023 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र विलेज डूंगरी तहसील मालपुरा जिला टोंक उपस्थित होकर अपने लिखित व मोखिक सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। सूचना के प्रकाशन तिथी से 30 दिन के अन्दर क्षेत्रिय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल बून्दी मे भी प्रस्तुत कर सकते है।

पर्यावरणीय अभियता व क्षेत्रीय अधिकारी,बून्दी

# अस्पतालों की समस्याओं के समाधान पर जयपुर में डॉक्टर्स ने चर्चा की

## आईएमए की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकडेमिक ब्लॉक में राजस्थान अधिवेशन 2023 का आयोजन

**जयपुर।** प्रदेशभर के डॉक्टर्स ने रविवार को जयपुर में आरटीएच बिल, फायर एनओसी, अस्पतालों को मिल रही मंहगी बिजली सहित कई समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। आईएमए की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकडेमिक ब्लॉक में राजस्थान अधिवेशन 2023 का आयोजन किया गया। इसमें 500 से अधिक डॉक्टर्स ने भाग लिया। अंगदान महादान की घोषणा के साथ ही 200 से अधिक चिकित्सकों ने अंगदान की शपथ ली। इस अधिवेशन में आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने भाग लिया। इससे पहले आईएमए के पदाधिकारियों ने सीएमआर पर सीएम अशोक गहलोत से मिलकर डॉक्टर्स के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस पर सीएम ने डॉक्टर्स की समस्याओं का उचित समाधान निकालने को लेकर आश्वासन दिया।




आईएमए की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकडेमिक ब्लॉक में आयोजित राजस्थान अधिवेशन 2023 का विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने शुभारंभ किया।

- 35 वरिष्ठ चिकित्सकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड
- डॉ. अनुराग शर्मा को सर्वश्रेष्ठ सचिव का अवॉर्ड मिला।

अधिवेशन के दौरान 35 वरिष्ठ चिकित्सकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि आईएमए के ऐसे अधिवेशनों में प्रोफेशन के साथ-साथ आमजन के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को लेकर डिस्कशन किया जाता रहा हैं। जब राज्य सरकार ने निरोगी राजस्थान की कल्पना की है तो उसमें डॉक्टर की भूमिका और बढ़ जाती हैं। जोशी ने कहा कि सरकार चाहती है कि निरोगी राजस्थान का कार्यक्रम ठीक तरीके से लागू हो, जिससे राजस्थान मेडिकल सर्विसेज में एक रोल मॉडल बने। अधिवेशन में आईएमए की राजस्थान एग्जीक्यूटिव कमेटी और स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक भी हुई। इस दौरान सरकार की ओर से घोषित मेडिकल सर्विसेस से जुड़ी योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान आईएमए राजस्थान स्टेट के अध्यक्ष डॉ. सुनील चुघ, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अशोक शारदा, सचिव डॉ. पीसी गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. एन के अग्रवाल और आईएमए जयपुर के अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा, डॉ. अनुराग धाकड़ और सचिव डॉ. अनुराग शर्मा मौज़ूद रहे। आईएमए उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष और आईएमए जयपुर के सचिव डॉ. अनुराग शर्मा को सर्वश्रेष्ठ सचिव का अवॉर्ड मिला। इसके अलावा डॉ. शिव गौतम, डॉ. प्रकाश चाँदवानी, डॉ. मोहम्मद साबिर, डॉ. अजीत बापना और डॉ. बी डी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

# 'मुख्यमंत्री गहलोत को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए'

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कहा कि लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ, का नारा देने वाली प्रियंका गांधी हमारे आदिवासी समाज की बेटी को नग्न वस्त्र करके पूरे गांव में घुमाया गया, मणिपुर की घटना पर हल्ला मचाने वाला इंडिया (घमंडियां ग्रुप) अब कहीं नजर नहीं आ रहा है। डॉ मीणा धरियावाद पहुचे। प्रदेश सरकार आदिवासी बेटी को दिए गई पैकेज में भेदभाव ना करके 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी, रहने के लिए पक्का मकान की घोषणा करें। मीणा ने राज्य सरकार से मांग है की 3 घंटे में इन सभी मांगों की तुरंत प्रभाव से घोषणा करें अन्यथा में स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठूंगा।

उन्होंने कहा कि पीड़िता और उसके परिवार से हमको मिलने नहीं दिया जा रहा उसके ऊपर दबाव बनवाया जा रहा है काउंसलिंग के नाम पर उसको इधर-उधर भेजा जा रहा है, यदि पुलिस कि काउंसलिंग पूर्ण हो गई हो तो बेटी को समाज को सुपुर्द करें। प्रदेश में दलितों, आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार चरम सीमा पर है, कानून व्यवस्था चौपट है, थोथी नारी सम्मान की बात करने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

# पराक्रम सिंह राठौड़ निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने

**जयपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी कानसिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल एग्जीक्यूटिव मेंबर एवं गुजरात स्टेट पूर्व अध्यक्ष डॉ मनु भाई कुम्बावत के पर्यवेक्षण में यूथ हॉस्टल ऑफ इण्डिया की राजस्थान स्टेट इकाई के त्रैबार्षिक चुनाव संपन्न हुए हैं। इन चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध पराक्रम सिंह राठौड़ को निर्वाचित घोषित किया गया है। वह दूसरी बार यूथ हॉस्टल आफ इंडिया के राजस्थान स्टेट इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर बाड़मेर के आजाद सिंह, हंसनाराम और दौलत सिंह सांकड़ा, स्टेट चेयरमेन वरिष्ठ यूथ होस्टलर पद पर रतन सिंह भाटी(बालाना) और कोषाध्यक्ष पद पर मूलसिंह राठौड़ निर्वाचित हुए हैं। वहीं चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत स्टेट काउंसिल की बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि यूथ हॉस्टल एसोसिएशन से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन की शक्ति को मजबूत करने का प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। विभिन्न नवाचारों के माध्यम से एसोसिएशन को विश्व पटल पर उभरने का प्रयास बेहद जरुरी है और यह समय की मांग है। बैठक के दौरान राजस्थान की विभिन्न सांस्कृतिक धरोहर, सभ्यता और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए आगामी दिनों में कई कार्यक्रमों को आयोजित करने एवं यूथ हॉस्टल भवन जैसलमेर के निर्माण कर करने को लेकर चर्चाएं भी की।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



जयपुर में पांच बत्ती के पास रविवार रात 10 बजे आर्मी के रक्षादल के एक ट्रक के खराब हो जाने से लंबा जाम लग गया। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी-325/ दिनांक-

**पर्यावरणीय स्वीकृति सूमह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स खजानी देवी इन्फ्रा सिटी प्रा.लि.खनन पट्टा संख्या 124/2021 (प्लॉट संख्या 69) ग्राम मानखण्ड द्वारा ग्रेनाईट खनिज क्लस्टर खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्र. सं. | प्रोजेक्ट का नाम | खनन पट्टा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टेयर में | ग्राम | खनिज का नाम | उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स खजानी देवी इन्फ्रा सिटी प्रा.लि. खसरा संख्या 1681 | 124/2021 (प्लॉट संख्या 69) | 1.0003 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 60005 |
| 2 | श्री राजाराम कुमावत | 28/2019 | 1.2803 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 91188 |
| 3 | श्री लोकेन्द्र सिंह राठौड | 08/2014 | 1.00 | मानखण्ड | ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन | 64381 |
| 4 | श्री रामावतार डोडिया | 08/2021 | 1.0017 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 117584 |
| 5 | श्री चर्तुभुज लौहार | 45/2020 | 1.00 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 114290 |
| 6 | श्री उगमा राम खीचड | 30/2021 | 1.0159 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 48840 |
| 7 | श्री अमित नय्यर | 31/2021 | 1.0982 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 115830 |
| 8 | श्री अमित नय्यर | 32/2021 | 1.0257 | मानखण्ड | ग्रेनाईट | 115830 |

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.4221 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-727948 टीपीए (आर.ओ.एम.) ग्राम मानखण्ड, तहसील केकडी, जिला केकडी से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहॉं तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि मैसर्स खजानी देवी इन्फ्रा सिटी प्रा.लि. खनन पट्टा संख्या 124/2021 (प्लॉट संख्या 69) ग्राम मानखण्ड ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक एवं जलवायु परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार-अभिलेख निम्न कार्यालय मे आवलोकनार्थ उपलब्ध है-
   1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, केकडी
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला-अजमेर
   5. तहसील-केकडी, जिला-केकडी
   6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मानखण्ड, तहसील केकडी, जिला केकडी

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, केकडी के पत्र क्रमांक CA/JUD/23/1303 दिनांक 31.08.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 16/10/2023 को दोपहर 12.00 बजे, स्थान-राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मानखण्ड, तहसील केकडी, जिला केकडी में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाश की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला-अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तँवर) पर्यावरणीय अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी

# फर्जी भ्रूण लिंग परीक्षण कर अवैध गर्भपात करने वाले गिरोह को पकड़ा

## धोखाधड़ी के आरोप में एक फर्जी चिकित्सक एवं दो दलाल गिरफ्तार

**सीकर/जयपुर,** (निसं)। राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने एक बड़ी डिकॉय कार्रवाई कर भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए तीन आरोपी सुभाष चंद्र पुत्र नवलाराम निवासी चंद्रपुर सांवली सीकर, रामनिवास पुत्र रामेश्वर लाल निवासी मुंडवाड़ा सीकर व रामेश्वर लाल पुत्र नारायण राम ग्राम सांवली सीकर को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह गर्भ में बच्चों के दिल की धड़कन जांचने के काम में आने वाली फीटल डॉपलर मशीन से फर्जी अवैध भ्रूण लिंग जांच कर रहा था। कार्यवाही में भ्रूण लिंग जांच के नाम पर ली गई राशि के हुबहू नोट भी बरामद भी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि आरोपी राम निवास नागौर में एक निजी राजीव पैथ लैब का संचालक है, जो कि फर्जी चिकित्सक बन फिटल डॉपलर मशीन से फर्जी जांच की। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने इस डिकॉय कार्यवाही के लिए पीबीआई टीम को प्रेरणा स्वरूप बधाई दी है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप बेटियों को बचाने के लिए लागातार डिकॉय कर भ्रूण जांच लिए प्रेरित किया। उन्होंने कम लिंगानुपात वाले जिलों, ब्लॉक में अपनी नियमित विशेष निगरानी बनाने के भी निर्देश दिए हैं।



भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **यह गिरोह गर्भ में बच्चों के दिल की धड़कन जांचने के काम में आने वाली फीटल डॉपलर मशीन से फर्जी अवैध भ्रूण लिंग जांच कर रहा था**
- **कार्यवाही में भ्रूण लिंग जांच के नाम पर ली गई राशि के हुबहू नोट भी बरामद भी किए**

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से सीकर शहर व उसके आसपास के इलाकों में एक अज्ञात गिरोह द्वारा गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी सतवीर सिंह के नेतृत्व में एक डिकॉय दल का गठन किया गया।

डॉ. सोनी ने बताया कि एक दलाल सुभाष चंद व रामेश्वर लाल ने डिकॉय गर्भवती महिला एवं सहयोगी से बातचीत कर 70000 में भ्रूण लिंग जांच करवाने की बात कही। इसके बाद दलाल सुभाष चंद ने डिकॉय गर्भवती महिला व सहयोगी को एसके कॉलेज के पास बुलाया। वहां से दलाल रामेश्वर लाल व रामनिवास अपनी गाड़ी में डिकॉय गर्भवती महिला व सहयोगी को खूड लोसल रोड पर लेकर गये। चलती गाड़ी में फर्जी चिकित्सक बन रामनिवास ने फिटल डॉपलर मशीन से फर्जी सोनोग्राफी कर डिकॉय गर्भवती महिला को मनगढ़ंत भ्रूण लिंग की जानकारी दी। दलालों से 70000 के हुबहू नोट बरामद कर लिए हैं। दलाल सुभाष चंद्र से 17 हजार रामेश्वर लाल 25हजार व और रामनिवास से 28 हजार रुपए बरामद किए गए है। राम निवास ने यह भी कहा कि आप गर्भपात करवाना चाहते हो तो मेरे हॉस्पिटल में करवा दूंगा जिसकी अलग से फीस लगेगी जो दस हजार लूंगा। इस डिकॉय कार्यवाही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, पुलिस निरीक्षक सतपाल यादव, हेड कॉन्स्टेबल चंद्रभान, कैलाश चंद, कॉन्स्टेबल मुकेश, कांस्टेबल सानू, पीसीपीएनडीटी समन्वयक सीकर नंदलाल पूनिया, झुंझुनू से संजीव महला, दिनेश कुमार, सुरेंद्र शामिल थे।

# छात्रा ने घर पर आत्महत्या की

## छात्रा ने आत्महत्या करने से पहले छोटी बहन को खेलने के लिए बाहर भेज दिया था

**कोटा,** (निसं)। उद्योगनगर थाना क्षेत्र में 10वीं में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने घर पर ही आत्महत्या कर ली।

मृतक छात्रा कुमकुम नायक (16) के पिता भैरूलाल ने बताया कि वह पेंटर का काम करता है। शनिवार सुबह वह काम पर चला गया। पत्नी भी बोरखेड़ा में काम पर चली गई। घर में पीछे बड़ी बेटी कुमकुम व छोटी बेटी ही थी। पत्नी दोपहर घर आई तो आत्महत्या की घटना का पता चला। कुमकुम ने आत्महत्या करने से पहले छोटी बहन को खेलने के लिए बाहर भेज दिया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम रूम में रखवाया। रात 8 बजे पिता घर पहुंचा तो घटना का पता चला। भैरूलाल ने बताया मेरा फोन खराब पड़ा था। पत्नी को यह पता नहीं था कि कौनसी जगह पर साइड पर काम पर गया हूं।

- **आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें अपने आपको परिवार पर बोझ बताया**

ऐसे में दिनभर काम खत्म करके रात 8 बजे घर पहुंचा तो घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं थी जो बेटी को आत्महत्या करनी पड़ती। सुसाइड नोट मिला बताया कि लेकिन उसमें क्या लिखा है हमें कुछ पता नहीं। सुसाइड नोट पुलिस के पास है। थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि सुसाइड नोट भी मिला है। आत्महत्या से पहले मृतका ने सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें अपने आप को परिवार पर बोझ बताया। उन्होंने बताया कि परिजनों के लिखित में देने के बाद बिना पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साढ़े चार साल के कांग्रेस शासन में प्रदेश अराजकता में घिरा : चतुर्वेदी

**गंगापुर सिटी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार के कुशासन भ्रष्टाचार एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ परिवर्तन लाने हेतु निकल जाने वाली बीजेपी राजस्थान परिवर्तन संकल्प यात्रा के अंतर्गत गंगापुर जिले के जयपुर बाईपास से होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

परिवर्तन संकल्प यात्रा के प्रत्येक संयोजक अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोठवाल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित, टोक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, सांसद मनोज उपस्थित रहे।

- **गंगापुर के होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया**

प्रेस वार्ता में अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि चार चरणों में संपूर्ण राजस्थान में उक्त परिवर्तन संकल्प यात्रा का कार्यक्रम रहेगा जिसके अंतर्गत संपूर्ण राजस्थान में 1847 किलोमीटर का मार्ग तय करने के पश्चात 19 दिन में प्रदेश राजस्थान में इसका समापन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक चतुर्वेदी द्वारा आरसीपी के अंतर्गत कांग्रेस सरकार की नीतियों को गलत करार देते हुए भाजपा द्वारा आगामी समय में 13 जिलों को पानी देने के लिए योजना को प्राथमिकता से पूरी किए जाने का आश्वासन दिया। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यात्रा प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोठवाल, सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामदेवरा से परिवर्तन यात्रा को राजनाथ सिंह करेंगे रवाना

## परिवर्तन यात्रा 18 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी व 2574 किमी की दूरी तय करेगी

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से परिवर्तन यात्रा को सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रामदेवरा से रवाना करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा का तीसरा चरण रामदेवरा से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रवाना करेंगे।

इस सभा स्थल के लिए अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए भाजपा ने चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को टारगेट बांट दिए हैं। जिस भी दावेदार को चुनाव लड़ना है वे अपने क्षेत्र से बस-गाड़ियों की व्यवस्था करेंगे और साथ में भीड़ भी जुटाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री और राजस्थान सह प्रभारी अमृता राहटकर और जोधपुर संभाग प्रभारी जगबीर छाबा ने इसके लिए अलग-अलग जिलों में जाकर चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों की बैठक ली है। साथ ही इन दावेदारों को भीड़ जुटाने और बसों व गाड़ियों की व्यवस्था करने के टारगेट भी दिए गए हैं। उधर रामदेवरा में आयोजन स्थल पर इस परिवर्तन यात्रा के प्रभारी राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत के साथ कोर टीम के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा के कई बड़े नेता पिछले चार दिन से रामदेवरा में ही डेरा डाले हुए हैं। 50 हजार से भी ज्यादा की भीड़ जुटाने का टारगेट अलग-अलग जिलों को दिया गया है।

- **अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए भाजपा ने चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को टारगेट दिए**

इस यात्रा के संभागीय प्रचार प्रसार प्रमुख नथमल पालीवाल ने बताया कि रामदेवरा से रवाना होने वाली यह परिवर्तन यात्रा 18 दिन में 51 विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी। यह यात्रा 2574 किमी की दूरी तय करेगी। पिछली बार की तरह इस बार परिवर्तन यात्रा का कोई एक चेहरा नहीं रखा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि अलग-अलग क्षेत्र के बड़े नेता अपने-अपने क्षेत्र में इस परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व करेंगे।

रामदेवरा से रवाना होकर जैसलमेर बाड़मेर होते हुए 18 दिन बाद इस यात्रा का समापन जोधपुर शहर में होगा। इसके बाद चारों परिवर्तन यात्राओं का एक संगम जयपुर में किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की भी संभावना है।

# वसुंधरा राजे की यात्रा सिर्फ देव दर्शन तक सीमित : रहाटकर

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। रामदेवरा में भाजपा के दिग्गजों का होगा जमावड़ा वर्तमान गहलोत सरकार को निक्कमी सरकार का दर्जा देने का जी तोड़ प्रयास कर आगामी विधानसभा में अपना मुख्यमंत्री बनाने में लगे भाजपा के नेताओं में राष्ट्रीय मंत्री राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शीघ्र अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

वसुंधरा राजे द्वारा अपनी यात्रा अलग से निकालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे की यात्रा सिर्फ देव दर्शन तक सीमित है। भाजपा में कोई गुट बाजी नहीं है। प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा, वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह नाचना, नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, हिम्मत चौधरी भी उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता में आज रामदेवरा से आरंभ होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथसिंह, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के रामदेवरा जैसलमेर आने के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

परिवर्तन संकल्प यात्रा आज सांय जैसलमेर शहर पहुंचेगी तथा हनुमान चौराहा पर जनसभा का आयोजन होगा। जनसभा को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, भाजपा नेता पवनकुमारसिंह, विक्रमसिंह नाचना, आईदानसिंह भाटी, छुगसिंह, पूर्व विधायक सांगसिंह, छोटूसिंह, जितेंद्रसिंह भाटी, जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारदा संबोधित करेंगे।

- **राष्ट्रीय मंत्री राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने पत्रकार वार्ता की**
- **'भाजपा शीघ्र अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी'**



राष्ट्रीय मंत्री राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

# शिक्षा विभाग ने टीचर्स अवार्ड की लिस्ट जारी की

## स्टेट लेवल पर 144, ब्लॉक व जिला स्तर पर 300 का होगा सम्मान

**बीकानेर,** (कासं)। पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर राज्य के 144 टीचर्स को स्टेट लेवल पर अवार्ड दिया जाएगा। इस दौरान अवार्डी टीचर को 21 हजार रुपए नगद दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने तो पुराने 33 जिलों से ही अवार्ड तय किए थे लेकिन अब रिजल्ट घोषित करते हुए 50 जिलों में टीचर्स अवार्ड दिए जा रहे हैं। इसका परिणाम शनिवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी कर दिया। वैसे ब्लॉक और जिला स्तर पर भी करीब त 300 टीचर्स को अवार्ड दिया जाएगा। ऐसे में राज्यभर में करीब 450 टीचर्स सम्मानित होंगे।

निदेशालय ने 8 अगस्त को एक आदेश जारी के राज्यभर के टीचर्स से अवार्ड के लिए आवेदन मांगे थे। इस दौरान हर जिले से एक टीचर को अवार्ड दिया जाना तय था लेकिन जिलों की संख्या 33 ही गिनी गई। अब राज्य में जिलों की संख्या 50 हो चुकी है। ऐसे में बाद में इसे बढ़ा दिया गया। आवेदन करने वाले टीचर्स की रिपोर्ट्स के आधार पर शनिवार को परिणाम जारी किया गया। टीचर्स को क्लास एक से पांच, क्लास छह से आठ और क्लास नौ से बारह के अलग-अलग कैटेगरी में रखते हुए आवेदन मांगे गए थे। हर टीचर को ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर अवार्ड दिया जा रहा है। विभाग ने जारी लिस्ट में कक्षा एक से पांच तक के 49, कक्षा छह से आठ तक के 45 और कक्षा नौ से बारह तक के 50 टीचर्स की लिस्ट जारी की है।

- **पांच सितम्बर को राज्य के टीचर्स को स्टेट लेवल पर अवार्ड दिया जाएगा**
- **राज्य स्तर पर प्रत्येक अवार्डी टीचर को 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। जिला स्तर पर 11 हजार रुपए और ब्लॉक स्तर पर 51 सौ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा**

टीचर्स को जयपुर में बिड़ला सभागार में सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री गहलोत और शिक्षा मंत्री इस समारोह में टीचर्स को सम्मानित कर सकते हैं। राज्य स्तर पर प्रत्येक अवार्डी टीचर को 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं जिला स्तर पर 11 हजार रुपए और ब्लॉक स्तर पर 51 सौ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

# संत के हत्यारों पर 25 हजार का इनाम घोषित

**मालपुरा,** (निसं)। धर्म नगरी डिग्गी में मंगलवार की रात्रि को भूरिया महादेव बगीची में 93 वर्षीय संत सियाराम बाबा की हुई निर्मम हत्या मामले में लिप्त दोषियों की सूचना पुलिस व प्रशासन को देने पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया है।

डिग्गी थानाधिकारी अय्यूब खान ने बताया कि बाबा की निर्मम हत्या मामले के खुलासे को लेकर सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। कई लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया है। जिनसे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनाक्रम में लिप्त आरोपियों की तथ्यात्मक सूचना देने वालों को 25 हजार रूपये दिये जाने की भी घोषणा की गई है।

राजपूत समाज की रविवार को हुई बैठक में राजपूत सरदारों ने विधानसभा चुनावों में राजपूत समाज की भूमिका को लेकर मुद्दा रखा गया। साथ ही राजपूत समाज की एकजुटता के लिए बिना भेदभाव एक जाजम पर बैठ समाज की एकता का संदेश राजनैतिक पार्टीयों तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई। बैठक के दौरान दो मिनट का मौन रख सियाराम बाबा को श्रद्धांजलि दी गई। सम्पूर्ण घटनाक्रम पर डीवाईएसपी सुशील मान मॉनीटरिंग कर बीटीएस टीम से मोबाईल लॉकेशन के साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग की, तीन घायल

## घायल युवक ने बताया कि करीब 15 लोग नकाब पहनकर आये थे

**हनुमानगढ़,** (निसं)। घर में घुसकर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। दिनदहाड़े सूरतगढ़ रोड स्थित एचके टावर में हुई फायरिंग में तीन युवक घायल हो गए। घायलों का फिलहाल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश में जिलेभर में श्रेणी की नाकेबंदी की गई है। सभी वाहनों की जांच की जा रही है। हमलावरों को पकड़ने के लिए सीटी पुलिस थाने सहित डीएसटी की टीम भी गठित की गई है जो हमलावरों को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है। घायल युवक ने बताया कि हमलावरों ने मुंह ढक रखे थे और उनके पास पिस्टल, डंडे, तलवार और लाठियां थी।

- **घायलों का फिलहाल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है**
- **पुलिस हमलावरों के आने-जाने के रास्तों के सीसीटीवी खंगाल रही है**
- **छात्र फ्लेट में रहकर कॉलेज की पढ़ाई करते हैं, हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है**

जंक्शन सीटी थानाधिकारी विष्णु खत्री ने बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि सूरतगढ़ रोड पर बच्चनी देवी अस्पताल के पास स्थित टॉवर में 3 लड़के रहते थे। तीनों लड़कों के साथ मारपीट और फायरिंग हुई है। जिसमे मैं अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचा। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका था।

सीआई विष्णु खत्री ने बताया कि जब पुलिस ने शुरुआती जांच की तो करीब 3 राउंड फायर की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई है। बाकी लाठियों डंडों से मारपीट की गई है। मौका मुआयना करने के बाद पुलिस टीम सहित जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से बात भी की। सीआई विष्णु खत्री ने बताया कि फायरिंग और लाठियों से हमले में 3 युवक समीर खान, प्रदीप नायक और लवदीप घायल हुए हैं। तीनों पर नकाबपोश हमलावरों ने हमला और फायरिंग की है। समीर खान को फायरिंग में चोट लगने की बात सामने आई है। लवदीप और प्रदीप के हाथों पर लाठी-डंडे से चोट लगी है।

फायरिंग में घायल हुए युवक ने बताया कि करीब 15 लोग मुंह पर नकाब पहनकर अचानक हमारे फ्लैट पर आए और मेरे साथी का नाम लेते हुए पूछा कि वो कहां है, तो मैंने उनको कहा कि वो यहां नहीं हैं। इतने में हमलावरों में एक ने कहा कि ये समीर खान है। बस इतनी बात सुनते ही उन्होंने पिस्टल से 4 फायर कर दिए। चारों फायर मुझे लगे हैं। उन्होंने मेरे दो साथियों के साथ भी मारपीट की ओर वहां से भाग गए। समीर ने बताया कि उसे नहीं पता कि वो सब कौन थे और उन्होंने हम पर हमला क्यों बोला।

सीआई विष्णु ने बताया कि 5 से अधिक हमलावर ने एचके टॉवर में युवकों के फ्लैट में पहुंचकर लवदीप के बारे में पूछा। युवक समीर खान ने कहा कि लवदीप यहां नहीं रहता है तो युवकों ने हमला शुरू कर दिया। हमले में समीर खान पर फायरिंग से चोट आई है। लवदीप और प्रदीप पर भी हमलावरों ने हमला बोल दिया। हमले में तीनों युवक घायल हो गए। सभी हमलावर प्लानिंग के साथ आए और फरार हो गए।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस तुंरत मौके पर पहुंच गई थी। सिटी थाना स्तर पर पुलिस टीमें हमलावरों की पहचान कर पकड़ने के लिए गठित की गई हैं। डीएसटी टीम को भी हमलावरों को पकड़ने के लिए टास्क दिया गया है। पुलिस हमलावरों के आने जाने के रास्तों के सीसीटीवी खंगाला रही है, ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। एसपी ने बताया कि जिले भर में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी भी करवाई गई है, ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। एसपी ने बताया कि छात्र फ्लैट में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# नीमकाथाना में दुकान पर फायरिंग कर लूट, दो घायल



बदमाशों की बंदूक की गोली से घायल गोवर्धन सिंह एवं पास में बैठी बहन पिंकी।

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना के औद्योगिक क्षेत्र में विगत रात्रि को एक किराने की दुकान पर लूट करने आए तीन बदमाशों ने फायरिंग कर लूट की घटना को अंजाम दिया। नीमकाथाना कोतवाली थाना अधिकारी भंवरलाल कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र नीमकाथाना में गोवर्धन सिंह राजपूत की किराने की दुकान है जहां रात को तीन बदमाश बाइक पर उसकी दुकान पर लूट को अंजाम देने आए। जब गोवर्धन सिंह ने विरोध किया तो गोवर्धन सिंह के बायें पांव पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर मौके पर गोवर्धन सिंह की बहन पिंकी पहुंची तो बदमाशों ने पिंकी के सर पर बंदूक के बट से वार किया जिससे वह भी घायल हो गई। दोनों को जिला कपिल अस्पताल पहुंचाया गया जहां गोवर्धन सिंह को जयपुर रैफर कर दिया गया। थानाधिकारी कुमावत ने बताया कि इस प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है वहीं घायल गोरधन सिंह की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# रोडवेज प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता के बाद संयुक्त मोर्चे की हड़ताल स्थगित

## रोडवेज कार्मिकों के नियमित वेतन, पेंशन और सेवानिवृति परिलाभ देने के लिए करीब 200 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी रिजर्व का प्रावधान किया जाएगा : आनंद कुमार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि रोडवेज कार्मिकों को नियमित वेतन, पेंशन और सेवानिवृति परिलाभों के भुगतान के लिए 200 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी के रिजर्व का प्रावधान होगा। यह प्रावधान राज्य सरकार एवं विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से किया जायेगा, जिससे कार्मिकों को वेतन, पेंशन तथा एक माह के सेवानिवृत्ति परिलाभों का भुगतान प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस को किया जा सके। वार्ता में रोडवेज निगम के इस निर्णय के बाद संयुक्त मोर्चे की प्रस्तावित हड़ताल स्थगित करने पर कर्मचारियों ने सहमति दे दी है। इसके लिये संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधियों ने निगम अध्यक्ष आनंद कुमार और प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल का उनकी इस सकारात्मक पहल के लिये आभार जताया।

दरअसल रोडवेज श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि मण्डल की रविवार को रोडवेज सीएमडी के साथ वार्ता हुई थी। जहां पर सहमति बनी कि रोडवेज के बेडे में एक हजार बसों को शामिल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक निश्चित सहयोग राशि आगामी 5 वर्षों तक प्रदान की जावेगी तथा 5 वर्ष की अवधि पश्चात उक्त बसें निगम की सम्पत्ति होगी। राज्य सरकार के इस कार्य से निगम को समुचित बसों की आपूर्ति हो पायेगी एवं आम जनता को नियमित रूप से सुविधापूर्ण परिवहन सुविधा निगम उपलब्ध करा पायेगा।



राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष आनंद कुमार और प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल के साथ रविवार को श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की वार्ता हुई।

बैठक में निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने रिक्त पदों पर भर्ती की मांग पर बताया कि निगम की ओर से पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव की पुन: समीक्षा कर आवश्यकतानुसार लगभग 2800 पदों की भर्ती की अनुमति हेतु प्रस्ताव वित्त विभाग राज्य सरकार को प्रेषित किया जावेगा।

उल्लेखनीय है कि निगम के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि मण्डल ने परिवहन मंत्री, निगम अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक की उपस्थिति में अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात की थी, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा निगम अध्यक्ष को संयुक्त मोर्चे की महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके सकारात्मक परिणाम आज प्रतिनिधि मण्डल के साथ आयोजित बैठक में सामने आये है।

बैठक में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक (यातायात) संजीव कुमार पाण्डेय, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन ) अनीता मीना, वित्तीय सलाहकार रामगोपाल पारीक एवं संयुक्त मार्चे के संयोजक एम.एल.यादव, राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन (एटक) के उप महासचिव धर्मेन्द्र चौधरी, राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सीटू) के अध्यक्ष गजराज सिंह कटेवा, राजस्थान रोडवेज मजदूर कांग्रेस इंटक के संयोजक आलोक दुबे, आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव हरगोविंद शर्मा तथा राजस्थान रोडवेज सेवानिवृत कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद पिल्लई मौजूद थे।

- **रोडवेज प्रशासन का कहना है कि 1000 नई बसों के लिए राज्य सरकार प्रति माह एक निश्चित सहयोग राशि रोडवेज निगम को आगामी 5 वर्षों तक देगी तथा 5 वर्ष बाद यह बसें निगम की सम्पत्ति होगी**
- **रोडवेज निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि लगभग 2800 पदों पर भर्ती की अनुमति के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार के वित्त विभाग को भेजा जाएगा**

## जलदायकर्मियों का ''हल्ला बोल'' प्रदर्शन कल

**जयपुर** (कासं)। जलदाय इंटक का प्रदेश स्तरीय हल्ला बोल प्रदर्शन 5 सितंबर होगा। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत और महामंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में मंगलवार को जयपुर के जल भवन मुख्यालय पर हजारों जलदाय कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करेंगे। दरअलस जलदाय विभाग में नई भर्ती और वर्कचार्ज कर्मचारियों को नियमित के आदेश जारी नहीं होने समेत कई मांगों को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने बताया कि जलदाय विभाग में विगत 30 वर्षों से जलदाय विभाग में नई भर्ती नही हुई है, जिसके कारण कर्मचारियो को अधिकृत कार्य से अधिक कार्य कर्मचारियों को करना पड़ रहा है। इसके अलावा वर्ष 1985 के बाद से जलदाय कर्मचारियों को वर्कचार्ज की श्रेणी में शामिल किया हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट सत्र 2022-23 में वर्कचार्ज (कार्य प्रभावित) कर्मचारियों के नव पद सृजित करते हुए नियमित की श्रेणी में शामिल करने की घोषणा की, लेकिन आत तक कार्य आदेश जारी नहीं हुए। इस कारण संगठन के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है, इसलिए संगठन ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपेंगे। आचार संहिता का समय नजदीक होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है, संगठन ने निर्णय लिया है जल्द हमारी मांगो पर निर्णय नहीं किया गया तो बहुत जल्द प्रदेश स्तरीय आंदोलन होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन होगी।

# प्रदेश में एंबुलेंस सेवाएं दूसरे दिन भी ठप रहीं

**जयपुर** । राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के आव्हान पर जयपुर में प्रदेशभर से आए करीब 3 हजार एम्बुलेंस कर्मियों का धरना प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। इससे एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह ठप रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राजस्थान एंबुलेंस कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि पूरे प्रदेश में 108 व 104 एंबुलेंस सेवा पिछले 48 घंटे से पूरी तरह ठप है, लेकिन राज्य सरकार की तरफ से किसी प्रकार से एंबुलेंस कर्मचारियों से वार्ता नहीं की जा रही है। शेखावत ने बताया की रविवार को जेएलएन मार्ग पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सामने पूरे प्रदेश से आए करीब तीन हजार कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस आंदोलन के कारण प्रदेशभर में 108 की 741 एंबुलेंस और 104 की 586 एंबुलेंस सेवा के पहिए पूरी तरह जाम रहे। वहीं आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रदेशभर के अधिकतर एंबुलेंस कर्मचारी जयपुर पंहुच रहे है। शेखावत ने बताया कि राजस्थान में प्रतिदिन 2800 से 3200 मरीजों को एंबुलेंस सेवा से आपातकालीन स्थिति में हॉस्पिटल पंहुचाया जाता है। आज प्रदेश की आम जनता इस सरकार की हठधर्मिता के कारण एक्सीडेंट, मेडिकल केश, आगजनी, प्रसूता महिलाएं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी सरकार अनजान बनकर बैठी है। एम्बुलेंस सेवा चिकित्सा विभाग की सभी सेवाओं में से सबसे महत्वपूर्ण होने के बाद भी सरकार द्वारा इन कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है।

## मैनेजर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट इलाके में होटलकर्मी महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश कर दी है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीया पीडिता मूलत: यूपी के रहने वाली है और पति के साथ रहकर होटल में नौकरी करती है।

आरोप है कि सिक्योरिटी मैनेजर राकेश जबरिया अक्सर उसके साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करता रहता था जिसे वह नजर अंदाज कर रही थी। घटनाक्रम के अनुसार 27 अगस्त को रात करीब साढ़े आठ बजे राकेश उसके घर पहुंचा और जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। अचानक हुई घटना से घबराई महिला चिल्लाई तो पडोसियों के आने पर वह फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।

# तुषारिका सिंह ने यंगस्टर्स को ब्लॉगिंग के गुर सिखाए

**जयपुर** । ब्लॉगिंग परफेक्शन के बारे में नहीं बल्कि आपकी अपनी ओरिजनलिटी और ऑथेंसिटी को अपनाने के बारे में है। इसमें ब्लॉगर की अपनी आवाज़ और व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब होना चाहिए। यह बात ब्लॉगर एवं कम्यूनिकेशन एक्सपर्ट तुषारिका सिंह ने जयपुर में पिक अ बुक बुक क्लब और क्रॉसवर्ड बुकस्टोर द्वारा बच्चों के लिए आयोजित ब्लॉगइमर्ज सेशन के दौरान साझा की। सेशन के दौरान, तुषारिका सिंह ने यंग ब्लॉगर्स को अपने ब्लॉग के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने, नीश सलैक्शन, ब्लॉग का नाम चुनने और सही ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म का चयन करने जैसे ब्लॉगिंग के कई पहलुओं के बारे में गाइड किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ध्यान आकर्षित करने वाली हैडलाइंस तैयार करने, इमेज, वीडियो और ग्राफिक्स जैसे मल्टीमीडिया एलिमेंट्स के साथ ब्लॉग को अधिक आकर्षक बनाने और फॉलोवर्स की कम्यूनिटी का निर्माण करने पर भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।



# मर्जी से उडाया ड्रोन तो अब दर्ज होगा मुकदमा

**जयपुर** (कासं)। छोटी-बड़ी पार्टी हो या फिर शादी-समारोह। शहर हो या फिर ग्रामीण इलाके जहां ड्रोन से शूटिंग का चलन स्टेटस सिम्बल बन गया है। ड्रोन से हुई वीडियोग्राफी पर अब राजधानी में रोक लगा दी गई है। शहर में सबसे छोटे ड्रोन को उडाने के लिए करीब चौबीस घण्टे पहले अनुमति लेनी होगी और मर्जी से ड्रोन उडाया तो पुलिस उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एण्ड ऑर्डर कुंवर राष्ट्रदीप के अनुसार तरह-तरह के आयोजनों में ड्रोन के उपयोग का चलन बढ़ रहा है। इसी बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में ड्रोन का उपयोग कर अपराध की घटनाओं को अंजाम देने की जानकारी भी मिली हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने भी समय-समय पर ड्रोन के इस्तेमाल से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के संबंध में अलर्ट किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर कमिश्नरेट में बिना अनुमति के ड्रोन उडाने पर पाबंदी लगाई गई है। एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया ड्रोन उड़ाने पर सम्बन्धित पुलिस केस दर्ज कर कार्रवाई कर सकती है। दरअसल राजधानी होने के कारण यहां महत्वपूर्ण समारोह, वीवीआईपी मूवमेंट, देशी-विदेशी पर्यटकों आवाजाही है। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन पर पाबंदी लगाई गई है। पुलिस ने आगाह किया है कि नैनो ड्रोन उड़ाने से पहले जहां फोटोग्राफी होनी है सम्बन्धित पुलिस से कम से कम 24 घंटे पहले अनुमति लेनी होगी। ड्रोन को 50 फीट यानी 15 मीटर से ऊपर नहीं उड़ाया जा सकता और जिन इलाकों में पाबंदी है वहां ये वर्जित रहेंगे। राजधानी के सिविल लाइन, सीएम हाउस, राजभवन, विधानसभा, एयरपोर्ट सहित जिला कलेक्ट्रैट, सचिवालय और सभी न्यायालय सहित सरकारी बिल्डिंग, सुरक्षा बलों के मुख्यालय और कार्यालय में ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

## किराए पर लेकर ऑटो लूटने वाली गैंग पकड़ी

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने ऑटो लूट करने वाली गैंग का खुलासा कर तीन बदमाशों को प्राबपर्दा गिरफ्तार किया है। गैंग हमेशा रिंग रोड़ जाने के लिए ऑटो किराए पर लेकर लूटती थी। पुलिस पूछताछ मेंबदमाशों से ऑटो लूट की आधा दर्जन वारदातों को खुलासा हुआ है।

डीसीपी पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण योगी (38) निवासी गांव बीलवा शिवदासपुरा, दीपक मीणा पुत्र शम्भूदयाल मीणा (24) निवासी गांव ठिगरिया, चाकसू और नानकराम शर्मा उर्फ नानू पंण्डित पुत्र छोटीलाल (30) निवासी गांव जयराजपुरा पंचायत बीलवा शिवदासपुरा है। पुलिस ने मुखबीर तंत्र व आसपास के सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर तकनीकी सहायता से गिरोह को पकड़ा है। बदमाशों ने एसएमएस हॉस्पीटल के सामने से फरवरी माह में रिंग रोड के लिए ऑटो किराए पर लिया था। फिर शिवदासपुरा इलाके में सुनसान जगह पर मारपीट ऑटो व नगदी लूट ली। वहीं गोनेर मोड बालाजी मंदिर के सामने से रिगं रोड के लिए किराए पर लेकर दादिया गांव के पास चालक के साथ मारपीट कर नगदी व ऑटो लूट लिया। वहीं सूरजपुरा दादिया की तरफ से एक ऑटो रिगं रोड के लिए किराए पर लेकर राधास्वामी सत्संग भवन के पास लूट लिया और दुर्गापुरा पशू चिकित्सालय के पास से जनवरी में ऑटो रिंग रोड के लिए किराए पर लेकर शिवदासपुरा इलाके में लूट लिया। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

# हाईकोर्ट के चैंबर से वकील का महंगा पेन चोरी हुआ

## पूछताछ करने पर आपस में भिड़े वकील, अशोक नगर थाने में मुकदमा

**जयपुर** (कासं)। हाईकोर्ट के चैम्बर से एक वकील का महंगा पेन चोरी होने की बात पर दो पक्ष आपस में झगड़ लिए। एडवोकेट के साथ हुई मारपीट के बाद मामला अशोक नगर थाने पहुंच गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि एडवोकेट प्रवीण बलवदा निवासी सी-स्कीम अशोक नगर का हाईकोर्ट के ए-ब्लॉक में चैंबर है। जिसमें एडवोकेट मनोज चौधरी भी बैठते हैं। 23 अगस्त को प्रवीण बलवदा का बेटा एडवोकेट मोहित बलवदा और उनकी एडवोकेट पत्नी भावना दोपहर को लंच पर गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो एडवोकेट मनोज चौधरी उठकर चले गए। मोहित ने अपना कोट पहना तो उसमें रखा महंगा पेन गायब मिला। शक के आधार पर मनोज चौधरी से पूछताछ की तो भड़क गया।

मोहित का आरोप है कि मनोज पहले भी महंगे पेन के बारे में पुछताछ कर चुका था। सीसीटीवी कैमरे में मोहित के कोट की जेब में पेन दिखाई दिया। आरोप है कि उसके 2 दिन बाद तक आरोपी एडवोकेट मनोज चौधरी कोर्ट नहीं आए। शक के आधार पर मनोज एडवाकेट से पूछताछ की तो वे गाली-गलौज करने लगा और कुर्सी उठाकर मारने की धमकी दी। आरोप है कि एडवोकेट मनोज ने उनकी पत्नी को भी जान से मारने की धमकी दी। मोहित के एडवोकेट पिता प्रवीण बलवदा ने मामला दर्ज करवाया।

# विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

## जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के ''विश्वकर्मा महाकुंभ'' में 15 हजार महिलाओं ने सुनी संकष्ट चतुर्थी की व्रत की कथा

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान की ओर से विद्याधर नगर स्टेडियम में विश्वकर्मा महाकुंभ में बड़ी संख्या में समाजजनों ने शिरकत की।

चौथ का व्रत होने के बावजूद 15 हजार से अधिक महिलाओं ने विद्याधर नगर स्टेडियम से प्रदेशसभा भवन से कलश यात्रा निकली। स्टेडियम में सामूहिक रूप से मां सिद्धेश्वरी ने चौथ माता की कहानी सुनाई। प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान संजय हर्षवाल ने बताया कि समाज के संत, अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा, दिल्ली के प्रधान रामपाल शर्मा की मौजूदगी में विभिन्न ज्वलंत मांगों को प्रमुखता से उठाया। जिसका हर वर्ग ने समर्थन किया। हर्षवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जांगिड सुथार समाज के योग्य लोगों को राजनीतिक भागीदारी देने के लिए टिकट देना होगा। समाज उसी पार्टी को सहयोग करेगी।

महाकुंभ में ओबीसी का वर्गीकरण कर सामाजिक जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ दिलवाने की मांग उठाई। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में कम से कम 5 से 8 विधानसभा सीटों पर टिकिट देने, समाज के शैक्षिणक विकास, छात्रावास व सामाजिक उत्थान के लिए जयपुर में 50 बीघा एवं प्रत्येक जिले में 5-5 बीघा भूमि का नि:शुल्क आवंटन की मांग भी उठाई। इसी प्रकार जांगिड़, सुथार समाज के हितार्थ बनाए गए विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के आदेश में जांगिड़, सुथार के लोगों को धातु कला के पुश्तैनी कार्य करने वालों का उल्लेख कर इसमें समाज के योग्य व्यक्ति को अध्यक्ष पद पर लगाने की मांग तथा विश्वकर्मा जयंती (माघ शुक्ल त्रयोदशी) के ऐच्छिक अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। समारोह में राजनितिक दलों से टिकिट की दावेदारी करने वाले भंवरलाल जांगिड अजीत माण्डण, रामगोपाल सुथार, पुखराज सुथार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। दुबई से 175, महासभा, दिल्ली के उच्च स्तर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण, 16 प्रदेशों के प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान के 31 जिलाध्यक्ष उनकी ईकाईयां एवं समाज की सभी संस्थाओं, ब्लॉक एवं तहसील सभाओं, मन्दिर समितियों आदि के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जन अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर, राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगडा, जगदीश जांगिड़, भामाशाह भंवर, शंकर कुलरिया, डॉ. समित शर्मा, डॉ.जोगाराम जांगिड़, राहुल जांगिड़, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलू जांगिड़,जयपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चन्द्रयान-3 के जांगिड़ सांईटिस्ट के पिता एवं अन्तराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट संदीप जांगिड़ सहित समाज की प्रतिभाएं मौजूद रही। महामंत्री रमेशचंद्र जांगिड़, विजया लक्ष्मी जांगिड़ ने बताया कि जयपुर समेत पूरे राजस्थान सहित अन्य राज्यों विदेशों से लोग कार्यक्रम में पहुंचें।



अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से विद्याधर नगर स्टेडियम में महाकुंभ आयोजित हुआ।

## सार-समाचार

### नई समिति गठित करने का विरोध

**जयपुर** । वित्त विभाग की ओर से मंत्रालयिक संवर्ग की ग्रेड पे संशोधन, शैक्षिणक योग्यता स्नातक किए जाने एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रमुख कार्मिक सचिव की अध्यक्षता में एक 5 सदस्यीय समिति गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों में एकता स्थापित करने के प्रयास किए जाने के बाद जब मंत्रालयिक महासंघ उससे अलग हो गया, तो मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा शहीद स्मारक पर 94 दिन क्रमिक अनशन किया गया था। मंत्रालयिक महासंघ द्वारा शिप्रापथ पर 64 दिन महापड़ाव किया गया था। 12 जून को प्रमुख कार्मिक सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों के साथ हुई वार्ता में सरकार द्वारा प्रस्तुत समझौता पत्र को सभी संगठनों ने एक स्वर में अस्वीकार कर दिया था। 14 जून को मंत्रालयिक महासंघ द्वारा उसी समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे। उक्त समिति का गठन इसी परिप्रेक्ष्य में किया गया है। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रांतीय सदस्य एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक, राजस्थान मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धाभाई तथा राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री एवं एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने एक संयुक्त बयान जारी कर उक्त समिति गठित किए जाने का घोर विरोध किया है। उन्होंने बताया कि समझौते के ढाई महीने तक सरकार ने समिति गठित करने के लिए कुछ नहीं किया और अब जब आचार संहिता में संभवत: मात्र एक माह का समय रह गया है, तब यह एक बेमियादी समिति गठित की गई है। जिसे कब अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है यह भी आदेश में अंकित नहीं है। जहां सेवानिवृत आई ए एस सावंत समिति एवं खेमराज समिति की रिपोर्ट सरकार ने ठंड बस्ते में डाल रखी है, ऐसे में एक और नई समिति गठित कर पुन: विभिन्न मंत्रालयिक संगठनों से संवाद कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर कोई कार्रवाई होगी यह संदेहास्पद है।

### 251 पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया




**जयपुर** । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की अभिनव पहल पेड़ लगाओ-अपनी अगली पीढ़ी बचाओ के तहत दुर्गापुरा स्थित श्री गोकुल भाई भट्ट जी की समाधि स्थल के अलावा विभिन्न स्थानों-प्रताप नगर, सीतापुरा, सांगानेर पर रविवार को पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें 200 से अधिक वालंटियर्स ने भाग लिया। ट्रस्ट मंडल सदस्य प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण की सीख देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया जिससे पर्यावरण के प्रति लोगों में चेतना जागृत हो एवं प्रकृति का संरक्षण हो। ट्रस्ट महासचिव दुर्गा वर्मा ने सभी का अभिन्दन कर ट्रस्ट की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि ट्रस्ट की इस अभिनव पहल के अंतर्गत बच्चों के जन्म दिन, शादी की वर्षगाँठ, पुण्यतिथि, कन्याओं के जन्म आदि अवसर पर नि:शुल्क पौधारोपण करवाया जाता है। समन्वयक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी ने श्रमदान कर साफ-सफाई की तथा उसके बाद नीम, शीशम, आम, गुलमोहर, जामुन, चंपा आवंला,पीपल, अशोक, अमरुद, अंजीर, गेंदा व गुड़हल आदि, छाया एवं फलदार के 251 पौधे लगा कर सार संभाल का संकल्प दिलाया गया लोगों को स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत का सन्देश भी दिया गया। इस अवसर पर राजस्थान समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह, प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, दुर्गा वर्मा, स्वीट जिंजर के निदेशक शंकर हेमराजनी, कौशल सत्यार्थी, भास्कर, दिनेश, नितेश सहित जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट कॉलेज, जेइसीआरसी यूनिवर्सिटी, मणिपाल यूनिवर्सिटी, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, सुबोध पी.जी. कॉलेज, वीआईटी यूनिवर्सिटी के वालंटियर्स मौजूद रहे।

### टैंट-गार्डन समिति का अधिवेशन संपन्न



**जयपुर** । जयपुर ज़िला टैंट एवं गार्डन समिति जयपुर का एक दिवसीय महाधिवेशन ''समागम-2023'' सीकर रोड सिथत रामेश्वर गार्डन में सम्पन्न हुआ। जहां मुकेश छीपा को राजस्थान टैंट डीलर्स किराया व्यवसायी समिति का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया और रजनीश कुमार शर्मा को जयपुर ज़िला टैट एवं गार्डन समिति का पुन: सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया है । कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश चेयरमैन डा.रवि जिन्दल, आल इंडिया महासचिव अनिल राव, कोषाध्यक्ष पंकज शोकिन, राजस्थान अध्यक्ष रास बिहारी शर्मा, राज कुमार तालुका, जितेन्द्र गर्ग, पर्वत सिंह भाटी और जयपुर संरक्षक कैलाश अग्रवाल, अध्यक्ष रजनीश कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा, महासचिव मुकेश छीपा, सचिव गोरधन लाल शर्मा, गोपाल गर्ग, कोषाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पुरषोत्तम बड़ाया, महेश सैनी, मनोज छीपा व उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

### अब्दुल वहीद अब्बास स्टेट कन्वीनर बने



**जयपुर** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जवाहर बाल मंच में अब्दुल वहीद अब्बास को राजस्थान स्टेट सोशल मीडिया कन्वीनर नियुक्त किया गया है। जवाहर बाल मंच के नेशनल चैयरमेन जी.वी.हरी और नेशनल कॉर्डिनेटर जनाब तैय्यब शाहिद का तहदिल से आभार जताया।

### कमाण्डो ने ससुर पर किया हमला

**जयपुर** । करधनी इलाके में एक कमाण्डो ने लोहे के पाईप से अपने बुजुर्ग ससुर का सिर फोड़ दिया। बुजुर्ग के चिल्लाने पर पडौसी आए तो आरोपी फरार हो गया। भागते समय कमाण्डों की सरकारी पिस्टल मौके पर गिर गई। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि वारदात का शिकार देवीसिंह राठौड (67) जीण माता नगर हरनाथपुरा का रहने वाला है। उसकी बेटी मंजू कवंर की शादी 4 दिसम्बर 2018 को पुष्पेन्द्र सिंह रत्नावत के साथ हुई थी। पुष्पेन्द्र पुलिस में कमाण्डो है और एडीजी स्तर के वरिष्ठ आईपीएस के यहां गनमैन है। मंजू कंवर का आरोप है कि शादी के बाद से पुष्पेन्द्र दहेज के लिए प्रताड़ित करता था जिसके चलते वह करीब डेढ़ साल से अलग रह रही है। वह अपने दो साल के बेटे के साथ पिता के पडोस में किराए पर मकान लेकर प्राईवेट नौकरी करती है। मंजू ने पुलिस को बताया कि 1 सितम्बर को बेटे की तबीयत खराब होने से वह नौकरी पर नहीं गई। पुष्पेन्द्र ने फोन कर उसे घर बुलाया लेकिन वह नहीं गई। तो मारने की धमकी देकर देर रात ससुराल आ गया। आरोपी ने आते ही कार में तोड़फोड़ की। मंजू के पिता देवीसिंह बाहर आए तो पुष्पेन्द्र ने सिर पर लोहे के पाईप से हमला कर दिया। घायल बुजुर्न का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

**जयपुर** । प्रदेश में सोमवार को आयोजित किए जाने वाले कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रसादी लाल मीणा लालसोट की शाहपुरा पीएससी से शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत 1 से 19 साल तक की उम्र के लगभग 3 करोड़ 33 लाख लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवाई खिलाई जायेगी।



## 13.5 Billion Years Old Hydrogen

Hydrogen was the first chemical element that appeared at the beginning of the universe's existence. All the hydrogen in the world has existed since that time, and new hydrogen has not appeared. This means that the age of every atom of hydrogen in the world, including those in the human body, is around 13.5 billion years old. A little later, as a result of nuclear synthesis some hydrogen atoms became atoms of helium, carbon and so on. But around 75% of the mass of the visible universe still consists of hydrogen.



#FLAVONOIDS

# Skip Bananas In Your Smoothie

Ottaviani says that people who are trying to consume flavanols should consider preparing smoothies by combining flavanol-rich fruits like berries with other ingredients that also have a low PPO activity like pineapple, oranges, mango, or yogurt.People who want to consume smoothies with bananas, or other high PPO activity fruits and vegetables such as beet greens, Ottaviani's suggestion is to not combine them with flavanol-rich fruits such as berries, grapes, and cocoa.



Certain combinations of ingredients can reduce the amount of flavanols in a smoothie, a study shows.



The study, published in the journal Food and Function, used smoothies to test how various levels of polyphenol oxidase (PPO), an enzyme in many fruits and vegetables, affect the levels of flavanols in food that the body absorbs. Flavanols are a group of bioactive compounds that are good for your heart and cognitive health and are naturally found in apples, pears, blueberries, blackberries, grapes, and cocoa-common smoothie ingredients.

"We sought to understand, on a very practical level, how a common food and food preparation like a banana-based smoothie could affect the availability of flavanols to be absorbed after intake," says lead author Javier Ottaviani, director of the Core Laboratory of Mars Edge, which is part of Mars, Inc., and an adjunct researcher with the University of California, Davis department of nutrition.

The researchers had participants drink a smoothie made with banana, which has high PPO activity, and a smoothie made with mixed berries, which have low PPO activity. Participants also took a flavanol capsule as a control. The researchers analysed blood and urine samples to measure how much flavanols were present in the body after ingesting the smoothie samples and capsule. Participants who drank the banana smoothie had 84% lower levels of flavanols in their body compared to the control.

"We were really surprised to see how quickly adding a single banana decreased the level of flavanols in the smoothie and the levels of flavanol absorbed in the body," Ottaviani says. "This highlights how food preparation and combinations can affect the absorption of dietary compounds in foods." Ottaviani says that people who are trying to consume flavanols should consider preparing smoothies by combining flavanol-rich fruits like berries with other ingredients that also have a low PPO activity like pineapple, oranges, mango, or yogurt.

People who want to consume smoothies with bananas, or other high PPO activity fruits and vegetables such as beet greens, Ottaviani's suggestion is to not combine them with flavanol-rich fruits such as berries, grapes, and cocoa.

The findings of this study could spur future research into how other foods are prepared and the effects on flavanols, for example, Ottaviani says tea is a major dietary source of flavanols and depending on how it is prepared, a different amount of flavanols would be available for absorption.

"This is certainly an area that deserves more attention in the field of polyphenols and bioactive compounds in general," says Ottaviani.

Additional researchers from UC Davis, the University of Reading, King Saud University, and Mars, Inc. contributed to the research.



# Swedish Death Cleaning Away with the clutter

So let's dump it all! We then made the cardinal mistake. We opened the cartons and trunks and tried to see what was useful and to whom. The principle that nothing should go waste was important. The decision to pass on was in place- but to whom? Again a division was required. Let us give the clothing to staff and other needy people in our surroundings. The selection was to be made according to size. It could not have been a bigger mistake. Hours were spent in creating separate bundles. The rest was to be packaged and sent away. To where? The orphanage we gave to before had closed down and the new one did not want clothes. We found an NGO who were willing to use our clothes. But there were conditions. They should be well sorted out, complete and properly ironed. They should then be delivered to a specific place about 20 km from home and that too between 2:00 and 4:00 pm. Finally, I presume, they will end up with the Missions of Charity people who never say no and do their own sorting.



Surgical Equipment



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

I have lived in an ancestral home for most of my life. Like many others I can therefore talk at length about the advantages of living in one. Being born and bred in the house we are familiar with every nook and cranny. There are incidents related to each which would regale an interested audience for many an evenings. I am not going to delve there. Today I am going to tell you about a myth related to our homes. It is called space!

When our bungalow was built in the 1940's special attention was made so that open spaces had been reduced to improve movement as well as avoid the dust and heat. The other modification made was to have space for every purpose. That meant that rooms were created for every known purpose of living in style. Besides the three bedrooms (Which fell short very soon!), Living/drawing room, dining room, consultation room and library were included in the plan. The Kitchen was a complex- an actual cooking area with multiple shelves for cooking utensils, crockery and cutlery. It also had its own 'store'. It was common practice to get gunny bagful of grain, sugar and other condiments during the right season. Oil was bought when it was freshly pressed. Rice was procured from the new crop with the intention of using after three years of maturing. The wheat was checked for its whiteness but red ones were also bought for their so called sweetness. Sugar and Jaggery too came in large sacks. All spices had to be bought whole. Grinding was done at home in a mortar and pestle; I still remember the large sized cast iron one which echoed everywhere in the house. It was quite heavy to lift. There was also a grinding stone with a separate flat stone. This was periodically roughened by itinerant professional who was a sight to watch. He had these two small sharp pointed pickaxes with which he would pockmark the surface of the grinding stone. What I really mean is that the kitchen store had to be large.

If the kitchen needed so much space imagine how much space the other things required. Another 'Store room' of larger proportions with thick stone slab shelves were designed for the purpose. Initially it was where all those steel trunks were kept. You know- those ones that contained the woollies during summer; the bed linen and other household linen which had been bought in bulk from time to time needed trunks too. Being a well-travelled family we had those beautiful 'Cabin Trunks' with a leather exterior and huge shiny brass clasps and locks. They took up a humungous space. Later as the members of the family increased in number, the trunks also did the same. This huge aluminium trunk stored all the quilts and blankets. From the earliest Lalimli ones to the new synthetic Spanish one required a lot of space. As if that was not enough, cans of kerosene oil, white petrol (For removing stains) and all sorts of garden utensils were stored. My father had at one time bought some World War II disposal items. Space had to be found for a full four person canvas tent, poles and ropes and a deflated two seater rubber boat in the store. As time passed, when the nursing home closed down, all the surgical instruments, drums and sterilizers were also stored. That large store started looking small. So why not create another room for extra stuff? All the school trophies won by the boys and all the mementos from the conferences soon lost their lustre and were moved from the display area to trunks and cartons. Then came the time when the in-laws moved in with us. They brought a whole container full of stuff which too was stored. Very little was used and none were given away. This sequence of acquisition and storing has been going on for more than five decades.



More Shelves

#SEVERANCE



Cabin trunk

> Being a well-travelled family we had those beautiful 'Cabin Trunks' with a leather exterior and huge shiny brass clasps and locks. They took up a humungous space. Later as the members of the family increased in number, the trunks also did the same. This huge aluminium trunk stored all the quilts and blankets. From the earliest Lalimli ones to the new synthetic Spanish one required a lot of space. As if that was not enough, cans of kerosene oil, white petrol and all sorts of garden utensils were stored.

One day Nirmal and I looked at all this and said that we had two choices. One was the easy way- Ignore it and let the next generation, which had lesser attachment, take care of it after we had passed away. The other was to grit our teeth and make an attempt to dispose away the stuff. We were well aware that there was little chance that more than half of the stuff in the two stores were likely to be used again.

So let's dump it all! We then made the cardinal mistake. We opened the cartons and trunks and tried to see what was useful and to whom. The principle that nothing should go waste was important. The decision to pass on was in place- but to whom? Again a division was required. Let us give the clothing to staff and other needy people in our surroundings. The selection was to be made according to size. It could not have been a bigger mistake. Hours were spent in creating separate bundles. The rest was to be packaged and sent away. To where? The orphanage we gave to before had closed down and the new one did not want clothes. We found an NGO who were willing to use our clothes. But there were conditions. They should be well sorted out, complete and properly ironed. They should then be delivered to a specific place about 20 km from home and that too between 2:00 and 4:00 pm. Finally, I presume, they will end up with the Missions of Charity people who never say no and do their own sorting.

This morning the LOH (lady of the house) woke up with a determination to do more. So she entered the supplementary store room and jumped back in horror. The white ants had decided to invade the room. The wall and many of the paper cartons were streaked with thick earthy white-ant ridden strips. Disposal became a far thought. Urgent evacuation of all the stuff was done. The room thoroughly washed, cleaned and treated with pesticide. The time had now come to determine what to do with the stuff inside.

### The short list follows.

My mother in law's 70 years old electric Singer sewing machine-non-functional. No parts and repairing impossible.

Four type writers. All in order but have become undesirable after the word processor. Two in English and one in Hindi require new ribbons and carbon papers to refurbish. The electric one brought from Dubai is defunct because neither the 'Golf ball' nor the carton of very expensive magnetic tape is now manufactured.

All sorts of film cameras from the earliest Kodak box camera to the newer Yashika Rolleiflex and even newer Olympus OM-1 SLR are unusalable because no film is available. The inherited 8mm movie camera is also a part of the pile. For that matter, who would lug these when the mobile camera with much better features are currently available?

Finally the heart breaking item! The old hand winding HMV gramophone cannot be used because the spring is broken and pins are not available for love and money. So the hundred or more vinyl 78RPM records in Bengali and Hindi lying dumbly waiting to be heard once again. Where do these go?

And I forgot to mention all those electrical gadgets which are now out of order for want of parts- two Microwaves, Geysers and room heaters and few table fans.

'You know they are good stuff. All they need is the right man and parts'. Have you heard that sentence before?

I just cannot imagine all these being handed over to the 'Raddiwala'. Although they are silent they just cannot be allowed to go unheard.

Recently I came upon a book –'The gentle art of Swedish death Cleaning' by Margreta Magnusson. It was a gold mine of suggestion of debulking a space. I am told there is an ongoing TV shows which demonstrates this.

Swedish death cleaning isn't about clearing out closets. It is about rethinking our relationship with things; Making do with less. Decades of research has shown that we accept our possessions as a physical part of ourselves and parting is like an amputation of a limb.

### The tricks are quite unique.

- Give away one item every day.
- Think before you buy. Do you really need this? Anything that looks pretty today is jaded after a small period.
- Give away something to the next generation, which you would do anyhow, before you die. Enjoy their pleasure.
- Start with the easy stuff. Clothes and other apparel are the easiest. Photographs, personal papers or letters are the hardest to clear out.
- Don't rush but do something every day.
- Keep the things that make you happy.
- Finally a smart move! Pack things you think you do not need in cartons and put a date on them. If you have not opened the package in a year discard it UNOPENED!

If you can live with a cluttered brain why not do the same about your home until it bursts its seams! Easy peasy!

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Store Room

#J'ADORE

# Nailing The Art Right!

## The best looks at the tips of your fingers.







A woman's hands are the ultimate form of self-expression (even more so if you're a hand talker). From nail shape to hygiene to design of choice, the truth is you can tell a lot about a person based on their hands.

It's also one of the easiest ways to experiment with your look by playing with colours, textures, designs, and shapes—and unlike switching up your hair colour or hairstyle, it doesn't have to be too committal.

The good thing about nail trends is that it's fairly non-judgmental—there's no colour or design that's ever deemed "out of style" because nail aesthetic is so subjective.

However, #nailartinspo is easily spreadable thanks to the plethora of hand selfies on social media, sparking trends that nail artists get more requests to fulfill.

From classic nail colours to more daring nail designs, we rounded up a slew of nail looks that are predicted to be extra trendy—and sure to spark inspiration for your next mani.



### Mermaid Nails

**Want** a mani that can make a splash? We love the mermaidcore theme we've spotted emerging amongst mani trends, whether it's pearlescent shell-like finishes, fish-scale chrome details, ocean blues and greens or 3D wet-look droplets and gems. Count us in.

### Glazed Lemonade Nails

**Heading** into the warmer weather, brighter glazed neons like these lemonade nails will trend. Chromes have been around for a while but they're definitely going anywhere with more and more detail paints and colours becoming available.



### Barbiecore Nails



**The** Barbiecore movement is already in motion and we've seen an explosion of pink nails across social media and on the nails of some of our favourite manicurists and influencers. But there's still plenty of room for personalisation. We've seen all-over hot pinks, glazed pinks, two-tone pinks, gradient pinks and pink French tips, or even a mash-up of more than one.



### Swirl Nails

**Fun,** fresh and colourful, we keep spotting swirl and wave nails everywhere. They're cute, funky and a good-time vibe.



### Colourful Chrome

**Glazed** nails are going nowhere, but one way to bring the summer vibes is to make it colourful. We love this rainbow sorbet mish-match of shades.



### Nail Jewellery

**Another** nienties/noughties throwback, nail piercings and jewellery are making a return, so prepare to see little studs and dangly jewellery dripping from nail tips.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डॉ. पूनियां ने महारानी अवंतीबाई जन्म जयंती समारोह में लोधा समाज बंधुओं से संवाद किया

## कोटा में पूनियां ने पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के भतीजे विजय के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**कोटा/जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बारां के छबड़ा में महारानी अवंतीबाई जन्म जयंती समारोह में सम्मिलित होकर लोधा समाज बंधुओं से संवाद किया। जहां भारी संख्या में लोधा समाज के प्रबुद्धजन और युवा शक्ति मौजूद रही। इसके बाद बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के कथा कार्यक्रम में भक्तजनों के साथ कथा का श्रवण किया। इससे पहले कोटा पहुंचकर सतीश पूनियां ने पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के भतीजे विजय गुंजल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की और गुंजल परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।




समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां का स्वागत किया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे एवं तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए विवादित बयान पर कोटा में मीडिया से बातचीत में डॉ. सतीश पूनियां ने पलटवार करते हुए कहा कि, सनातन कभी खत्म नहीं होगा, इस तरीके के तात्कालिक संगठन खत्म हो सकते हैं, इस तरीके के जुगाड़ू विचार खत्म हो सकते हैं, लेकिन सनातन का विचार, राष्ट्रवाद का विचार, हिंदुत्व का विचार यह कभी खत्म नहीं हो सकते।

उदयनिधि स्टालिन का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, बहुत ही निंदनीय है, लेकिन यह बात उनको समझ लेनी चाहिए उनका विचार खत्म हो सकता है, लेकिन सनातन का विचार कभी खत्म नहीं हो सकता। वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर मीडिया से बातचीत में पूनियां ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी कमेटी बनाई है, कमेटी जो सिफारिश करेगी उसके आधार पर आगे तय होगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव के चलते लंबे समय तक आचार संहिता के कारण विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं, इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन देश का बड़ा मुद्दा है, क्योंकि सालभर तक चुनाव चलते रहते हैं ऐसे में एक बड़ा खर्चा होता है, इस पर लगाम लगाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन

> ■ 'स्टालिन की पार्टी का विचार खत्म हो सकता है, लेकिन सनातन का विचार, राष्ट्रवाद का विचार, हिंदुत्व का विचार कभी खत्म नहीं हो सकते'

की मांग लंबे समय से चली आ रही है। न्यायपालिका को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि, देश में तीन बड़े स्तम्भ हैं, जो संविधान की छाया में फलते फूलते हैं, कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, उनका अपना सम्मान है, उनका अपना स्थान भी है, इसलिए मुख्यमंत्री ने जो बयान दिया वह निंदनीय है, इससे उन्होंने पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई है।

# बड़ागांव की धाकड़ बेटी ने एक वर्ष में 19 मेडल जीते



देव सेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने छात्रा को बधाई दी।

**बड़ागांव, (निसं)।** बड़ागांव गुर्जरों की ढाणी देवनगर की रहने वाली वसुंधरा गुर्जर ने 1 वर्ष में जिला स्तर से राज्य स्तर तक 19 मैडल हासिल कर चुकी है। वसुंधरा के पिता विद्याधर गुर्जर एक साधारण किसान है। लेकिन धाकड़ बेटी की तमन्ना है कि वह नेशनल में खेल कर देश और प्रदेश का नाम हासिल करें।

देव सेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने होनहार छात्रा को बधाई देते हुए रविवार को घर पहुंच कर देवसेना का मोमेंट भेंटकर, साफा, माला पहनाकर वसुंधरा का सम्मान किया। देव सेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने बताया

> ■ वसुंधरा गुर्जर का नेशनल खेलने का सपना है

कि पहले गुर्जर समाज की लड़कियां चारदिवारी से बाहर नहीं निकलती थी। लेकिन आज देश और विदेश में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा की बेटियां बेटों से कम नहीं है। प्रदेश सचिव गुर्जर ने कहा जुनून और जब्बा होना चाहिए। हर मुकाम तक पहुंच सकता है इंसान। इस मौके पर अंकित गुर्जर, पायल गुर्जर, रेखा गुर्जर, ममता गुर्जर, ऋषिका गुर्जर, उषा गुर्जर मौजूद थे।

# वीरांगना अवंतीबाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे : पूनियां

## डॉ. सतीश पूनियां ने लोधा महापुरुषों के त्याग के बारे में बताया

**छबड़ा, (निसं)।** लोधावंश में जन्मी वीरांगना अवंती बाई ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी के लिए प्रेरक बनते हैं और जनजागृति उत्पन्न करते हैं। यह विचार भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीष पूनियां ने रविवार को महारानी अवंती बाई लोधा की जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित समारोह में उमड़े जनसमुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

समारोह की अध्यक्षता लोधा समाज के प्रदेषाध्यक्ष एवं मनोहरथाना विधायक गोविंद प्रसाद रानीपुरिया ने की। इससे पूर्व कस्बे में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने गले में केसरिया दुपट्टा व सिर पर केसरिया पगड़ी धारण कर शोभायात्रा की सुंदरता बढ़ाई। रविवार को सिंघवी गार्डन से कृषि उपज मंडी तक भव्य

> ■ युवाओं से समाज में शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देने का आव्हान किया

शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अवंतीबाई की झांकी सजाई गई। जिसमे घोड़े पर भी किशोरी अवंतीबाई के रूप में सजी-धजी चल रही थी एवं शोभायात्रा में समाजबंधु व युवा अपने हाथ में भगवा पताकाएं लहराते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का अंबेडकर सर्किल, अहिंसा सर्किल, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा तक रास्ते में जगह-जगह समाजसेवियों व विभिन्न संगठनों द्वारा तोरण द्वार सजाकर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत-सत्कार किया। वहीं, कृषि उपज मंड़ी में आयोजित समारोह को उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीष पूनियां ने संबोधित करते हुए लोधा महापुरुषों के त्याग के बारे में बताया और युवाओं से समाज में शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देने का आव्हान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार लोधी (डेविड) ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई द्वारा बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। आमसभा में अतिथियों के रूप में कमलबापू राष्ट्रीय संत एमपी, राष्ट्रीय महासचिव हरिपाल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष ललिता लोधा, राजस्थान के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रामकिशन, राजस्थान के प्रांतीय प्रवक्ता भंवर ठाकुर, प्रांतीय संरक्षक वैद्य घांसीलाल लोधा, मयाना छात्रावास निर्माण समिति अध्यक्ष राधेश्याम, युवा महासभा झालावाड़ उपाध्यक्ष परमानंद लोधा, बाबूलाल बारां, लालाराम, केदारसिंह गुना, एमपी सरपंच परमानंद लोधा, झालावाड़ जिलाध्यक्ष कनीराम लोधा, नंदलाल लोधा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष उदयसिंह लोधा, हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक गिर्राज गुर्जर और विहिप जिलाध्यक्ष संग्रामसिंह मीणा मौजूद रहे।

# वेल्डिंग करते मशीन में लगी आग, दो झुलसे

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में सूरसागर इलाके के कबीरनगर में वेल्डिंग गैराज में वेल्डिंग करते समय आग लग गई। आग ट्यूबवेल खोदने वाली मशीन के पेट्रोल टैंक में लगी। अचानक लगी आग से वेल्डिंग कर रहे दो युवक झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद शास्त्री नगर फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तुरंत आग पर काबू पाया।

फायर अधिकारी प्रशांत सिंह चौहान ने बताया सूरसागर क्षेत्र के कबीरनगर में एक वेल्डिंग गोदाम में रविवार दोपहर आग लग गई। गोदाम में वर्कर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। वेल्डिंग की चिंगारी से ट्यूबवैल खोदने वाली मशीन के पेट्रोल टैंक में आग लग गई। देखते देखते आग विकराल हो गई। इसकी चपेट में आने से वेल्डिंग कर रहे दो युवक झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए तुरंत हॉस्पिटल भिजवाया गया। हालांकि समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय गैरेज में फायर सेफ्टी के उपकरण भी नहीं रखे हुए थे।

# हेमलता राजे के नेतृत्व में शुरू हुई पदयात्रा घेवडा पहुंची

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर से एक सितंबर को रामदेवरा के लिए हेमलता राजे के नेतृत्व व अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में शुरू हुई पदयात्रा रविवार को प्रात: बालरवा से आरती के बाद पुन: शुरू हुई व तिंवरी होकर घेवडा गांव पहुंची।

अचलानन्द गिरी के निजी सचिव रघुवीर सिंह भदावत ने बताया कि बालरवा में पड़ाव स्थल पर महारानी हेमलता राजे व सैनाचार्य अचलानन्द गिरी महाराज ने आरती की व सैकडों महिला व पुरुष पदयात्रियों के साथ उत्साह आस्था के साथ पदयात्रा शुरू की। बालरवा के रास्ते जगह-जगह



हेमलता राजे के नेतृत्व में महिला व पुरुष पदयात्रा में साथ हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने स्वागत किया। पदयात्रा में पूर्व विधायक शेरगढ बाबू सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह भाटी उम्मेद नगर, पूर्व विधायक भैराराम सियोल, गोपाल सिंह भलासरिया, जसवंत सिंह इंदा, महावीर सिंह गंठिया सहित अनेक

> ■ पदयात्रा का बालरवा के रास्ते जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया

व्यक्ति साथ थे।

पदयात्रा संयोजक सुरेश बुगालिया ने बताया कि तिंवरी में तहसील के सामने मारवाड के महाराजा मानसिंह के समय मेहरानगढ़ में पठानों से युद्ध करते हुए शहीद हुए वीर गुमान से राजपुरोहित के शौर्य स्मारक का सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में हेमलता राजे के मुख्य अतिथि में अनावरण हुआ।

# उपराष्ट्रपति के डिग्गी आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ पांच सितम्बर को आयेंगे



दिल्ली से डिग्गी पहुंचे वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने तीनों हेलीपेडों पर अलग-अलग समय पर लैडिंग कर पूर्वाभ्यास किया।

**मालपुरा, (निसं)।** धर्मनगरी डिग्गी में कल्याणजी महाराज के दर्शनों के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के 5 सितम्बर को आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

रविवार को दिल्ली से डिग्गी पहुंचे वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने तीनों हेलीपेडों पर अलग-अलग समय पर लैडिंग कर पूर्वाभ्यास किया। जिला कलेक्टर के निर्देशों पर उपराष्ट्रपति के आगमन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई चूक होने से रोकने तथा सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद किये जाने को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अम्ला मुस्तैदी से जुटा हुआ है। डिग्गी अस्पताल में अस्थाई आईसीयू वार्ड बनाया गया है तो हेलीपेड से मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए 800 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों का जाप्ता तैनात किया गया है।

एम्बुलेंस सहित चिकित्सा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखे जाने के बीसीएमओं को निर्देशित किया गया है। उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर केन्द्रीय रक्षा दल की विशेष निगरानी के लिए सुरक्षा दल डिग्गी पहुंच हेलीपेड व कल्याण जी मंदिर सहित मार्ग की तमाम व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उपराष्ट्रपति के डिग्गी में 55 मिनट रूकने का रूठ चार्ट बना सुरक्षा एजेंसियों के सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर व एसपी का दो दिन डिग्गी में कैम्प रहेगा। उपराष्ट्रपति के दौरे के दौरान पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे व डॉन से निगरानी होगी।

# महिला के गले से पेंडल छीन भागे बाइक सवार बदमाश

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के सुआ बाग के पास हाईवे 44 पर रविवार दोपहर दिनदहाड़े दो बाइक सवार लुटेरों ने चलती बाइक से महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लूट की वारदात में एक वृद्ध सहित दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें जिला चिकित्सालय धौलपुर में भर्ती कराया गया है।

मनियां थाना पुलिस ने बताया कि रमेश चंद्र पुत्र दौलत राम निवासी मसूदपुर थाना सदर धौलपुर अपनी पुत्रवधू अनीता पत्नी जगदीश तथा अपनी पुत्री कमलेश पत्नी राजेश निवासी उदईया का नगला खैरागढ़ उत्तर प्रदेश को अपनी बाइक पर बिठाकर मनियां से धौलपुर की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में हाइवे स्थित सुआ बाग के पास इंडियन पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक सवार बदमाश पीछे से तेज रफ्तार में आए और पीड़ित रमेश चंद की चलती हुई बाइक पर बैठी पुत्री कमलेश के गले में पहनी हुई पेंडल चैन को झपट्टा मार कर ले गए।

बताया जा रहा है कि दोनों बाइक सवार लुटेरे धौलपुर की ओर भाग निकले। लूट के दौरान पीड़ित रमेश चंद्र की बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक हाईवे पर फिसल गई। इस दौरान पीड़ित सहित बाइक पर बैठी पुत्रवधू अनीता और पुत्री कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से दर्शनार्थी की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**करौली, (नि.सं.)।** कैलामाता के दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई। वही करीब एक दर्जन से अधिक महिला, पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर के निकटवर्ती महाराजपुरा थाना क्षेत्र के महिला, पुरुष कैलामाता के दर्शन करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से आए थे जो रविवार को प्रात: दर्शन कर वापस लौट रहे थे। लौटते समय करौली सरमथुरा सड़क मार्ग पर स्थित बथुआ खो के पास चालक का संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिसमें सवार यात्रियों में से एक यात्री साहब सिंह पाल पुत्र सुवालाल बघेल 40 निवासी सेठारी थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई एवं करीब एक दर्जन से अधिक महिला पुरुष हेमंत पुत्र केवल सिंह, शालिग्राम पुत्र चंदन सिंह, मीराबाई पत्नी दाताराम, विनोद पाल पुत्र दुर्गा प्रसाद, सतीश पुत्र रोहित, झनका पुत्र सोवरन सिंह, केसंती पत्नी अजमेर सिंह, नारायण पुत्र गोविंद, धर्मेंद्र पुत्र ओमप्रकाश कुशवाहा, आशीष दुबे पुत्र राजेश, मूली सिंह पुत्र राम भरोसी, अजमेर सिंह पुत्र जगन्नाथ गंभीर रूप से घायल हुए। इनके अलावा करीब आधा दर्जन से अधिक यात्री चोटिल हुए घायलों को एनएच 11वी सड़क मार्ग की एंबुलेंस के माध्यम से करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां साहब सिंह पाल पुत्र सुवालाल बघेल को मृत घोषित कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं घायलों को भर्ती कर उपचार दिया।

सामान्य चिकित्सालय पुलिस चौकी के कांस्टेबल रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना परिवार जनों को दी गई परिजनों के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजन को सुपुर्द किया और घायलों को रैफर किया।

# पत्थरबाजी के बाद 14 जनों को गिरफ्तार किया



चूरू के वार्ड नम्बर एक में दो समुदायों के बीच हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस बल तैनात रहा।

**चूरू, (कासं)।** शहर के वार्ड एक में शनिवार देर रात दो पक्षों में हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने मामले में 14 जनों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार पुलिस मौके के वीडियो के आधार पर लोगों को चिन्हित कर रही है। यहां कोतवाली थाने के सीआई अरविंद भारद्वाज ने बताया कि वार्ड संख्या एक में दो पक्ष में हुए झगड़े को लेकर दोनों पक्षों के सात-सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि एक पक्ष के वार्ड संख्या 60 निवासी 29 वर्षीय देवानंद उर्फ़ देवा, वार्ड संख्या 2 निवासी विशाल सैनी उर्फ बंटी, वार्ड संख्या 60 निवासी 26 वर्षीय रवि सैनी, वार्ड संख्या 3 निवासी 48 वर्षीय श्याम सुंदर, वार्ड संख्या 60 निवासी 52 वर्षीय श्यामलाल, वार्ड संख्या 3 निवासी 40 वर्षीय महेंद्र कुमार उर्फ मोहर सिंह, वार्ड संख्या 5 निवासी 42 वर्ष सुरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के वार्ड संख्या 60 निवासी 38 वर्षीय मुंशी खान, 32 वर्षीय असलम, मोहम्मद साहिल, जाकिर, सोहेल, साबिर और वार्ड संख्या 3 निवासी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया गया है।

# समस्याओं के समाधान के लिए चार पार्षद सीएम से मिलने के लिए साइकिल से रवाना

## बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर साइकिलों से रवाना हुये

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के चार पार्षद 13 सूत्री मांगों के समाधान को लेकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर मुख्यमंत्री से मिलने के लिए साइकिलों से रवाना हुए।

नगर पालिका परिसर पर कस्बेवासियों ने पार्षद अनिल शर्मा, राजवीर सिंह, दामोदर प्रसाद वर्मा व पार्षद प्रतिनिधि अशोक सामरिया को फूल माला पहनाकर कस्बे के विकास में आ रही बाधाओं के निस्तारण के लिए रवाना किया। पार्षद अनिल शर्मा ने बताया कि कस्बे में स्वरोजगार के लिए सब्जी मंडी की स्थापना, दिन प्रतिदिन बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के अलावा अस्पताल मार्ग पर मरीजों के आने-जाने के लिए सुविधाएं, पट्टा की पत्रावलियों का निस्तारण, कस्बे में सीवरेज लाइन डालने, रिंग रोड बनाने, हर धर्मशालाओं के बाहर आने वाले



चार पार्षद बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर साइकिलों से रवाना हुये।

यात्रियों के लिए नि:शुल्क पानी और शौचालय की व्यवस्था का बोर्ड लगाने सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर वार्ड पार्षद अनिल शर्मा के नेतृत्व में साइकिलों से रवाना हुए हैं। सोमवार को चारों पार्षद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर

> ■ 13 सूत्री मांगों को लेकर वार्ड पार्षद अनिल शर्मा के नेतृत्व में साइकिल दल रवाना

समस्याओं के समाधान की मांग रखेंगे और ज्ञापन देंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि किसी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई करे बगैर हमारी समस्याओं का समाधान समय रहते पूरा किया जाए जिससे आने वाले लाखों श्याम भक्तों व कस्बे वासियों को सुविधा मिल सके। बाबा श्याम के दर्शन के बाद श्रद्धालु एक अच्छा संदेश लेकर अपने घरों के लिए प्रस्थान करें इसी संकल्प को पूरा कराने को लेकर चारों पार्षद साइकिलों से मुख्यमंत्री के पास मिलने के लिए रवाना हुए हैं।

## दिव्यांगों को स्कूटी भेंट की

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** आलीसर निवासी सत्यनारायण शर्मा पुत्र बद्रीनारायण और सिंगोदकलाँ निवासी बजरंग लाल तिवाड़ी पुत्र मदन लाल को विधायक रामलाल शर्मा ने मोटराइज्ड स्कूटी भेंट की। दिव्यांगों को उसके निवास स्थान पर जाकर विधायक रामलाल शर्मा ने स्कूटी भेंट की। ग्रामवासियों ने विधायक शर्मा का साफ़ा एवं माला पहनाकर स्वागत किया और साथ ही दिव्यांगों और उनके परिजनों ने आभार व्यक्त किया। दिव्यांग सत्यनारायण शर्मा और बजरंगलाल तिवाड़ी ने विधायक शर्मा से स्कूटी देने की मांग की थी। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि दिव्यांग व्यक्ति को अपने निजी कार्यों के लिए दूसरो पर आश्रित होना पड़ता है। जिस कारण उससे काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दिव्यांग को स्कूटी मिलने से वो स्वयं कही भी आ जा सकते है तथा दूसरो पर आश्रित नहीं होना पड़ता। दिव्यांगों को स्कूटी मिलने से उनके चहरे पर ख़ुशी देखते ही बन रही थी। इस मोके पर पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, आलीसर सरपंच प्रभुनारायण यादव, जाट समाज अध्यक्ष पवन चोपड़ा, पूर्व सरपंच सरदार जाखड़, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सैनी, रतनलाल कुमावत, सहित ग्रामवासी और परिवार जन उपस्थित रहें।

# फार्मासिस्ट कर्मचारियों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया

**निवाई, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक अस्पताल में राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ एकीकृत के द्वारा ब्लॉक निवाई में फार्मासिस्ट की सात सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यों का बहिष्कार करके एक दिवसीय धरने प्रदर्शन पर रहे।

संघ के अमरदीप राठी व दिनेश जैन ने बताया कि नर्सिंग के समक्ष एंट्री गेड पे के समस्त प्रकार के भत्ते दिए जाएं। फार्मासिस्ट का पद नाम परिवर्तन कर फार्मेसी ऑफिसर व सीनियर फार्मेसी ऑफिसर रखा जाए।

■ मांगें पूरी नहीं हुई तो जयपुर में महारैली की चेतावनी दी

ऑफलाइन रिकॉर्ड संधारण बंद किया जाए। सभी डीडीसी काउंटर पर नियमित फार्मेसी हेल्पर नियुक्ति हो। 2023 भारती को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। यूटीबी फार्मासिस्ट को नियमित नियुक्ति होने पर जिले में रिक्त पद पर समाहित किया जाए। संविदा फार्मासिस्ट की भांति यूटीबी फार्मासिस्ट को भी सम्मिलित किया जाए।



निवाई में फार्मासिस्ट कार्यों का बहिष्कार करके एक दिवसीय धरने प्रदर्शन पर रहे।

फार्मासिस्ट ग्रेड प्रथम के बिएम पदों पर पदोन्नति किया जाए। उन्होंने बताया कि नियमित मांगों को सरकार लागू नहीं करती है तो फार्मासिस्ट आगामी 8 सितंबर को जयपुर में महारैली का आयोजन करेंगे। अगर मांगे नहीं माने जाती है तो 11 सितंबर से 2 घंटे का कार्य का बहिष्कार किया जाएगा तथा जयपुर में होने वाली रैली में आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान फार्मासिस्ट संघ के दिनेशकुमार जैन, अंकितकुमार जैन, तिरपतिलाल मीणा, कविता शर्मा महावीर सैनी, शिवरतन शर्मा, कमलेश सैनी, खेमचंद, ललित व दयाराम सहित कई मौजूद थे।

## सीएलजी सदस्यों की बैठक

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना में शांति और सीएलजी सदस्यों की बैठक डीएसपी विराटनगर रोहित सांखला की अध्यक्षता व प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह की मौजूदगी में हुई।

बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के विकास , प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए विजन दस्तावेज 2030 पर चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस विभाग और राज्य सरकार के निर्देशानुसार विजन दस्तावेज 2030 की अनुपालना में बेहतर पुलिसिंग सहित अपराध नियंत्रण, पुलिस और आमजन में बेहतर समन्वय, महिला अत्याचार और बाल अत्याचार नियंत्रण, सूचना और कानून व्यवस्था सबन्धी सुझाव मांगें गए।

वही सुरक्षा सखियों ने सुझाव देते हुए बताया कि महिलाओ द्वारा सूचना देने पर तुरंत कार्य वाही हो, प्रागपुरा थाना क्षेत्र मे गस्त बढाने, पावटा सुभाष चौक व सर्विस रोड पर जाम से निजात दिलाने, सडको पर घूमते हुए गौवंश से दुर्घटनाओ को देखते हुए उनकी व्यवस्था करने, सोमवार को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम व मांजूकोट चौक पर असमाजिक तत्वों के जमावडे को देखते हुए पुलिस गस्त, विद्यालयो मे समय समय पर छात्राओं के साथ पुलिस की मिटिंग लेकर वार्ता की जाए।

## सार-समाचार

### सड़क निर्माण का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा के नटनी का बारा से बारा भडक़ोल तक बन रही सड़क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क निर्माण की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि फिर भी यदि कोई ठेकेदार या कर्मचारी लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से भी अपील करते हुए कहा कि सडक़ निर्माण के दौरान उनकी भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह निर्माण सामग्री ठेकेदार द्वारा जो सडक़ निर्माण में काम में लिया जा रही है उस पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर ग्रामीण विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में सडक़ों का जो जाल बिछाया है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि सडक़ों के इन निर्माणों से ग्रामीण क्षेत्र में निश्चित तौर पर विकास के द्वार खुलेंगे।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर कई कार्यक्रम होंगे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर वार्ड नंबर 10 राजीव कॉलोनी श्रीमाधोपुर में 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के सागर मल पारीक ने बताया कि गुरुवार को सुप्रसिद्ध भजन गायक शैलेंद्र शर्मा एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने हेतु सभी कॉलोनी वासी तन, मन, धन से सहयोग दे रहे हैं। बताया गया कि श्री कृष्णा जन्मोत्सव पर मंदिर की भव्य सजावट की जाएगी वहीं रात्रि 12 बजे महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह कस्बे के मंदिर श्री गोपीनाथ जी का में 6 सितंबर बुधवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर महंत डॉक्टर मनोहर शरण दास के अनुसार बुधवार को रात 9:30 बजे महा अभिषेक, 10:30 बजे चतुर्भुज झांकी तथा 12:30 बजे महा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विभिन्न जीवंत झांकियां दर्शनार्थ साय 7 बजे से सजाई जाएगी।

### स्काउट गाइड टीम ने गौ सेवा की

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** स्थानीय संघ बहरोड़ की स्काउट गाइड टीम ने जखराना गौशाला में सेवा कार्य करते गायों को चारा पानी के साथ ही उनके बैठने की जगह को साफ करके मिट्टी डालते साफ सफाई का कार्य किया। सचिव प्रवीण यादव स्थानीय संघ बहरोड़ ने बताया कि समय समय पर सेवा कार्य चाहे वह प्याऊ का हो या गौशाला का, चाहे समाज सेवा का हो या खाटू श्याम जी अथवा अन्य सभी कार्यों में हमेशा सहभागिता निभाते रहती उनकी टीम कभी आलस्य नहीं करती। गौशाला में इस विशेष कार्य में सचिव संयुक्त सचिव रेणुका यादव व उनके स्काउट गाइड और देव पब्लिक स्कूल जखराना के अमित मेहता सहित गाइड प्रियांशु, निशु ,शीतल ,पायल ,सिमरन, तमन्ना, कोमल, सारिका, सुधा, स्काउट रोहित, अनीश ,उत्तम, नितिन ,कार्तिक ,प्रवेश ,नीरज, समर ,नमन, आदित्य आदि सभी स्काउट गाइड और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जखराना के बच्चे भी मौजूद रहे।

### जांगिड़ समाज के लोग जयपुर पहुंचे

**निवाई, (निसं)।** विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित विश्वकर्मा महाकुंभ में शामिल होने तथा जांगिड़ समाज की एकता का प्रदर्शन करने के लिए रविवार को सैंकडों लोग जयपुर रवाना हुए। मनीष बहकवा ने बताया कि विश्वकर्मा महाकुंभ में शामिल होने के लिए जांगिड समाज के लोग रविवार की सुबह डाक बंगले पर एकत्रित हुए। जहां सामाजिक एकता के नारे लगाते हुए बसों से सैंकडों लोग सुरेश खारीकुंई व दिनेश जांगिड के नेतृत्व में विश्वकर्मा महाकुंभ के लिए जयपुर रवाना हुए।

### राधा कथा का आयोजन होगा

**निवाई, (निसं)।** राधा रानी महिला मंडल के तत्वावधान में तीन दिवसीय राधा कथा का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि राधा अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में 20 सिंतबर को चिंताहरण गणेश मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि श्याम मंदिर परिसर में 20 से 22 सिंतबर तक दोपहर 1 से 4 बजे तक सूरज महाराज उज्जैन द्वारा राधा कथा की जाएगी। 23 सिंतबर को राधा अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

## बगरू परिक्षेत्र के युवाओं का 'युवा-संवाद' कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर, (निसं)।** रविवार को पिंकसीटी प्रेस क्लब में बगरू परिक्षेत्र के युवाओं का "युवा - संवाद" कार्यक्रम सम्पादित किया गया।

इस युवा संवाद में मुख्य वक्ता थे पूर्व कलक्टर एल.सी. असवाल। असवाल ने कहा कि युवा ही पथ भविष्य का प्रदर्शक है। युवा ही सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक क्रांति लायेगा। युवाओ और महिलाओं के साथ बैठकर "बगरू विजन 2023 - 2028" बनेगा, जिसमें युवा और महिलाओं से सीधा विचार-विमर्श किया जाएगा। इस "युवा विजन में पेयजल, बिजली, सडक, स्वास्थ एवं शिक्षा" के चहुंमुखी विकास पर विस्तार से चर्चापरान्त दस्तावेज तैयार किये जाएंगें और उसमें "मौहल्ला-टू-मौहल्ला" बातचीत करके एक मौके की परेशानियों को देखते हुए उसको उसमे वर्णित किया जाएगा और फिर उसमें समाधान करने की कार्यवाही की जाएगी।

युवाओं ने आज संकल्प लिया कि युवाओं की जिद्द है योग्य एवं व्यक्तित्व के धनी का चयन कर बगरू परिक्षेत्र का विकास करवाया जाना, युवाओं की जिद्द है बगरू क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया जाना और युवाओं की जिद्द कभी अधुरी नहीं रहती, इनके आदर्श "स्वामी विवेकानन्द" रहे हैं जिनका मूल मंत्र था युवाओं को उडान भरनी चाहिए, उंचे सपने देखने चाहिए, तब ही सफलता प्राप्त कर अपने मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं युवा। असवाल ने कहा कि "कर्म और मेहनत, श्रम और विजन" से ही बगरू का चहुंमुखी विकास हो सकता है और इसके लिए युवा और महिलाएं एक मजबूत दृष्टिकोण से चर्चा कर उसमें उनको कारगर किया जा सकता है। सद कर्म, परिश्रम और संघर्ष से ही निश्चित रूप से सफलता मिलती है और लक्ष्य की प्राप्ति होती है। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाना युवाओं ने प्रस्तावित किया जिसमें कैलाश चौधरी, सुरेश चौधरी अवानिया, बाबूलाल शर्मा भम्भौरिया, अजय शर्मा, रवि शर्मा बीलवा, गोनेर, सहित एक 11 युवाओं की कमेटी बनाये जाने पर विचार किया जाएगा जो परिक्षण कर विचार विमर्श कर राय देगी।

# विधायक इंद्राज गुर्जर ने आमजन की समस्याओं को सुना

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने ग्राम भूरी भडाज स्थित निजी आवास पर रविवार को विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि वे लगातार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटे हुए है। उन्होंने हमेशा कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान रखा है। इस मौके पर क्षेत्र की आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई में भाग लेकर क्षेत्र की समस्याओं से विधायक इंद्राज गुर्जर को अवगत करवाया। जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिएं। साथ ही विभाग के अधिकारियों को विभाग द्वारा मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण कर



विधायक इंद्राज गुर्जर ने जनसुनवाई की।

आमजन को राहत प्रदान करने के भी निर्देश दिए। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि आमजन के लिए राजस्थान सरकार हर क्षेत्र में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राहत प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 साल के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए हैं वो ना के बराबर थे और इन पांच सालों के कार्यालय में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के हर कस्बा, गाँव,

■ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं आने दी जाएगीः इंद्राज गुर्जर

ढाणी सहित हर क्षेत्र में इतने विकास कार्य करवाये चाहे वो बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित कोई भी विकास कार्य हो जो शायद पिछले 10 साल के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में कभी नहों हुए। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। आमजन ने सडकों सहित कई विकास कार्यों को लेकर विधायक इंद्राज गुर्जर का स्वागत भी किया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता व बडी संया मे ग्रामीण मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित

**शाहपुरा, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के देवन ग्राम पंचायत के जोहडा स्थित खेल मैदान में देवन, लेटकाबास, निठारा, कांट ग्राम पंचायतों के वरिष्ठ जनों का पीसीसी सदस्य एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव द्वारा चलाए जा रहे वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन मंहत कैलाश दास महाराज, छाजूदास महाराज के सानिध्य में किया गया ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान नन्दलाल गोठवाल, पूर्व चेयरमैन बद्री सैनी, निंदौला सरपंच मंगल बुनकर, कमल कुमावत, सूरज, पं.स.सदस्य शिवराम, भीमसिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष धर्मवीर पायला रहे। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के तहत अब तक 13 हजार से ज्यादा बुजुर्गों व बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया जा चुका है। इस अवसर पर देवन ग्राम पंचायत में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के तहत 2156 बुजुर्ग वरिष्ठ पुरूष व महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। वृद्धजन वटवृक्ष के समान है। टीम मनीष यादव बुजुर्गों का सम्मान करते हुए हम अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्गों, माताओं ने कहा कि इस बार बुजुर्गों, माताओं, बहनों का आशीर्वाद युवाओं का साथ मनीष यादव के साथ है। शाहपुरा की जनता मनीष यादव को आगामी विधायक के रूप में आशीर्वाद दे चुकी है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कंहा कि पीसीसी सदस्य मनीष यादव द्वारा चलाए जा रहे वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह से क्षेत्र के बुजुर्गो का मनोबल बढ़ता है तथा उन्हें गौरवान्वित महसूस होता है । इस मौके पर जितेंद्र शर्मा, आलोक खंडेलवाल, देवेंद्र मित्तल, अध्यक्ष बीबीडी कॉलेज अनिल बुनकर,हनुमान बुनकर, रामचंद्र खतवालिया, मूलचंद गुर्जर, इंद्र योगी, भागीरथ ,कैलाश गुर्जर, पूरण बुनकर, पूरण गुर्जर, कैलाश हरिजन, संदीप, कृष्ण, रामचंद्र, हरफूल, कमलेश, सूरजमल शर्मा, बिरदू रैगर, हीरालाल बुनकर, नानगराम रैगर, जुम्मा खाँ, रामेश्वर धानका, हरदयाल दहिया, कपिल कुम्हार, छोटूराम कुम्हार, सुन्दर, रामस्वरूप, बोदूराम बुनकर, नाथू, समेत हजारों वरिष्ठ जन मौजूद रहे। समारोह में पीसीसी सदस्य मनीष यादव ने लोगों से अपील करते हुए शाहपुरा विधानसभा में पिछले पांच साल व इससे पूर्व कार्यकाल में पनपे भ्रष्टाचार व परिवारवाद को खत्म करने की बात कही। पीसीसी सदस्य मनीष यादव ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी व भारतीय संस्कृति का प्रतीक गाय पर आई विपदा में ये वर्तमान व पूर्व विधायक बाहर तक नहीं निकले, लेकिन चुनाव आते ही जनता से वोट की मांग कर रहे हैं । कोरोना व लंपी महामारी के दौरान टीम मनीष यादव द्वारा लोगों की घर-घर जाकर मदद की गई।

## हथियार सहित एक जना गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ रेंज स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसका पालन करते हुए जिला कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा द्वारा अवैध फायर आर्म्स हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही के दिये गए निर्देशों पर एएसपी कोटपुतली विद्या प्रकाश के निर्देशन एवं विराटनगर वृत्ताधिकारी रोहित सांखला के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त लोकेश उर्फ मीनू पुत्र नरपत सिंह उम्र 32 साल निवासी बडनगर को अवैध फायर हथियार एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

# महात्मा गांधी प्रेरक भर्ती के साक्षात्कार मंगलवार से

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी प्रेरक भर्ती के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।

उपखंड अधिकारी पावटा बी एल स्वामी व विकास अधिकारी सुरेश पारिख ने बताया कि 5 सितबर मंगलवार से साक्षात्कार द्वारा प्रेरकों का चयन किया जायेगा। जिसके लिए 5 सितबर मंगलवार को ग्राम पंचायत खेलना, लाडाकाबास, भोनावास, टसकोला, फतेहपुरा के 10 राजस्व गांवों के लिए 182, 6 सितबर बुधवार को बुचारा, टोरडा गुजरान, द्वारिकपुरा, दांतिल, पंडित पुरा के 15 राजस्व गांवो के लिए 188, 8 सितबर शुक्रवार को भूरी भडाज, भैसलाना, सुजातनगर, सुदरपुरा ढाढा, पुरुषोंत्तमपुरा, पाथरेडी के 10 राजस्व गांवो के लिए 218, 11 सितबर सोमवार को बडनगर, तुलसीपुरा, वीर तेजाजी नगर, ठिकरिया, भांकरी, राजनौता के 24 राजस्व गांवों के लिए 224, 12 सितबर मंगलवार को चौबाला, मंडा, पांचूडाला, कारोली, कैरोडी, प्रेम नगर, जोधपुरा के 19 राजस्व गांवो के लिए 165 आवेदन कर्ताओ का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में साक्षात्कार समिति के माध्यम से अयर्थियों का चयन 1 वर्ष के लिए उपखंड स्तर पर समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति प्रेरकों का अंतिम अनुमोदन कर चयनितों की सूची शांति एवं अहिंसा निदेशालय को भेजेगी। चयनित प्रेरकों को गांधी दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रेरकों की ऑनलाइन उपस्थिति मॉनिटरिंग एवं भुगतान की कार्यवाही सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सॉटवेयर से की जाएगी। इनकी ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर नियुक्ति होगी।

# वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन



ढोढसर में आयोजित समारोह में विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

**चौमूं / कालाडेरा, ( निसं )** ग्रामीण युवा कल्याण संस्था चौमूं द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन ढोढसर में किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत करते हुए कार्यकताओं का सम्मान किया। ग्रामीण युवा कल्याण संस्था द्वारा प्रथम चरण में बाँसा मण्डल के बाद रविवार को गोविन्दगढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं का सम्मान का आयोजन रखा गया। गोविन्दगढ़ मण्डल के 1600 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का विधायक रामलाल शर्मा द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मान रूपी आशीर्वाद लिया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि जनता के किसी भी जायज़ काम के लिए रामलाल शर्मा हमेशा तैयार है लेकिन कोई व्यक्ति अपने वोटो की धौंस दिखाकर मेरे से नाजायज़ काम करवाना चाहे तो मुझे ऐसे वोटों की क़तई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने 2023 के चुनावों की तैयारी कर रहे प्रत्याशियों पर तंज कसते हुए कहा कि आज कोई भी प्रत्याशी अपने व्यक्तित्व या पार्टी के आधार पर वोट नहीं मांग रहा बल्कि शॉल या कंबल के जरिये भीड़ जुटाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने ग्रामीण युवा कल्याण संस्था की तारीफ़ करते हुए कहा कि इस संस्था ने हमेशा प्रत्येक वर्ग का सम्मान करने का कार्य किया है जो आज सभी के लिए प्रेरणादायक बन गया है। आने वाले 2023 के चुनावों के लिए हमे एक सबके लिए और सब एक के लिए मंत्र को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस की भ्रष्ट, कुशासन और पेपरलीक वाली सरकार को उखाड़ फ़ेकने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एक मत, एक मुख और एक जुट होकर लड़ाई लड़नी है। ग्रामीण युवा कल्याण संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का माला और साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौक़े पर पंचायत समिति उपप्रधान कमला देवी चौधरी, गोविन्दगढ़ कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, भाजपा देहात मंडल बाँसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, स्थानीय सरपंच बीना कँवर, उपसरपंच पूजा कुमावत सहित भाजपा देहात मण्डल बाँसा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकारणी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## छात्रों ने सफलता का परचम लहराया

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा कस्बा में संचालित दी नोलेज जॉन में अध्ययन्तर 21 युवाओं का राजकीय सेवा में विभिन्न पदों पर चयन होने से कस्बे में खुशी की लहर है।

इस दौरान शिक्षण संस्थान डायरेक्टर रितेश शर्मा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर प्रागपुरा कस्बा के मुख्य बाजार सुभाष चौक स्थित दी नॉलेज जॉन शिक्षण संस्थान में चयनित विद्यार्थियों के लिए स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्लिवत कर किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता रामचंद्र सराधना व अध्यक्षता भाजपा नेता कुलदीप धनकड़ ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप मे डिस्कवरी स्कूल प्राचार्य प्रविन्द्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, नगर पालिका पार्षद गिरधारी लाल शर्मा, नरपत सिंह, उमराव चावला, अशोक सैनी रहे तथा मंच संचालन प्राचार्य सुभाष कुमावत मौजूद रहे।

आगंतुक अतिथियों ने राजकीय सेवा में चयनित समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी चयनित छात्रों को माला- साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया। वहीं अतिथियों ने संस्थान डायरेक्टर का केक काटकर विद्यार्थियों की मौजूदगी में साफा पहनाकर हर्षौउल्लास से जन्मदिन मनाया।

# आदर्श फाउंडेशन संस्थान ने 4500 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री कृष्णा सी. सै.स्कूल नांगल नाथूसर में आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ द्वारा आयोजित आदर्श जीनियस अवॉर्ड प्रतियोगिता परीक्षा के सम्मान समारोह में विद्यार्थियों सहित 4500 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सुरेश सामोता ने कहा कि इस प्रकार के समारोह युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादाई हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों को सम्मानित करने से भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों में रोजगार के अवसर श्रृजन होते हैं। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के योगदान को राष्ट्रिहत में सच्चा योगदान बताया एवं युवाओं से शिक्षा के साथ संस्कारों की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर माधव सिंह ने कहा की ऐसे कार्य करने से विद्यार्थियों को सफल जीवन की प्रेरणा मिलती है । पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने भी अपने संबोधन में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने एवं अपने भविष्य निर्माण की योजना बनाने की बात कही । अन्य वक्ता श्याम चौधरी,अशोक यादव महरोली, मुकेश स्वामी, डॉ.सुनीता यादव, डॉ. सुमित्रा गुप्ता, डॉ. एस एम सैनी,अशोक तिवाड़ी, बी. एल. सैनी, सूरज मल यादव फौजी, कृष्ण सांपला, विजय यादव, महेश जड़वाल ने भी इस समारोह की महत्वता को बताया । आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ की चैयरमैन एवम फाउंडर निशा यादव ने कहा कि हम शीघ्र



आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ द्वारा आयोजित आदर्श जीनियस अवॉर्ड प्रतियोगिता परीक्षा के सम्मान समारोह में विद्यार्थियों सहित 4500 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।

ही ऐसी दूसरी प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे जिससे बच्चों के मनोविज्ञान एवं अन्य ज्ञान की बढ़ोतरी हो सके। सभी आगंतुको का माला,साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मान किया गया ।सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया । स्कूल निर्देशकों एवं पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में 45 से अधिक समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया । इस अवसर पर श्री कृष्णा स्कूल के बच्चों ने भी अपना कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया । कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया । आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ की चैयरमैन एवम फाउंडर निशा यादव ने आदर्श फाउन्डेशन संस्थान एनजीओ टीम को अभिनंदन पत्र देकर के सम्मान किया एवं टीम के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को पूर्ण समर्पित भावना से काम करने के लिए मंच से धन्यवाद दिया ।आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ के संरक्षक के. के .यादव ने कहा सितंबर से नई प्रतियोगिता परीक्षा करवाई जाएगी । श्री कृष्णा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निदेशक जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम के सफल व बेहतरीन आयोजन के लिए आदर्श एनजीओ टीम को धन्यवाद प्रदान दिया। कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं, संस्था प्रधान, अभिभावक, समाजसेवी व अतिथि उपस्थित रहें। समारोह में सचिव बलदेव सैनी, कोषाध्यक्ष सीताराम यादव, कानूनी सलाहकार सुनील शर्मा, परिक्षा प्रभारी लोकेश तंवर, विक्रम यादव, शंकर यादव, शाहरुख खान,महादेव यादव , कालू राम यादव,प्रकाश यादव , बजरंग सैनी,कानाराम यादव , पूरण यादव,रामप्यारी सैनी, सुनील शेषमा इत्यादि गणमान्य लोग शामिल रहें ।

# 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत फुलेरा स्टेशन पर तीव्र गति से हो रहे विकास कार्य

**फुलेरा,** (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री द्वारा 6 अगस्त 2023 को जयपुर मण्डल के फुलेरा रेलवे स्टेशन सहित कुल 508 स्टेशनों का शिलान्यास किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने बताया कि पुनर्विकसित फुलेरा रेलवे स्टेशन पर नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन से यात्रियों को बेहतर और उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके चलते प्लेटफार्म नंबर 1 व 5 पर प्लेटफार्म कॉपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही प्लेटफार्म संख्या 1 पर सामने व पीछे की दीवार का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वहीं यार्ड में पानी के निकास के लिए लगभग 200 मीटर से ज्यादा ड्रेनेज का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं बड़ा विश्रामालय, विशिष्ट अथिति कक्ष, यात्रियों के वाहनों हेतु पार्किंग सुविधा अलग से आने जाने के लिये अलग-अलग मुख्य द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का निर्माण कार्य किया जायेगा। सही ही आगे बताया कि नये भवन को हेरिटेज लुक दिया जायेगा।


अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत फुलेरा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में आगे बताया कि फुलेरा स्टेशन पर 34.38 करोड़ की लागत से निम्न कार्य करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। स्थानीय कला और संस्कृति के अनुभव के साथ प्रवेश और निकास द्वार, सौंदर्यपूर्ण चौड़ा और अच्छी रोशनी वाला बरामदा, बेहतर सर्कुलेटिंग एरिया, चौड़ी सड़कों के साथ सुगम पहुंच, पैदल यात्रियों एवं वाहनों के लिए मार्ग की व्यवस्था, साथ ही ड्रॉप और पिकअप की सुविधा। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की सुविधा।जल निकासी व्यवस्था में सुधार करना। ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड का विस्तार, कोच इंडिकेशन डिस्प्ले सुविधा, प्रमुख स्थानों पर सूचना प्रदर्शन, जीपीएस घड़ियाँ आदि लगाना।

रोशनी के स्तर में सुधार, स्टेशन भवन की ऊर्जा दक्षता में सुधार, कम ऊर्जा वाली एलईडी रोशनी। बुकिंग कार्यालय में सुधार, टिकट वेंडिंग मशीन, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, उच्च स्तरीय पूर्ण लम्बाई प्लेटफार्म, बैठने की उचित सुविधा के साथ प्लेटफार्म शेल्टर, शीतल एवं सामान्य पेयजल बूथ आदि स्थापित करना। फूड प्लाजा की सुविधा। स्टेशन के नाम बोर्ड के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले साइनेज। दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं में सुधार, प्रवेश रैंप, आरक्षित पार्किंग, कम ऊंचाई वाले काउंटर, दिव्यांग अनुकूल शौचालय, सहायता बूथ, रैंप के साथ प्लेटफार्म की पहुंच, कम ऊंचाई वाला वाटर बूथ, एफओबी रैंप और लिफ्ट का उपयोग, सूचना प्रणाली अभिगम्यता, दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल लिपि में साइनेज, उद्घोषणा प्रणाली शुरू करना। शहर के दोनों छोरों

■ 34.38 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा फुलेरा रेलवे स्टेशन

को जोड़ने के लिए एंड टू एंड थ्रू एप्रोच के लिए 12 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान,यात्रियों के लिए 2 लिफ्ट का प्रावधान। यात्री सुरक्षा बढ़ाना, सहायता बूथ- यात्रियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रवेश और निकास दोनों पर सहायता बूथ, सीसीटीवी कैमरे - पूरे स्टेशन पर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा सीसीटीवी कैमरों को अपग्रेड करना। परिसर के भीतर हरित क्षेत्र और लैंडस्केपिंग,हरित स्थानों का विकास,स्थानीय कला और संस्कृति का अनुभव - स्टेशन और परिसर के भीतर खुले स्थानों में एकीकृत कला। स्थानीय कला और संस्कृति को एकीकृत करना - मिट्टी के भित्ति चित्र,पेंटिंग जैसी स्थानीय कला और शिल्प को एकीकृत करना और स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देना। स्थानीय संस्कृति और विरासत से प्रेरित भवन के अग्रभाग का पुनर्विकास,क्षेत्र की संस्कृति के बारे में यात्रियों को सूचित करने के लिए उपदेशात्मक तत्वों के रूप में साइनेज और सूचना बोर्ड लगाए जायेंगे।

## पदयात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**चाकसू,** (निसं)। रविवार को वीर गुर्जर विकास संगठन समिति चाकसू की बैठक तहसील अध्यक्ष रामसहाय रावत की अध्यक्षता में कोटखावदा रोड़ स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में संपन्न हुई।

मीटिंग में आगामी 18 सितंबर को आने वाली भगवान श्री देवनारायण की पदयात्रा की व्यवस्थाओं एवं सम्मान समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई। अध्यक्ष रामसहाय रावत ने बताया कि यात्रा के आयोजन में इस बार देशी घी में भोजन प्रसादी भंडारे का संपूर्ण खर्चा किशन नेकाड़ी चाकसू व प्रतिभा सम्मान समारोह का सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह सुरेंद्रसिंह अमावता भादडवास की तरफ से घोषणा गई। इस मौके पर वीर गुर्जर विकास संगठन समिति की समस्त कार्यकारणी व गुर्जर समाज के वरिष्ठ लोगों व युवाओं द्वारा भामाशाहों का माला व साफा पहनाकर समस्त गुर्जर समाज चाकसू की तरफ से आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयनारायण डोई, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र गुर्जर, जगदीश जी मास्टर, जगदीश चेची, हरिजी खटाना, जगदीश कोली, बद्री बडिया, झुथाराम डोई, रामकरण छावड़ी, बाबूलाल मावरी, लालाराम धाकड़, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नवनियुक्त प्रदेश सचिव प्रहलाद भगत, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष धर्मराज गुर्जर, शिवा खाटरा, व अन्य गणमान्य लोग व युवा उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### आग से घरेलू सामान जलकर राख



**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तसींग में हरिसिंह मेघवाल पुत्र छंगाराम के मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से रात्रि करीब 11 बजे लगी आग में 2 बोरी अनाज सहित घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित हरि सिंह पुत्र छंगाराम ने बताया कि वह सेटरिंग का काम करता है और शनिवार रात्रि करीब 11 बजे परिजनों के सो जाने के बाद बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी बंद कमरों में आग से ड्रेसिंग दर्पण के शीशे के टूटने की तेज आवाज से परिवार के सदस्यों में जाग होने से करीब 2:30 बजे पता चला। तब तक घरेलू सामान दो बोरी अनाज, पंखे तथा कपड़े एवं बर्तन सहित करीब 10000 रुपए की बच्चों की फीस भरने के लिए मजदूरी कर लाए गए नकदी भी बेड के गद्दे के नीचे रखे जलकर राख हो गए। वहीं बताया कि गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव सहित हल्का पटवारी एवं पंच राजू, पंच सुरेश, उपसरपंच सोमवती, भूप सिंह टेंट वाला, मुकेश यादव आदि सहित समाज के लोगों ने घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू के मौजमाबाद रोड स्थित एक निजी गार्डन के सभागार में आदर्श बडवा (राव ) महासभा प्रबंधन समिति के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर 51 प्रतिभाओं एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंशावली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष (राज्यमंत्री) शोध विभाग के संयोजक महेन्द्र सिंह बोराज, महासभा के अध्यक्ष प्रतापसिंह व नवरतन सिंह, सुरेन्द्र सिंह महला, वीरेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह ने कहा कि समाज को आगे लाने के लिए शिक्षा व संगठित होने की आवश्यकता है। समाज में छिपी प्रतिभाओं का उभारकर उन्हें सम्मानित करने से उनका मनोबल बढ़ता है और प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। कक्षा 10 एवं 12 वीं बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सुरेन्द्र सिंह महला द्वारा प्रतिभाओं को 500 रूपये प्रति संभागी को आर्थिक प्रोत्साहन भी दिया गया। समारोह में ईकाई अध्यक्ष दूदू दिलीप सिंह, बिचून के सुल्तान सिंह, पृथ्वीराज सिंह, भानुप्रताप सिंह, सहित विभिन्न जिलो से आये समाज बन्धुओं ने भाग लिया।

### मेट की एक दिवसीय कार्यशाला

**कोटपूतली,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास व प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणीय राज्य विकसित राजस्थान निर्माण हेतु शुरू किये गये राजस्थान मिशन-2030 का विजन दस्तावेज-2030 तैयार किये जाने को लेकर नगर परिषद सभागार में इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना मेट की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एईएन अनिल जोनवाल ने मिशन 2030 के अन्तर्गत जनकल्याण एप के माध्यम से फेस टु फेस सर्वे हेतु शहरी मेट तथा हितधारियों का रजिस्ट्रेशन करवाये जाने एवं समाज के विभिन्न वर्गो से सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु जानकारी दी गई। राज्य सरकार द्वारा मिशन 2030 के अन्तर्गत सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, निजी क्षेत्र के कार्मिक, व्यापारी, प्रोफेशनल, किसान, श्रमिक, स्वरोजगार विधार्थी, महिलायें समेत समाज के विभिन्न वर्ग जनकल्याण एप तथा अधिकृत वेबसाईट पर जानकारी दे सकते है।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

**फुलेरा,** (निसं)। संस्कार सेवा योजना फुलेरा के तत्वावधान में घर-घर हनुमान चालीसा के उद्देश्य से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ ग्राम पंचायत काचरोदा स्थित ठण्डी राम सरोवर पर के बालाजी मन्दिर पर आयोजित करवाये गये। इस दौरान सैकड़ो लोग उपस्थित होकर एक सुर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। जानकारी के अनुसार संस्कार सेवा योजना द्वारा हनुमान चालीसा श्रृंखला के साथ गायत्री यज्ञ का भी आयोजन शीघ्र किया जाना प्रस्तावित है। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य सनातन के प्रति जागरूकता एवं आपसी सद्भाव स्थापित करना है। साथ ही संस्कार में वातावरण बनाना है। ताकि आने वाले समय में श्रेष्ठ नागरिक निर्माण हो सके। गौरतलब है कि संस्कार सेवा योजना द्वारा सनातन के प्रचार एवं सनातन, विज्ञान के तथ्यों पर आधारित द्विमासिक ई पत्रिका संस्कार सेवा के तीसरे अंक का विमोचन भी इस कार्यक्रम के दौरान किया गया। काचरोदा में स्थानीय युवाओं के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### एड. विकास जांगल सचिव नियुक्त

**कोटपूतली,** (निसं)। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कोटपूतली-बहरोड़ के ग्राम मोलाहेड़ा निवासी एड. विकास जांगल को समिति का सचिव बनाय है।

## दो गुमशुदाओं को परिजनों के सुपुर्द किया

**फुलेरा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के दौरान कार्रवाई करते हुए दो गुमशुदाओं को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द करने में सफलता हासिल की है।

फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि घर से बिना बताये निकले गुमशुदा बालक-बालिकाओं, महिलाओं व अन्य व्यक्तियों को तलाश कर परिजनों से मिलवाने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज उमेश चन्द दत्ता, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ हरिशंकर सोमानी के संयुक्त निर्देशन एवं वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस की विशेष गठित टीम द्वारा तुरन्त कार्रवाई की गई। जिसके अन्तर्गत गुमशुदा प्रेम देवी, हर्षिता कवंर (परिवर्तित नाम) को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की। थानाधिकारी सिंह ने बताया कि 18-अगस्त को फरियादी राजपाल चौधरी निवासी डेहरा थाना क्षेत्र जोबनेर, हाल निवासी एलबीएस कॉलोनी फुलेरा ने थाने में रपट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी बिना बताये कहीं चली गई। जिसको गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर तकनीकी सहायता से सोनीपत हरियाणा से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया।

इसी तरह 3 सितंबर की रात रेलवे-स्टेशन के आस-पास संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाये जाने पर उससे नाम पता पूछने पर अपना नाम हर्षिता कंवर पुत्री श्रवण सिंह निवासी श्यामपुरा पुलिस थाना दातारामगढ़ जिला सीकर बताया तथा घर वालों से नाराज होकर आना बताये जाने पर वारिसान को बुलाकर सुपुर्द किया। गौरतलब है कि उक्त गुमशुदाओ को दस्तयाब करने में एएसआई कैलाश चन्द, सुरजीत कुमार, मांगी लाल, मनीष कुमार और महिला कांस्टेबल कौशल्या देवी की अहम भूमिका रही।

## मुस्लिम समाज के युवाओं ने विधायक सोलंकी के खिलाफ प्रदर्शन किया

**चाकसू,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को लेकर आए दिन विरोध प्रदर्शनों की घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

रविवार को भी मुस्लिम समाज के लोगों ने कस्बे के निमोडिया चौराहे पर

■ विधायक सोलंकी का पुतला जलाते हुए कहा मुस्लिम समाज का 5 साल में एक भी काम नहीं हुआ



चाकसू में मुस्लिम समाज के युवाओं ने विधायक सोलंकी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

एकत्रित होकर मुस्लिम समाज के विकास कार्यों में उपेक्षा को लेकर विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका।

आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से विधायक वेद प्रकाश सोलंकी की दावेदारी के विरुद्ध विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन किसी ने किसी मुद्दे को लेकर विधानसभा क्षेत्र में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को घेरा जा रहा है। निमोडिया चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे युवाओं में हमीद भाटी व चाकसू युवक कांग्रेस महासचिव शाहरूख खान व मुस्लिम समाज के कई लोगों ने बताया कि मुस्लिम समाज परंपरागत रूप से कांग्रेस का वोट बैंक माना जाता है और विधानसभा चुनावों में क्षेत्र के मुस्लिम समाज ने विधायक सोलंकी के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान किया था। लेकिन विधायक सोलंकी लगातार मुस्लिम समाज की मांगों की उपेक्षा करते आ रहे हैं। अब तक भी मुस्लिम समाज का कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। विधायक सोलंकी ने मुस्लिम समाज को भ्रमित करके उनके वोट ले लिए लेकिन उनका कोई भला नहीं किया है। अब चुनाव में इसका परिणाम विधायक को भुगतना पड़ेगा।

इस अवसर चाकसू युवक कांग्रेस के महासचिव शाहरूख खान, अहसान खान, शाहबाज पठान, हमीद भाटी, फरिद नागौरी, इरशाद बिहारीपुरा, साहिद साई, हाजी पप्पू भाटी, सहित कई मुस्लिम समाज के युवा मौजूद थे।

## उपकारागृह की व्यवस्थाएं जांची

**मालपुरा,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सेवा टोंक सचिव रूबीना परबीन अंसारी रविवार को मालपुरा पहुंचे। जहां न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए डोर स्टेम्प काउंसलिंग आयोजित की गई।

काउंसलिंग में पक्षकारान को राजीनामे से निस्तारण करने व राजीनामे की कार्यवाही के लिए समझाईश सहित राजीनामे की कार्यवाही की गई। इस दौरान डॉ. रूबीना परवीन,अंसारी, जिला सचिव, रेशम जानवानी,अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मालपुरा उपस्थित रहे। हरित न्याय अभियान के तहत न्यायालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विशेष योग्यजनों के लिए पहचान पत्र सुनिश्चित करने तथा कल्याणकारी योजनाओं व कृत्रिम अंग सहित अन्य लाभ उपलब्ध करवाने के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमे तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी गई।

मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में निवास करने वाले विशेष योग्यजनो को 40 प्रतिशत व उससे अधिक निशक्ताधारी पैरा लीगल वॉलीन्टर एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सर्वे कार्य की जानकारी दी गई। तत्पश्चात अंसारी ने उपकारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

## मानव सेवा केन्द्र का शुभारम्भ

**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पूतली में रविवार को मानव सेवा केन्द्र (वृद्धाश्रम) का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा सच्ची मानव सेवा है। युवा पीढ़ी को वृद्धजनों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिये। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मानव सेवा केन्द्र (वृद्धाश्रम) का फिता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस दौरान स्वतन्त्र पत्रकार आनन्द पण्डित, डॉ. महेन्द्र पलसानियां, ताराचन्द कुमावत, डॉ. सुरेश गुर्जर, वृद्धाश्रम संचालक हरिराम अवाना, अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर, एड. कमल कसाना आदि मौजूद रहे।

## राजा दक्ष छात्रावास कार्यकारिणी की बैठक

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के सुन्दरपुरा रोड़ स्थित राजा दक्ष छात्रावास विकास समिति कार्यकारिणी की बैठक रविवार को प्रजापति छात्रावास परिसर में अध्यक्ष बस्तीराम ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें छात्रावास सम्बंधित अनेक महत्व बिंदुओं पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष बस्तीराम ठेकेदार ने भामाशाह के रूप में छात्रावास को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता को लेकर छात्रावास समिति को 42 कचरा पात्र डस्टबिन भेंट किये। सचिव कमलेश प्रजापत ने बताया कि सभी कमरों में आवश्यकता अनुसार डस्टबिन रखे जायेगें। बैठक में सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारीलाल बासनीवाल, धर्मपाल प्रजापत, कैलाश चंद प्रजापत, राजेश प्रजापति, रतिराम शेखुपुर, कैलाश केशवाना, यादराम प्रजापति, सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेड सुरेशचन्द प्रजापत, बिड़दीचन्द पनियाला, कैलाश प्रजापत, रामकरण मोरदा, सांवतराम कुजोता, कृष्ण कुमार, रामकरण ठेकेदार, हीरालाल बड़ाबास, कैलाश, महेश प्रजापत धुणीलाल प्रजापत, स्वराज प्रजापत समेत अन्य मौजूद रहे।

## सर्वश्रेष्ठ भाषण प्रतियागिता कल

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान मिशन 2030 व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल की अध्यक्षता में राजस्थान मिशन 2023 से 2030 में कैसा होगा मेरा राजस्थान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

डॉ. सुमन ने बताया कि 5 सितंबर को आयोजित शिक्षक दिवस पर राजस्थान मिशन 2023 से 2030 में कैसा होगा मेरा राजस्थान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर सभी विद्यार्थी महाविद्यालय में भाषण को लिखकर लाएंगे।

## श्री जमवाय माता की वाहन यात्रा

**चाकसू,** (निसं)। श्री राजपूत सभा जयपुर देहात के तत्वावधान में श्री जमवाय माता की द्वितीय वाहन यात्रा रविवार को कस्बा स्थित राजपूत सभा भवन से ध्वजा पूजन कर श्री राजपूत सभा भवन जयपुर पहुंची और वहां से समस्त यात्राएं एकत्रित होकर केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह राजावत चंदलाई के नेतृत्व में कुल देवता अंबेकेश्वर महादेव आमेर एवं कुलदेवी जमवाय माताजी के लिए वाहन यात्रा ने प्रस्थान किया।

इससे पूर्व समस्त यात्रियों का श्री राजपूत सभा भवन कार्यकारिणी द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। यहां से वाहन यात्रा आमेर स्थित अंबेकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक के बाद यात्रा कुलदेवी जमवा रामगढ़ के लिए पहुंची। मध्यान्ह 11:30 कुलदेवी के पूजा अर्चना एवं ध्वज अर्पण के पश्चात केन्द्रीय अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई के मुख्य आतिथ्य मे संतो के प्रवचन एवं आमंत्रित अतिथियों ने संबोधित किया।

संगठन मंत्री अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट ने बताया कि जयपुर देहात के तत्वाधान में यह यात्रा सभी तहसीलों से पहुंची है जिसका नेतृत्व जयपुर देहात अध्यक्ष मोती सिंह सांवली ने किया है। इस दौरान राजपूत सभा चाकसू से हेम सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह राजावत, गोकुल सिंह, चंद्रभान सिंह, नरपत सिंह वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज बंधु मौजूद रहे।

## कांग्रेस शासन में पूरे जिले की कानून व्यवस्था ठप, भ्रष्टाचार चरम पर : शर्मा

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे की एक होटल में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर निशाने साधे, वहीं कोटपूतली से लेकर बहरोड़, बानसूर व पूरे जिले में ठप हो चुकी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी उठाया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री गहलोत ने केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए एक-एक विधायक को अपने आप में मुख्यमंत्री बना दिया है। विगत दिनों एक कार्यक्रम में उन्होंने प्रदेश की ठप हो चुकी कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की तो जवाब में उन्होंने लाचारी दिखा दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे प्रदेश में मंत्री व विधायकों की गहलोत नाम की लूट है, लूट सके तो लूट, चुनाव आयेंगे तो पछतायेगा, कुर्सी जायेगी छूट। उन्होंने कहा कि जनता को पता चल चुका है कि कांग्रेस का असली रूप क्या है। वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारों से भी ज्यादा भ्रष्ट, नाकारा व निकम्मी सरकार है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में केन्द्र सरकार ने 62 हजार करोड़ रूपयों की राशि राजस्थान को दी।


कोटपूतली में पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा ने पत्रकारों से वार्ता की।

जिसमें हजारों करोड़ रूपयों का भ्रष्टाचार हुआ है। सर्वप्रथम नवगठित जिले पर अपना दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने कहा कि, सबसे पहले वर्ष 1952 में कोटपूतली के प्रथम विधायक बाबू पं. हजारी लाल जोशी ने प्रदेश की विधानसभा में इस मांग को उठाया था। जिसके बाद समय-समय पर आये जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने तरीके से जिले की मांग को बुलंद किया। वहीं यहां के लोगों ने अनेकों बार धरना प्रदर्शन व अनशन आदि भी किये। डॉ. शर्मा ने बताया कि उनका पैतृक ग्राम कोटपूतली का गोपालपुरा है। इसलिए वे यहां की जनता से सीधा लगाव रखते हैं। इस नाते इस मांग को कई बार उन्होंने भी मुख्यमंत्री रहे स्व. भैरोंसिंह शेखावत के समक्ष उठाया। यही नहीं कोटपूतली को जिला परिवहन कार्यालय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसे कार्यालय व विभाग भी मिले। डॉ. शर्मा ने कहा कि कोटपूतली को एक स्वतंत्र जिला बनाया जाना चाहिये था। अगर इसमें बहरोड़ का नाम सम्मिलित हुआ तो बानसूर का नाम भी सम्मिलित होना चाहिये था। आज कोटपूतली के जिला अस्पताल की

■ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री पर जमकर निशाने साधे

हालत डिस्पेंशरी से बदतर है। कभी यहां आसपास के क्षेत्रों से मरीज आते थे लेकिन आज यह एक रैफरल अस्पताल बनकर रह गया है। लगभग एक वर्ष पूर्व कोटपूतली के बाजारों में मकानों व दुकानों को बिना मुआवजे के तोड़ दिया गया। जिस पर आज तक सड़कें नहीं बनी है।

नवगठित जिले की कानून व्यवस्था पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कोटपूतली से लेकर बहरोड़, बानसूर, विराटनगर, नारायणपुर में आये दिन गोलियां चल रही हैं। यहां के मुख्य चौराहे पर सरेआम चाकू चलने जैसी वारदात हुई हैं। नारायणपुर में व्यापारी की आंख निकाल ली गई है। ऐसा लगता है कि यहां कानून व्यवस्था है ही नहीं। डॉ. शर्मा ने बानसूर की व्यवस्थाओं पर तंज कसते हुए कहा कि विगत 05 वर्षो से बानसूर में भारी भ्रष्टाचार का बोलबाला है। किसान, मजदूर, व्यापारी व महिलाओं की कोई सुनने वाला नहीं है। बाजार में सरेआम गुण्डागर्दी व गोली बारी हो रही है। डॉ. शर्मा ने कहा कि उन्हें नये जिले में कलक्टर व एसपी से अच्छे कार्य की उम्मीद थी लेकिन स्थिति ढ़ाक के तीन पात वाली साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से कांग्रेस की विदाई सुनिश्चित है लेकिन भाजपा को राजे का चेहरा जनता के सामने लाना होगा। उन्होंने बानसूर में शांति, भाईचारा व भय मुक्त वातावरण बनाने के लिए आमजन से सहयोग की अपील भी की। अन्त में डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रदेश का आमजन, किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगार, कर्मचारी, संविदाकर्मी, महिलायें व व्यापारी समेत सभी वर्ग वसुंधरा राजे की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। अन्य किसी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनना सम्भव नहीं है। इस दौरान वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री विकास डोई व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक मोरीजावाला समेत अन्य मौजूद रहे।

## नागरिक अभिनन्दन समारोह में पूर्व संसदीय सचिव ने भरी हुंकार

**कोटपूतली,** (निसं)। राज्य सरकार में संसदीय सचिव रहे, कोटपूतली के पूर्व विधायक एवं आरएलपी के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप कसाना ने रविवार को निकटवर्ती ग्राम दांतिल स्थित बस स्टैण्ड के पास समाजसेवी श्रीराम सैनी द्वारा आयोजित विशाल नागरिक अभिनन्दन समारोह में प्रदेश की गहलोत सरकार के विरूद्ध जमकर हुंकार भरी।

कसाना ने कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व उनके बतौर विधायक रहते कानून व्यवस्था खराब होने की बात कर तत्कालीन शासन को रावण राज करार देते हुए कोटपूतली में राम राज की स्थापना किये जाने की बात कही गई थी लेकिन आज कोटपूतली की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आये दिन चाकूबाजी से लेकर फायरिंग की घटनायें हो रही हैं। यहीं हालात प्रदेश के कोने-कोने के बने हुये है। ऐसा लगता है कि राजस्थान पुलिस का नारा आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर उल्टा होकर अपराधियों में विश्वास, आमजन में डर बन गया है। इस दौरान कसाना ने किसानों एवं मजदूरों के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पर जमकर निशाने साधे।

इससे पूर्व सैकड़ों वाहनों के साथ ग्राम पुरूषोत्तमपुरा से सुदरपुरा ढ़ाढ़ा, मीरापुर फॉर्म द्वारिकपुरा होते हुए दांतिल तक रैली निकाली गई। साथ ही शहीद विक्रम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। कसाना का ग्रामीणों ने तलवार भेंटकर एवं माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान लोकप्रिय गायक मुकेश मुक्कड़, रिया राठी, सोनू शेखावाटी व मनीषा आदि कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, सरपंच प्रतिनिधि विक्रम छावड़ी, भागीरथ सैनी, श्रीराम सैनी, नानगराम सैनी, मन्नाराम, ख्यालीराम, देवीसहाय, सुरेश टांक, दौलतराम, कालू भगतजी, किशोर टैण्ट वाला, दाताराम, बाबूलाल कुम्हार, शंकर सांखला, सुरेश सांखला, मातादीन खुराना, हरिओम शर्मा, राजू डेलीगेट, मालीराम मीणा, भागीरथ मीणा, यादराम वर्मा, उमराव मीणा, सुगन धानका, रामस्वरूप गुर्जर, हनुमान डेलीगेट, जयराम गुर्जर, पूर्व सरपंच सांवतराम, सोहन लाल वर्मा, उमेश यादव, ख्यालीराम सैनी, सवाई सरपंच, छाजुराम, किशोर सैनी सब्जीवाला, रतन लाल सैनी, लालाराम प्रधान, ताराचंद, मन्नालाल, विजय, दौलतराम कुमावत, जयनारायण, कालू भगत, सेडुराम, कैलाश गुलाबगढ़, देवीसहाय, महेश, सचिन, महेन्द्र, जगदीश, करण तंवर, भागीरथ सैनी समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



मुझे बताइए कि चैंपियनशिप जीतने के लिए क्या महत्वपूर्ण है नाम या फॉर्म। यदि रोहित या विराट ने इस तरह का प्रदर्शन (लगातार चार मैचों में अर्धशतक) किया होता तो क्या तब भी आप यह कहते कि उनकी जगह केएल राहुल को लिया जाना चाहिए। - गौतम गंभीर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विश्वकप टीम में ईशान किशन को शामिल करने की मांग करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** आर. प्रज्ञानानंद



भारत की नवीनतम शतरंज सनसनी आर प्रज्ञानानंद विश्व कप के फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गये लेकिन इस 18 साल के खिलाड़ी ने कहा कि नॉर्वे के पांच बार का विश्व चैंपियन को हराना मुश्किल है लेकिन वह 'अजेय' नहीं है। आर प्रज्ञानानंदा पिछले महीने विश्व कप उपविजेता बनने वाले 18 साल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। अपने अभियान के दौरान, उन्होंने आठ-खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी अपनी जगह पक्की कर ली, जो 2024 में शतरंज में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के लिए चुनौती का निर्धारण करेगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो-डी-जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

## बाएज का विजय रथ रोक आगे बढ़े मेदवेदेव, अल्काराज, ज्वेरेव भी जीते

न्यूयॉर्क, 3 सितंबर। रूस के दानिल मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज़ का विजय रथ रोकते हुए उन्हें अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में करारी शिकस्त दी। बाएज़ पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे लेकिन पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने शनिवार को उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज़ से कड़ी टक्कर मिली। बाएज़ ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मज़बूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज़ के लिये लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गये। मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, ''मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा।'' अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा। इस बीच, रूस के आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज़ ने ब्रिटेन के डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। ज़्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी।

## नजम सेठी ने एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाए

पाल्लेकल (श्रीलंका), 3 सितंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने पाल्लेकल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूएई में खेलने के उनके सुझाव को ठुकरा दिया गया और श्रीलंका में टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए। पिछले साल रमीज राजा को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बर्खास्त किए जाने के बाद अंतरिम तौर पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले सेठी ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद नाराजगी जाहिर की। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पर निशाना साधते हुए सेठी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''कितना निराशाजनक। बारिश ने क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले में खलल डाला। लेकिन भविष्यवाणी भी यही की गई थी। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में मैंने एसीसी से यूएई में खेलने का आग्रह किया था लेकिन श्रीलंका में आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए।'' उन्होंने लिखा, ''उन्होंने कहा कि दुबई में बेहद गर्मी होगी। लेकिन पिछली बार सितंबर 2022 में जब एशिया कप वहां खेला गया तब भी उतनी ही गर्मी थी या जब अप्रैल 2014 और सितंबर 2020 में आईपीएल वहां खेला गया। खेल पर राजनीति। अक्षम्य।'' श्रीलंका को सह मेजबान के रूप में शामिल किया गया क्योंकि भारत ने भू-राजनैतिक तनाव के कारण एशिया कप के अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद टूर्नामेंट के आयोजन के हाईब्रिड मॉडल को अपनाया गया और अब पाकिस्तान और श्रीलंका में मुकाबले आयोजित हो रहे हैं। हाईब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान में चार जबकि बाकी मुकाबले श्रीलंका में होने हैं। पिछले साल एशिया कप का आयोजन यूएई में लगभग इसी समय किया गया था। लेकिन तब यह टी20 प्रारूप में खेला गया था और मुकाबले शाम को हुए थे। शनिवार को हुए एशिया कप के मुकाबले में सिर्फ एक पारी हो गई जिसमें भारतीय टीम 48.5 ओवर में 266 रन पर आउट हो गई। भारतीय पारी के दौरान भी बारिश के कारण खेल रुका और टॉस में भी विलंब हुआ था।

## तीसरा टी-20 पांच विकेट से जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज क्लीन स्वीप की

डर्बन, 3 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया ने शॉन ऐबट (31/4) की घातक गेंदबाजी और ट्राविस हेड (48 गेंद, 91 रन) की धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत रविवार को तीसरे टी20 में मेज़बान दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला 3-0 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 20 ओवर में 191 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेहमान टीम ने 13 गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। टेम्बा बावूमा और मैथ्यू ब्रीट्ज़्क के छोटे स्कोर पर आउट होने के बावजूद रीज़ा हेन्ड्रिक्स ने 30 गेंद पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ 42 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को अच्छी शुरुआत दी। कप्तान मार्करम (23 गेंद, 41 रन) ने हेंड्रिक्स के साथ तीसरे विकेट के लिये 58 रन की साझेदारी कर प्रोटियाज़ की पारी को संभाला, हालांकि ऐबट ने मार्करम को पवेलियन भेजकर यह साझेदारी तोड़ दी। तनवीर संघा की गेंद पर हेंड्रिक्स का विकेट गिरने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका अच्छी स्थिति में लग रही थी, लेकिन ऐबट ने 14वें ओवर में बिना कोई रन दिये दो विकेट लेकर मेज़बान टीम को 122/6 के स्कोर पर संघर्ष करता हुआ छोड़ दिया। अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे युवा बल्लेबाज डॉनोवन फरेरा ने इस समय 21 गेंद पर एक चौके और पांच छक्कों के साथ 48 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 20 ओवर में 190 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में मदद की।

## बांग्लादेश ने अफगानों को धूल चटाई

लाहौर, 3 सितंबर। मेहदी हसन मिराज़ (112) और नजमुल हुसैन शान्तो (104) के शानदार शतकों के बाद तस्कीन अहमद (44/4) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने रविवार को एशिया कप के करो या मरो ग्रुप-बी मुकाबले में अफगानिस्तान को 89 रन से पीट दिया।

बंगलादेश ने मिराज़ और शान्तो के शतकों की बदौलत 50 ओवर में 334 रन का स्कोर खड़ा किया। तस्कीन और शोरिफुल इस्लाम (36/3) की गेंदबाजी के आगे अफगानिस्तान की पूरी टीम 44.3 ओवर में 245 रन पर ऑलआउट हो गयी। इब्राहिम ज़ादरान ने अफगानिस्तान के लिये 74 गेंद पर 10 चौके और एक छक्का लगाकर 75 रन बनाये लेकिन उनकी यह जुझारू कोशिश अफगानों को विजयी बनाने के लिये नाकाफी साबित हुई। पहले मैच में श्रीलंका के हाथों हारने के बाद बंगलादेश ने इस जीत के साथ सुपर-चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। अगर मेजबान श्रीलंकाई टीम मंगलवार को अफगानिस्तान पर विजय पा लेती है तो वह बंगलादेश के साथ सुपर-चार में प्रवेश करेगी।

लाहौर की गर्मी में बंगलादेश ने अफगानिस्तान के विरुद्ध टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और मिराज़ ने मोहम्मद नईम के साथ मिलकर पहले ओवर से ही मोर्चा संभाल लिया। मिराज़-नईम ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी की, हालांकि अफगानिस्तान ने चार गेंद के अंदर दो विकेट गिराकर मैच में वापसी की। मुजीब उर रहमान ने नईम (32 गेंद, 28 रन) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि गुलबदिन नाइब ने तौहीद हृदोय को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया।

नईम और हृदोय के विकेट हालांकि बंगलादेश को बैकफुट पर नहीं धकेल सके। मिराज़ और शान्तो ने इसके बाद अपने-अपने शतक पूरे करते हुए 195 रन की विशाल साझेदारी कर डाली। मिराज़ 119 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गये, जबकि शान्तो ने 45वें ओवर में रनआउट होने से पहले 105 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। मुश्फिकुर रहीम (15 गेंद, 25 रन) और शाकिब अल हसन (18 गेंद, नाबाद 32 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बंगलादेशी पारी को मज़बूत अंत दिया। शमीम हुसैन ने छह गेंद पर एक छक्के के साथ 11 रन बनाये। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 10 ओवर में 62 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि नाइब ने आठ ओवर में 58 रन देकर एक सफलता हासिल की। फ़ज़लहक़ फारूक़ी छह ओवर में 53 रन देकर अफगान टीम के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

## नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर चार में जगह बनाने उतरेगा भारत

पालेकल (श्रीलंका), 3 सितंबर। पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद भारत का सामना सोमवार को यहां नेपाल से होगा जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम बड़ी जीत दर्ज करके एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार में अपनी जगह पक्की करने के लिए उतरेगी। पाकिस्तान ग्रुप ए से पहले ही सुपर चार में जगह बना चुका है। उसके दो मैचों में तीन अंक हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से भारत का एक अंक है। यदि सोमवार को होने वाला मैच भी बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो भारत दो अंकों के साथ सुपर चार में पहुंच जाएगा लेकिन रोहित शर्मा और उनके साथी निश्चित तौर पर इस तरह से आगे नहीं बढ़ना चाहेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत के लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे, जिन्हें वह टूर्नामेंट में आगे भी जारी रखना चाहेगा। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने भारत का शीर्ष क्रम थर्राकर एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 66 रन कर दिया था। लेकिन अपने वनडे करियर में पहली बार पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने पांचवें विकेट के लिए 138 रन जोड़कर भारत का स्कोर 266 रन तक पहुंचाया। किशन ने विशेषकर प्रभावशाली बल्लेबाजी की और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चलने के बाद एक छोर संभाले रखा। किशन पांचवें नंबर पर चल पाएंगे या नहीं, इसको लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा था लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार रक्षात्मक और आक्रामक खेल का सुंदर नजारा पेश करके साबित किया कि वह मध्यक्रम में भी सफल हो सकते हैं। नेपाल का गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान की तरह मजबूत नहीं है और ऐसे में किशन आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने नाम के आगे कुछ रन जोड़ना चाहेंगे। इसी तरह से पंड्या की अर्धशतकीय पारी से टीम प्रबंधन खुश होगा। उन्होंने पहले किशन के सहयोगी की भूमिका बखूबी निभाई और बाद में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के सामने भारत के चोटी के चार बल्लेबाज रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर नहीं चल पाए और टीम प्रबंधन चाहेगा कि यह चारों बल्लेबाज जल्द से जल्द खुद को वनडे क्रिकेट के अनुकूल ढाल दें। रोहित और कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था जबकि अय्यर चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। इन तीनों बल्लेबाजों के पास नेपाल के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने का मौका होगा। भारत को हालांकि यह निराशा होगी उसके गेंदबाजों को पाकिस्तान के बल्लेबाजों के सामने अपना कौशल दिखाने का मौका नहीं मिला। टीम प्रबंधन यह देखने के लिए बेताब होगा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 10 ओवर करने और 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण करने में किस हद तक सक्षम हैं। नेपाल टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से 238 रन से हार गया था और उसका लक्ष्य अब भारत के सामने कुछ चुनौती पेश करने का होगा। उसकी उम्मीदें लेग स्पिनर संदीप लामिछाने और कप्तान रोहित पौडेल पर टिकी होंगी। टीम इस प्रकार हैं: भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन (रिजर्व)। नेपाल: रोहित पौडेल (कप्तान), कुशल भुर्टेल, आसिफ शेख, भीम शर्की, कुशल मल्ला, आरिफ शेख, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, संदीप लामिछाने, ललित राजबंशी, प्रतीश जीसी, मौसम ढकाल, संदीप जोरा , किशोर महतो, अर्जुन साउद. मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा।

## मुंबई लौटे बुमराह, नेपाल के खिलाफ नहीं खेलेंगे

पाल्लेकेले, 3 सितंबर। भारत के शीर्ष तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह निजी कारणों से स्वदेश लौट आये हैं और नेपाल के खिलाफ सोमवार को होने वाले एशिया कप मुकाबले में हिस्सा नहीं लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया, ''वे (भारत) जसप्रीत बुमराह के बिना होंगे, जो सिर्फ एक मैच के लिये व्यक्तिगत कारणों से घर लौट आए हैं।'' बुमराह हालांकि पूरी तरह फिट हैं और अगर भारत सुपर-चार चरण में जगह बनाता है तो वह मैदान पर उतरेंगे। बारिश के कारण पाकिस्तान के खिलाफ भारत के पहले एशिया कप मुकाबले में सिर्फ एक ही पारी हो सकी थी और बुमराह को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला था। नेपाल के विरुद्ध बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को मौका दिया जा सकता है।

## ईस्ट बंगाल पर रोमांचक जीत के साथ मोहन बागान ने जीता डूरंड कप

कोलकाता, 3 सितंबर। मोहन बागान सुपर जायंट्स ने दिमित्री पेट्राटोस के निर्णायक गोल के दम पर रोमांच से भरे डूरंड कप 2023 फाइनल में रविवार को ईस्ट बंगाल एफसी को 1-0 से हराकर 17वीं बार यह खिताब जीत लिया।

सॉल्ट लेक स्टेडियम पर खेली गयी डर्बी में पेट्राटोस ने 71वें मिनट में विजेता टीम का गोल किया। इस जीत के साथ मोहन बागान 17 बार डूरंड कप खिताब हासिल करने वाली पहली टीम बन गयी। ईस्ट बंगाल 16 ट्रॉफियों के साथ इस टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम है।मोहन बागान ने पिछली बार सन् 2000 में यह खिताब जीता था। टीम 2004, 2009 और 2019 में भी फाइनल में पहुंची लेकिन ट्रॉफी नहीं उठा सकी थी। दो दशक बाद डूरंड कप चैंपियन बनने का सपना लेकर उतरे मोहन बागान ने पहले हाफ में गेंद पर अधिक कब्ज़ा रखा लेकिन क्लब खाता नहीं खोल सका। ईस्ट बंगाल ने धीरे-धीरे लय हासिल की और पहले हाफ के अंत में गोल करने के करीब भी आया। मोहम्मद रकीप और बोर्जा हरेरा ने ईस्ट बंगाल के लिये एक मौका बनाया लेकिन नंदकुमार शेखर गोल पर सटीक निशाना नहीं लगा सके। पहले हाफ के अतिरिक्त समय में मोहन बागान के पास भी एक मौका था लेकिन दिमित्री पेत्रातोस का प्रयास ईस्ट बंगाल के गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया।

मोहन बागान ने पहले हाफ की समाप्ति 0-0 पर की, लेकिन ब्रेक से कुछ समय पहले तीन येलो कार्ड मिलने से उसे परेशानी हुई। मोहन बागान की मुश्किलें तब बढ़ गईं जब 62वें मिनट में अनिरुद्ध थापा को लाल कार्ड देखकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। मोहन बागान के लिये सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना मुश्किल हो सकता था लेकिन थापा की गैर-मौजूदगी में टीम अधिक खतरनाक लगने लगी। पेत्रातोस ने नौ मिनट के अंदर बॉक्स के बाहर से ज़ोरदार किक मारकर गेंद को नेट में पहुंचा दिया। यह पूरे मैच में मोहन बागान का एकमात्र सटीक निशाना था, लेकिन यह उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी था।

ईस्ट बंगाल ने गोल पर छह शॉट लगाये लेकिन गोलपोस्ट के करीब फिनिशिंग की कमी उनके लिये महंगी साबित हुई। दूसरे हाफ में 10 मिनट का अतिरिक्त समय मिलने के बावजूद ईस्ट बंगाल का खाता नहीं खुला और पूरे टूर्नामेंट में अविजित रही टीम फाइनल में आकर हार गयी।डूरंड कप 2023 तीन अगस्त को शुरू हुआ था। टूर्नामेंट के 132वें संस्करण में 24 टीमों ने हिस्सा लिया, जो पिछले साल की तुलना में चार अधिक है।

## हरमनप्रीत डब्ल्यूबीबीएल विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में चयनित होने वाली इकलौती भारतीय

मेलबर्न, 3 सितंबर। हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय है। भारतीय महिला टीम की इस कप्तान को रविवार को यहां मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपनी टीम में बरकरार रखा। यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के शुरूआती विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी नहीं चुना गया।

हरमनप्रीत का नाम 'प्लैटिनम' श्रेणी में था। रेनेगेड्स की टीम उन्हें और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को अपने साथ बरकरार रखने में सफल रही। हरमनप्रीत ने 2021-22 सत्र के दौरान रेनेगेड्स के लिए दमदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए थे, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल थे। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 81 रन था। वह बल्ले के साथ गेंद से भी प्रभावी रहीं और उन्होंने 15 विकेट लिए। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर तीन विकेट रहा। हरमनप्रीत ने 2016-17 में सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण किया था। हरमनप्रीत के रिटेंशन (टीम में बरकरार रखने) पर रेनेगेड्स के मुख्य कोच साइमन हेल्मोट ने कहा, '' मुझे बहुत खुशी है कि हमें वे दोनों (हरमनप्रीत और हेले) मिलीं और मैं इस साल फिर से उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।''

उन्होंने कहा, '' पहले दौर में हम हरमनप्रीत और हेले में से एक का ही चयन कर सकते थे लेकिन हमारी किस्मत अच्छी थी कि हरमनप्रीत दूसरे दौरे में चयन के लिए उपलब्ध थी। हरमनप्रीत की घरेलू फ्रेंचाइजी टी20 टीमों की लंबी सूची में लंकाशर थंडर, सुपरनोवाज, मैनचेस्टर ओरिजिनल्स और ट्रेंट रॉकेट्स (द हंड्रेड) और मुंबई इंडियंस (महिला प्रीमियर लीग) शामिल हैं। डब्ल्यूबीबीएल के लिए विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में हरलीन देयोल, हर्ले गाला, ऋचा घोष, मन्नत कश्यप, अमनजोत कौर, वेदा कृष्णमूर्ति, शिखा पांडे, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, मेघना सब्बीनेनी, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर और राधा यादव जैसे भारतीय खिलाड़ी भी शामिल थे।

## सपाट पिचों पर पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी तिकड़ी अधिक प्रभावी : दिनेश कार्तिक

पाल्लेकल (श्रीलंका), 3 सितंबर। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को लगता है कि पाकिस्तान और भारत के तेज गेंदबाज बराबरी पर हैं लेकिन शाहीन अफरीदी, हारिस राउफ और नसीम शाह की तिकड़ी सपाट पिचों पर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी की तिकड़ी से अधिक प्रभावी हैं क्योंकि वे अधिक गति हासिल कर सकते हैं। पाकिस्तान के इन तीनों तेज गेंदबाजों ने शनिवार को यहां एशिया कप मैच में भारत के सभी 10 विकेट चटकाए जिससे टीम 48.5 ओवर में 266 रन पर सिमट गई। हालांकि, लगातार बारिश के कारण मैच रद्द कर दिया गया। शाहीन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि राउफ और नसीम ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। कार्तिक ने उनकी सफलता का मुख्य कारण तीनों पाकिस्तानी गेंदबाजों के पिच से हासिल किए गए उछाल और विविधता को दिया। कार्तिक ने 'क्रिकबज' से कहा, ''शाहीन, हारिस राउफ और नसीम लगातार 90 मील प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं और तीनों बहुत अलग हैं। शाहीन शाह, जाहिर तौर पर बाएं हाथ से कोण से गेंद को वापस अंदर लाते हैं, नसीम शाह गेंद को दोनों तरफ घुमाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''अपनी स्किड और शानदार बाउंसर के कारण हैरिस इस समय पारी के अंत में निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है।'' कार्तिक ने कहा, ''मेरे लिए वे (पाकिस्तानी गेंदबाज) सपाट विकेटों पर कहीं अधिक प्रभावी आक्रमण हैं। अगर पिच में कुछ मदद है तो दोनों आक्रमण (भारत और पाकिस्तान) हर समय बहुत समान हो जाते हैं।'' भारतीय क्रिकेटर ने यह भी कहा कि बुमराह, सिराज और शमी शायद पाकिस्तानी गेंदबाजों की तुलना में कम उछाल हासिल करेंगे।

## बीसीसीआई की एजीएम 25 सितंबर को, पद पर बने रहेंगे सभी पदाधिकारी

मुंबई, 3 सितंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी पदाधिकारी अपने पदों पर बने रहेंगे क्योंकि देश में क्रिकेट की संचालन संस्था एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले 25 सितंबर को गोवा में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन करेगी। बीसीसीआई की पिछली एजीएम 22 अक्टूबर 2022 को होगी। इस साल 27 मई को विशेष आम सभा (एसजीएम) का आयोजन किया गया था। एजीएम के एजेंडा में पहला बिंदू बैठक में लिए फैसलों को अंतिम रूप देना है। आगामी बैठक के एजेंडे में कुल 18 बिंदु हैं जिसमें लोकपाल और आचरण अधिकारी की नियुक्ति के साथ-साथ पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देना भी शामिल है। इसके अलावा एजेंडे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति, क्रिकेट समितियों, स्थायी समितियों और अंपायर समिति की नियुक्तियां भी शामिल हैं। बीसीसीआई एजीएम में आम सभा के दो प्रतिनिधियों का चुनाव और उन्हें शामिल किया जाएगा।

## गुकेश भारत का शीर्ष खिलाड़ी बनने के बाद अपने खेल में और सुधार करना चाहते है

कोलकाता, 3 सितंबर। अपने आदर्श विश्वनाथ आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने डी गुकेश ने कहा कि वह अपने खेल में सुधार को निरंतर जारी रखना चाहते हैं। सत्रह साल के गुकेश ने फिडे विश्व रैंकिंग में आनंद की 37 साल की भारतीय बादशाहत खत्म की। वह एक सितंबर को जारी रैंकिंग में आनंद पर चार अंक की बढ़त से 2754 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गये। आनंद नौवें पायदान पर हैं।

एशियाई खेलों के शिविर और एक आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए यहां आए गुकेश ने शनिवार को कहा कि वह हाल ही में विश्व कप क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने की निराशा से उबर चुके हैं। गुकेश ने विशेष साक्षात्कार में इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''यह (नुकसान) कुछ समय पहले ही हो चुका है। अब आगे कुछ चीजें हैं और मैं उस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'' गुकेश के पास अभी कोई प्रायोजक नहीं है और अपने खेल को जारी रखने के लिए पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' की मदद लेते हैं।

गुकेश ने कहा कि वह 2021 में वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी से जुड़े और इसके बाद से इस संस्था ने उनकी सफलता में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, '' (विश्वनाथन) आनंद सर ने मुझे बधाई दी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उन्होंने मेरे करियर में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। वह मेरे सबसे बड़े नायक और आदर्श हैं। मुझे उम्मीद है कि वह मेरी उपलब्धि से खुश होंगे।'' उन्होंने भारत के शीर्ष खिलाड़ी बनने के बारे में पूछे जाने पर कहा, '' यह अच्छा एहसास है। यह शानदार उपलब्धि है और मैं इससे खुश हूं।''

नार्वे के दिग्गज कार्लसन के बाद 2750 ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के शतरंज खिलाड़ी बने गुकेश ने कहा, '' मेरे प्रशिक्षकों और डब्ल्यूएसीए (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने मुझे इसके लिए तैयार करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।'' हाल ही में बाकू में हुए शतरंज विश्व कप में भारत के चार खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जिसमें से 18 साल के आर प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट के उपविजेता बन कर उभरे। प्रज्ञानानंदा ने सबसे कम उम्र में विश्व कप का उपविजेता बनने के साथ कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। कैंडिडेट टूर्नामेंट के विजेता को मौजूदा विश्व चैम्पिनशप खिताब के लिए डिंग लिरेन को चुनौती देने का मौका मिलेगा। कैंडिडेट टूर्नामेंट में अभी चार और स्थान बाकी हैं। इस साल अक्टूबर-नवंबर में आइल ऑफ मैन में फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट 2023 से कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए दो स्थान पक्के होंगे।

इसके अलावा ' फिडे सर्किट विजेता' और 'बेस्ट बाय रेटिंग' को एक-एक स्थान दिया जाएगा। 'फिडे सर्किट' टेनिस में टूर अंक के समान है और रेटिंग में उतार-चढ़ाव होता रहता है, कट-ऑफ स्कोर वर्ष के अंत में तय किया जाता है। गुकेश इस समय सबसे आगे चल रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कैंडिडेट टूर्नामेंट का स्थान हासिल करना उनका अगला लक्ष्य है, गुकेश ने कहा, ''देखते हैं, कौन जानता है कि क्या होगा। अभी, मेरा लक्ष्य सिर्फ अपने खेल में सुधार करना है और देखना है कि यह मुझे कहां ले जाता है।

## विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप : मीराबाई पदक की दौड़ में नहीं, भारत के पदक जीतने की संभावना कम

रियाद, 3 सितंबर। एशियाई खेलों की टीम से बाहर किए गए भारोत्तोलक एन अजित और अचिंता श्युली खुद को साबित करने के इरादे से उतरेंगे जबकि मीराबाई चानू पेरिस ओलंपिक के अनिवार्य क्वालीफायर विश्व चैंपियनशिप में वजन कराने के बाद पदक की दौड़ में नहीं होंगी।

मीराबाई (49 किग्रा) ने सोमवार से शुरू हो रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक की दौड़ से खुद को बाहर कर लिया है क्योंकि यह पूर्व चैंपियन इस महीने शुरू होने वाले एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से विश्व चैंपियनशिप में वजन नहीं उठाएगी। पेरिस खेलों के लिए पात्रता हासिल करने के लिए वह सिर्फ जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करेंगी।

मीराबाई के वजन नहीं उठाने से भारत के पदक जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है। उनकी गैरमौजूदगी में किसी भी भारतीय भारोत्तोलक को पदक के दावेदार माने जाने वाले ग्रुप ए क्लासीफिकेशन में जगह नहीं मिली है। टूर्नामेंट के लिए प्रवेश करते समय सबसे अधिक वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है जबकि इसके बाद खिलाड़ी को ग्रुप बी, फिर ग्रुप सी आदि में जगह मिलती है।

अजित और श्युली को पिछले महीने एशियाई खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि वे खेल मंत्रालय की चयन पात्रता को पूरा करने में नाकाम रहे थे। 73 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने वाले ये दोनों भारोत्तोलक यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

गत राष्ट्रीय चैंपियन अजित ने प्रतियोगिता में प्रवेश से पहले सर्वश्रेष्ठ प्रयास 305 किग्रा वजन उठाकर किया है और उन्हें ग्रुप सी में रखा गया है। राष्ट्रमंडल चैंपिनशिप के स्वर्ण पदक विजेता को हल्की चोटें लगी थी लेकिन इनसे उबरने के बाद उनकी नजरें 320 किग्रा वजन उठाने पर टिकी हैं।

अजित ने पीटीआई से कहा, ''मैं ट्रेनिंग के दौरान 318 किग्रा वजन उठा रहा हूं। मैं 320 किग्रा तक पहुंचना चाहता हूं।'' पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों का चैंपियन बनने के बाद से श्युली चोटों से जूझ रहे हैं। पिछली विश्व चैंपियनशिप के दौरान वह वार्मअप के समय पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे। कोलकाता का यह भारोत्तोलक अब भी पीठ में दर्द से परेशान है और यही कारण है कि प्रवेश के समय उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 280 किग्रा रहा है जो 313 किग्रा के उनके निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी कम है। उन्हें ग्रुप डी में जगह मिली है।

शुभम तोडकर (61 किग्रा) भारत के तीसरे पुरुष भारोत्तोलक हैं। महाराष्ट्र का यह खिलाड़ी हालांकि पिछली दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप में मैं स्नैच में 125 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 155 किग्रा वजन उठाना चाहता हूं।''

ये तीनों ओलंपिक वजन वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं और पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए जरूरी रैंकिंग अंक जुटाने का प्रयास करेंगे। एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी लेकिन मीराबाई की तरह उनकी नजरें भी एशियाई खेलों पर हैं। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी को महिला 55 किग्रा वर्ग में ग्रुप सी में रखा गया है। यह गैर ओलंपिक वजन वर्ग है। पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वालीफिकेशन नियमों के तहत 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दो टूर्नामेंट के अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैंपयनशिप, 2023 ग्रां प्री एक, 2023 ग्रां प्री दो और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से किन्हीं तीन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होगा।

अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) क्वालीफिकेशन समय पूरा करने के बाद प्रत्येक वजन वर्ग में (ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेटिंग) जारी करेगा। क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भारोत्तोलक के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर अंतिम सूची तैयार होगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**महिला** : मीराबाई चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी देवी (55 किग्रा)

**पुरुष** : शुभम तोडकर (61 किठाा), अचिंता श्युली (73 किग्रा), एन अजित (73 किग्रा)

## जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन

नयी दिल्ली, 3 सितंबर। ज़िम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की। नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, ''आज सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिये एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे।'' साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले। स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले ज़िम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है। स्ट्रीक मुख्य रूप से अपनी तेज गेंदबाजी के लिये पहचाने जाते थे लेकिन उन्होंने अपनी टीम के मध्यक्रम में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बेणेश्वर धाम (डूंगरपुर) पहुंचे। अमित शाह ने सबसे पहले भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दूसरे रथ को रवाना किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह स्वयं परिवर्तन यात्रा रथ पर सवार हुये। इसके बाद उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और आरोप लगाया कि, वर्तमान गहलोत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार के मामलों में घिरी हुई है। इस मौके पर मंच पर पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे, अर्जुन राम मेघवाल, राजेन्द्र राठौड़ सहित प्रदेश भाजपा के तमाम कद्दावर नेता मौजूद रहे। गौरतलब हैं कि, भाजपा ने अपनी दूसरी परिवर्तन यात्रा वागड़ क्षेत्र में शुरु की है, गत शनिवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भाजपा परिवर्तन यात्रा के पहले रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया था।

# ‘एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार संघीय ढांचे की व्यवस्था एवं लोकतंत्र को ध्वस्त करने जैसा है’

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि, प्र.मंत्री मोदी का यह विचार उनकी तानाशाही सोच को दर्शाता है

नयी दिल्ली, 3 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार का ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ का विचार संघीय ढांचे की व्यवस्था को ध्वस्त कर देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को तानाशाही व्यवस्था में तब्दील करना है।

खड़गे ने ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ के विचार को लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश बताया और कहा इस तरह का प्रयास करके मोदी सरकार देश के संघीय ढांचे को तानाशाही में तब्दील करना चाहती है।

राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा और उसके इस विचार को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे राज्यों पर हमला करार दिया। उनका कहना था कि सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है।

राहुल गांधी ने एक्स कर कहा, ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ का विचार भारत संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है। खड़गे ने कहा,मोदी सरकार का मकसद लोकतंत्र को धीरे-धीरे तानाशाही में बदलना है। उसका ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ पर समिति बनाना एक नौटंकी है और भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के सिद्धांत की प्रक्रिया बहुत जटिल है। निर्वाचित लोकसभा और विधान सभाओं के कार्यकाल को कम करने के लिए संवैधानिक संशोधनों की ज़रूरत है और इसके लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में बड़े पैमाने पर बदलाव करना होगा।

कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर सवाल करते हुए सरकार से पूछा,क्या प्रस्तावित समिति भारतीय चुनावी प्रक्रिया में सबसे बड़े बदलाव पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने के लिए सबसे उपयुक्त है। क्या राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर राजनीतिक दलों से परामर्श किए बिना इतनी बड़ी कवायद मनमाने तरीके से की जानी चाहिए। क्या इतना बड़ा कदम राज्यों और उनकी चुनी हुई सरकारों को शामिल किए बिना उठाया जाना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि इस तरह के विचार को पहले बनी तीन समितियों ने खारिज किया है और अब यह देखना है कि क्या इस मामले में चौथी समिति का गठन पूर्व के अनुभव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। कमाल की बात यह है की जो समिति बनाई गई है उसमें चुनाव आयोग के एक प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया है।

आजादी के बाद देश में एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा,1967 तक हमारे पास न तो इतने राज्य थे और न ही हमारी पंचायतों में 30.45 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि थे।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे पास लाखों निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और उनका भविष्य एक बार में निर्धारित नहीं किया जा सकता है। अब 2024 के लिए भारत के लोगों के पास केवल ‘एक राष्ट्र, एक समाधान’ का एकमात्र विकल्प है भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से छुटकारा पाना।

इससे पहले कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा,जिसे ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ कहा जा रहा है उस पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन एक अनुष्ठानिक अभ्यास है और इस काम की प्रक्रिया को सामने लाने का समय सन्देह पैदा करता है। इस संदर्भ में अपनाई गई शर्तें और सिफारिशें मनमानी से निर्धारित की गई हैं। समिति की संरचना भी अपने हिसाब से तय हुई हैं और इसी वजह से लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कल रात बहुत ही उचित तरीके से इस समिति का हिस्सा बनने से इनकार किया है।

रमेश ने यह बात चौधरी की उस बयान के संदर्भ में कही जिसमें चौधरी ने ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ को लेकर गठित केंद्र की आठ सदस्यीय समिति का हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार करते हुए उसके इस कदम को देश के साथ धोखा बताया है।

उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह को इस संदर्भ में शनिवार को लिखे अपने एक पत्र में कहा, मुझे उस समिति में काम करने से इनकार करने में कोई झिझक नहीं है, जिसकी शर्तें इसके निष्कर्षों की गारंटी के लिए तैयार की गई हैं। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से एक धोखा है।

# ‘सनातन धर्म को खत्म करने की बात वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए कर रहा है विपक्ष’

## अमित शाह ने बेणेश्वर धाम (डूंगरपुर) में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दूसरे रथ को रवाना करते हुये कहा कि, ‘‘इंडिया’’ नहीं घमण्डिया गठबंधन वोट बैंक की राजनीति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकता है

- **अमित शाह ने कहा कि, भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा 19 दिन में करीब ढाई हजार किलोमीटर घूमेगी और 52 विधानसभाओं से संपर्क करेगी। इस दौरान 156 जगह छोटी सभाएं, 52 जगह पर सभाएं और 54 स्थानों पर बड़ी सभाएं कर पूरे राजस्थान में परिवर्तन का संकल्प लेने का काम करेगी।**

डूंगरपुर 3 सितंबर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंडियन नैशनल डवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (आई.एन.डी.आई.ए.) पर देश की संस्कृति और सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि, वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया जा रहा है।

शाह रविवार को डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम से भाजपा की ‘परिवर्तन यात्रा’ का शुभारंभ करने से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के लोग पिछले दो दिन से देश की संस्कृति, इतिहास और सनातन धर्म का अपमान कर रहे है। गठबंधन के दो प्रमुख दल कांग्रेस और डीएमके के बड़े नेता इनमें एक मुख्यमंत्री के पुत्र कह रहे है कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, इन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कर इसका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कह चुके है कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है जबकि हम कहते है कि बजट पर पहला हक गरीबों, पिछड़ों आदि का है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदू संगठन लश्कर-ए-तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से की जाती है और उनके मंत्री कहते थे कि हिंदू आतंकवाद चल रहा है।

शाह ने विपक्षी गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि यह गठबंधन वोट बैंक की राजनीति एवं तुष्टिकरण के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है, लेकिन ये जितने इस तरह बोलेंगे उतने ही कम होते जायेंगे। उन्होंने कहा कि, अगर सनातन धर्म के खिलाफ इसी तरह राग अलाप किया तो आगामी 2024 में दूरबीन लेकर ढूंढेंगे तो भी नज़र नहीं आयेंगे।

अमित शाह ने भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के द्वितीय रथ को रविवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजित जनसभा को अमित शाह के अलावा भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, सांसद कनकमल कटारा एवं अर्जुन मीणा, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया ने संबोधित किया।

शाह ने जनसभा में कहा कि, इस यात्रा की डूंगरपुर के इस क्षेत्र से शुरुआत होने जा रही है और यह देश भक्तों की भूमि रही है, जहां महाराणा प्रताप ने सालों युद्ध करते हुए मुगल सेना के दांत खट्टे करने का काम किया। उन्होंने कहा कि, भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा 19 दिन में करीब ढाई हजार किलोमीटर घूमेगी और 52 विधानसभाओं से संपर्क करेगी। इस दौरान 156 जगह छोटी सभाएं, 52 जगह पर सभाएं और 54 स्थानों पर बड़ी सभाएं कर पूरे राजस्थान में परिवर्तन का संकल्प लेने का काम करेगी।

इस दौरान वसुंधरा राजे ने कहा कि, केन्द्र में भाजपा की मजबूत सरकार की नीतियों की वजह से आज भारत सबसे शक्तिशाली देश बनाने के मार्ग पर चल रहा है। चंद्रयान-3 चांद पर पहुंच चुका है। उसी के साथ आदित्य एल-01 मिशन भी सफल तरीके से लांच हुआ है।

उन्होंने वर्ष 2013 के चुनाव में इसी क्षेत्र के सहयोग की वजह से भाजपा को एक ऐतिहासिक जनादेश मिला था। इस क्षेत्र में हमने मावजी महाराज और शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाली कालीबाई का पैनोरमा बनाने सहित कई काम किये है।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा राज्य सभा जाएंगे

नयी दिल्ली, 3 सितंबर (वार्ता)। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के उप चुनाव में राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

पार्टी की रविवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने डॉ. दिनेश शर्मा को उत्तर प्रदेश की राज्य सभा की एक रिक्त सीट के उपचुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बनाने की स्वीकृति दी है। यह सीट राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे के निधन से रिक्त हुई है।

इस सीट पर नामांकन के लिए 29 अगस्त को अधिसूचना जारी हो चुकी है। पांच सितंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ सितंबर है जबकि 15 सितंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है और उसी के बाद मतगणना होगी।

# संसद सत्र में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं होगा, विधायी कामकाज ही निपटाये जायेंगे

- **संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है । हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है।**
- **मोदी सरकार के अब तक के नौ वर्षों के कार्यकाल में पहली बार ऐसा संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इससे पहले हालांकि जीएसटी के लागू होने के अवसर पर जून 2017 की मध्यरात्रि को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक बुलायी गयी थी।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय ने यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय ने इसकी जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा।वहीं, राज्यसभा सचिवालय ने अपने बुलेटिन में कहा कि सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राज्यसभा का 261वां सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा। सत्र 18, 19, 20, 21 और 22 सितंबर तक चलेगा।

इसमें कहा गया है कि सत्र आमतौर पर पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे और फिर अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। सचिवालय सूत्रों के अनुसार विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और गैर सरकारी कामकाज नहीं होगा। गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है। सरकार ने हालांकि संसद के विशेष सत्र का एजेंडा घोषित नहीं किया। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है । हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है।

मोदी सरकार के अब तक के नौ वर्षों के कार्यकाल में पहली बार ऐसा संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इससे पहले हालांकि जीएसटी के लागू होने के अवसर पर जून 2017 की मध्यरात्रि को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक बुलायी गयी थी।

# कर्नाटक में ऑपरेशन लॉटस फिर शुरु होगा

- **भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मंत्री के.एस ईश्वरप्पा ने दावा किया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए राज्य में ऑपरेशन लोटस जल्द ही शुरू होगा।**
- **ईश्वरप्पा ने कहा, कांग्रेस के नेता राज्य में बड़ी-बड़ी न्यूज बनवा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि बीजेपी के आधे विधायक हमारी पार्टी में आएंगे, लेकिन अभी तक तो एक भी भाजपा से कांग्रेस में नहीं गया है।**

बैंगलुरु, 3 सितम्बर। क्या कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए ऑपरेशन लोटस शुरू होने वाला है? भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मंत्री केएस ईश्वरप्पा के बयान से ही यह सवाल खड़ा हुआ है। बीजेपी लीडर ने दावा किया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए राज्य में ऑपरेशन लोटस जल्द ही शुरू होगा। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ईश्वरप्पा ने कहा कि कांग्रेस का देश में कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कांग्रेस सरकार नहीं रहने वाली है।

केएस ईश्वरप्पा शिवमोग्गा से बीजेपी के विधायक हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता राज्य में बड़ी-बड़ी न्यूज बनवा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि बीजेपी के आधे विधायक हमारी पार्टी में आएंगे, लेकिन अभी तक तो एक भी भाजपा से कांग्रेस में नहीं गया है। ईश्वरप्पा यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने कांग्रेस को भाजपा का कम से कम एक विधायक अपनी ओर लाने की चुनौती दी और इसके लिए एक महीने की समय सीमा भी तय कर दी। उन्होंने कहा, रुकिए और देखिए, कांग्रेस विधायकों को पार्टी से कोई उम्मीद नहीं है। कांग्रेस का इस देश में कोई भविष्य नहीं है।भाजपा नेता ईश्वरप्पा इससे पहले भी अपने बयान को लेकर मीडिया की सुर्खियों में आए थे। इससे पहले जून में उन्होंने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि मंदिर बनाने के लिए मस्जिदों को ढहाया जाएगा।

### जिन सीटों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

योजनाओं को लेकर लोगों को मोटिवेट करने का है। ये पर्यवेक्षक कांग्रेस की सरकार बनवाने के लिए लोगों से मिलने और कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि, अब आगामी दिनों में पर्यवेक्षक विधानसभावार रिपोर्ट तैयार करेंगे। आगामी दिनों में प्रदेश में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि, यह कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत कर तय करेंगे। उन्होंने कहा कि, जिन सीटों पर पार्टी कमजोर हैं, उन सीटों पर पर्यवेक्षक खास ध्यान देंगे और पिछले चुनावों में हार के कारणों की समीक्षा करेंगे, ताकि ऐसी सीटों पर पार्टी को मजबूत किया जा सके।

# असम के मु.मंत्री ने कांग्रेस से डी.एम.के. के साथ गठबंधन भी तोड़ने की मांग की

## मु.मंत्री हिमंता बिसवा सरमा ने कहा कि, यह राहुल गांधी के लिए एक परीक्षा है। उन्हें इस बारे में निर्णय लेना होगा कि वह सनातन धर्म का सम्मान करते हैं या नहीं

- **असम के सी.एम. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, ‘‘मेरे पास उदयनिधि स्टालिन का बयान है और यही बयान कांग्रेस के एक सांसद चिदंबरम ने भी जारी किया था। मैंने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का भी कमोबेश इसी तरह का बयान देखा है। उन्होंने कहा कि, इन नेताओं के बयानों से हिन्दुत्व विरोधी विचारधारा साफ झलक कर सामने आ रही है।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को खत्म किए जाने संबंधी दिए गए बयान पर सियासी उबाल थमने का नाम नहीं ले रहा। विवादित टिप्पणी के बाद से ही बीजेपी के तमाम नेताओं और मंत्रियों ने जमकर डीएमके और कांग्रेस पर हमला बोला है। इंडिया गठबंधन में डीएमके के शामिल होने के चलते उदयनिधि के बयान की आंच अब कांग्रेस पार्टी तक आ गई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और राहुल गांधी को घेरा है। साथ ही, असम सीएम ने कांग्रेस से डीएमके के साथ गठबंधन भी तोड़ने की मांग की।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, ''मेरे पास उस नेता का बयान है और यही बयान कांग्रेस के एक सांसद चिदंबरम ने भी जारी किया था। मैंने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का भी कमोबेश इसी तरह का बयान देखा है। मेरे पास भी है।'' मैं तमिलनाडु के मंत्री की निंदा नहीं करना चाहता क्योंकि उन्होंने खुद को बेनकाब कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस पार्टी अब भी डीएमके के साथ गठबंधन में रहेगी... यह राहुल गांधी के लिए एक परीक्षा है।

### मोदी पुणे से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाद पुणे लोकसभा सीट खाली होने के कारण, आगामी चुनावों में मोदी संभवत: इस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार होंगे।

भाजपा के पूर्व सांसद संजय काकड़े ने सीधे मोदी को पत्र लिखकर उनसे पुणे से लोकसभा चुनाव लड़ने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा, जब आपने पिछला चुनाव गुजरात और उत्तर प्रदेश से लड़ा था, तो उन राज्यों में भाजपा को 90 से 100 फीसदी सफलता मिली थी. पुणे में आपकी जीत 100 फीसदी होगी।

अग्रवाल मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने भी मोदी के पुणे से चुनाव लड़ने की मीडिया रिपोर्टों का स्वागत करते हुए कहा कि पुणे को एक विश्व स्तरीय शहर और सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने का प्रत्येक नागरिक का सपना सच हो जाएगा।

# इतिहास में हुई मात्र तीन बैठकों में ही जी-20 के सभी राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुये थे

- **रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में अनिश्चितता को लेकर जी 20 शिखर-सम्मेलन की कामयाबी को लेकर कुछ हलकों में कुछ टीका टिप्पणियां की जा रही हैं लेकिन तथ्य कुछ और ही कह रहे हैं कि, यह कोई नई बात नहीं है।**

नयी दिल्ली, 3 सितंबर (वार्ता)। आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में कुछ राष्ट्राध्यक्षों की अनुपस्थिति को लेकर भले ही कुछ अलग तरह की चर्चाएं चल रही हों लेकिन यह भी तथ्य है कि 2008 से अब तक हुए 16 शिखर-सम्मेलनों में से केवल शुरुआती तीन में ही सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों ने भाग लिया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की अनुपस्थिति और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे में अनिश्चितता को लेकर जी 20 शिखर-सम्मेलन की कामयाबी को लेकर कुछ हलकों में कुछ टीका टिप्पणियां की जा रही हैं लेकिन पिछले सम्मेलन पर निगाह डाली जाए तो कुछ और तथ्य सामने आते हैं।

पिछले रिकॉर्ड से पता चलता है कि वैश्विक शिखर सम्मेलनों में उपस्थिति का स्तर साल-दर-साल बदलता और व्यस्तताओं के चलते हर नेता के लिए हर शिखर सम्मेलन में भाग लेना हमेशा संभव नहीं होता है। कई बार नेता अपने निजी कारणों से शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले पाते हैं।

यहां सबसे उदाहरण इटली में वर्ष 2021 का जी20 शिखर सम्मेलन है जहां नेताओं के लिए इसे छोड़ने का कोई बड़ा भू-राजनीतिक या स्वास्थ्य कारण नहीं था, लेकिन कुछ परिस्थितियां इस तरह से हुईं कि 20 सदस्य देशों में से छह देशों के राष्ट्राध्यक्षों या शासनाध्यक्षों की बजाय उनके प्रतिनिधि नेताओं ने भाग लिया था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से, जी 20 का प्रत्यक्ष रूप से 16 शिखर सम्मेलनों और एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन (सऊदी अरब, 2020) का आयोजन हो चुका है। वर्ष 2009 और 2010 में दो-दो शिखर सम्मेलन हुए। इन 16 प्रत्यक्ष शिखर सम्मेलनों में से, 2008 और 2009 के पहले तीन शिखर सम्मेलनों को छोड़कर, 2010 से अब तक एक भी अवसर ऐसा नहीं आया जब कि इसमें प्रत्येक देश ने राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर भाग लिया हो।

जी 20 शिखर-सम्मेलन के इतिहास को देखें तो छह बार - 2010, 2011, 2012, 2013, 2016, 2017 में एक देश के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष ने भाग नहीं लिया। पांच बार 2010, 2014, 2015, 2018, 2019 में दो देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष नहीं आये। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद वर्ष 2022 में तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल नहीं हुए।

वर्ष 2021 में (यूक्रेन युद्ध से पहले, कोविड के बाद) छह देशों के शीर्ष नेता नहीं आए थे।

ऐसे नौ देश - कनाडा, जर्मनी, भारत, इटली, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन , अमेरिका , यूरोपीय संघ हैं जिन्होंने हमेशा हर शिखर-सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के स्तर पर शिरकत की है। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने 2018 से स्वयं भाग नहीं लिया है। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, रूस ने दो बार तथा चीन, फ्रांस, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका ने एक बार राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष की बजाय किसी अन्य प्रतिनिधि नेता को भेजा है। सऊदी अरब ने नौ बार निचले स्तर के प्रतिनिधि के साथ शिरकत की जिसमें 2017 में एक बार बिना पोर्टफोलियो वाले राज्य मंत्री की भागीदारी शामिल है।

जी 20 शिखर सम्मेलन 2023 इसी माह 9 और 10 तारीख को भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। अगला जी20 शिखर सम्मेलन अगले वर्ष ब्राजील में होगा।

### सीट शेयरिंग...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने कहा, ''जम्मू-कश्मीर में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस को भी वर्षों की प्रतिद्वंद्विता के बाद एक साथ आना मुश्किल हो सकता है।''

कांग्रेस पर अन्य दलों को समायोजित करने का भी दबाव है। बेंगलुरु और मुंबई की बैठकों के दौरान लालू प्रसाद यादव, डी राजा और उद्धव ठाकरे जैसे विपक्षी नेताओं ने कांग्रेस से उदारता दिखाने का आग्रह किया है। कई विपक्षी नेताओं के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन को आश्वासन दिया है कि कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेगी।

### सोनिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होने के बाद यहां पहुंची तो उन्हें हल्का बुखार हुआ इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908